CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 34°C
न्यूनतम : 22°C

हल्द्वानी, शनिवार 16 मई 2026 हल्द्वानी संस्करण: वर्ष 23 अंक 259 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 14 विक्रमी सम्वत् 2083 28 जिलकदा 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



अडानी के हित में मोदी ने किया अमेरिका के साथ व्यापार समझौता : राहुल गांधी पेज 2



पोलार्ड पर मैच फीस का 15 फीसदी जुर्माना खेल टाइम्स



दरगाह-ए-आलिया नजफ-ए-हिन्द आज भी एकता की मिसाल सम्पादकीय



भारत में दोनों देशों के बीच संवाद की मांग उठाने का स्वागतः अंद्राबी पेज 12

## संक्षिप्त समाचार

### नीट छात्र आत्महत्या मामले में सरकार की जवाबदेही तय हो : राहुल गांधी

**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता विपक्ष राहुल गांधी और कांग्रेस महासचिव एवं सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने लखीमपुर खीरी के छात्र ऋतिक मिश्रा की आत्महत्या को लेकर सरकार की जवाबदेही तय करने की मांग की है। श्री गांधी ने सोशल मीडिया पर कहा कि अब नहीं देनी प्रतियोगी परीक्षा-ये ऋतिक मिश्रा के आखिरी शब्द थे। तीसरी बार नीट की तैयारी कर रहे 21 वर्षीय छात्र परीक्षा रद्द होने के बाद मानसिक रूप से टूट गए। गोवा में भी एक अन्य नीट अभ्यर्थी ने आत्महत्या की है। ये बच्चे परीक्षा से नहीं हारे, इन्हें एक भ्रष्ट तंत्र ने मारा है।

### विदेश दौरे खर्च की जानकारी दें राहुल गांधी: रिजिजू

**नई दिल्ली।** केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी से उनके विदेश दौरे का ब्योरा और इस दौरान किए गए खर्च की जानकारी देने की अपील की है। श्री रिजिजू ने शुक्रवार को संवाददाताओं से बातचीत करते हुए कहा कि सांसदों को अपनी यात्रा के बारे में तीन सप्ताह पहले सूचना देना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि श्री गांधी की बिना सूचना के विदेश यात्रा गंभीर सवाल खड़ा करती है। प्रत्येक सांसद को अपनी विदेश यात्रा से तीन सप्ताह पहले लोकसभा और राज्यसभा सचिवालय को सूचित करना अनिवार्य है।

### वैश्विक संस्थाओं में सुधार विकल्प नहीं, बल्कि आवश्यकता

**नई दिल्ली।** भारत ने वैश्विक शासन संस्थाओं में तत्काल सुधारों की पुरजोर मांग करते हुए कहा है कि मौजूदा बहुपक्षीय व्यवस्था मौजूदा भू-राजनीतिक और आर्थिक वास्तविकताओं को प्रतिबिबित नहीं करती। विदेश मंत्री डा. एस. जयशंकर ने शुक्रवार को यहां ब्रिक्स देशों के विदेश मंत्रियों की दो दिन की बैठक के दूसरे और अंतिम दिन वैश्विक शासन और बहुपक्षीय प्रणाली में सुधार विषय पर खुले सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि ये सुधार विकल्प नहीं, बल्कि आवश्यकता है।

### स्वदेशी मानव रहित प्रणाली विकसित करने में देरी ठीक नहीं : वायुसेना प्रमुख

**नई दिल्ली।** वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने भविष्य के युद्धों में स्वायत्त प्रणालियों, नवाचार की गति और समेकित संचालन की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर देते हुए कहा है कि भारत के लिए स्वदेशी मानव रहित प्रणाली विकसित करने में देरी करना ठीक नहीं है और उसे स्केलेबल ड्रोन और ड्रोन रोधी क्षमताओं का जल्द से जल्द निर्माण करना चाहिए। वायुसेना प्रमुख ने शुक्रवार को यहां सेंटर फॉर एयरोस्पेस पावर स्टडीज और आईएमआर द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित अनमैंड एरियल सिस्टम्स और काउंटर-अनमैंड एरियल सिस्टम्स सेमिनार में कहा कि ड्रोन अब कोई भविष्य की कल्पना नहीं बल्कि आधुनिक युद्ध को आकार देने वाली वास्तविकता बन गए हैं।

# भारत में पांच अरब डॉलर निवेश करेगा संयुक्त अरब अमीरात

अबू धाबी, वार्ता



- दोनों देशों ने ऊर्जा, रक्षा, जहाजरानी और सुपर कंप्यूटर सहित छह क्षेत्रों में सहयोग के समझौते किए
- पीएम मोदी व राष्ट्रपति मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान ने समझौतों पर हस्ताक्षर किए

**संयुक्त अरब** अमीरात (यूएई) ने भारत में पांच अरब डॉलर के निवेश की घोषणा की है इसके अलावा दोनों देशों ने ऊर्जा, रक्षा, जहाजरानी और सुपर कंप्यूटर सहित छह क्षेत्रों में सहयोग के समझौते किए हैं।

शुक्रवार सुबह यूएई की संक्षिप्त यात्रा पर पहुंच पीएम मोदी ने राष्ट्रपति मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान के साथ शिष्टमंडल स्तर की और द्विपक्षीय वार्ता की जिसके बाद इन समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने बताया कि दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय साझेदारी को और मजबूत करने पर चर्चा की। उन्होंने ऊर्जा, व्यापार और निवेश, समुद्री अर्थव्यवस्था, तकनीकी क्षेत्र जिसमें फिनटेक शामिल है, रक्षा और लोगों के बीच परस्पर संबंधों पर विस्तार से बात की। उन्होंने पश्चिम एशिया के घटनाक्रम और अन्य वैश्विक मुद्दों पर भी अपने दृष्टिकोण साझा किए। मोदी ने यूएई पर हाल के हमलों और इसकी संप्रभुता तथा क्षेत्रीय अखंडता का उल्लंघन करने के प्रयासों की कड़ी निंदा की। दोनों नेताओं ने शांति, स्थिरता व समृद्धि के प्रति अपनी साझा प्रतिबद्धता को दोहराया।

## भारतीय जहाज पर हमले की यूएई ने की निंदा

**अबूधाबी।** भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शुक्रवार को अबू धाबी दौरे से ठीक पहले संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने ओमान तट के पास भारतीय ध्वज वाले एक जहाज पर हुए हमले की कड़ी निंदा की है।

यूएई ने इसे आतंकी हमला और अंतर्राष्ट्रीय समुद्री सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा बताया साथ ही भारत के साथ पूरी एकजुटता की बात कही है। यूएई के विदेश मंत्रालय (एमओएफए) ने अपने आधिकारिक बयान में कहा कि ओमान के समुद्री क्षेत्र के पास भारतीय जहाज पर हुआ हमला खतरनाक उकसावा है, जिसका उद्देश्य अहम समुद्री रास्तों की स्थिरता को नुकसान पहुंचाना है। मंत्रालय ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय व्यापारिक जहाजों को निशाना बनाना पूरी तरह अस्वीकार्य है और इससे वैश्विक समुद्री सुरक्षा पर गंभीर असर पड़ सकता है। यूएई ने भारत को भरोसा दिलाया कि वह भारतीय जहाजों और समुद्री हितों की सुरक्षा के लिए उठाए जाने वाले हर कदम का समर्थन करेगा। बयान में कहा गया कि यह हमला संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के उस प्रस्ताव का उल्लंघन है, जिसमें अंतर्राष्ट्रीय समुद्री मार्गों की स्वतंत्र आवाजाही सुनिश्चित करने की बात कही गई है।

### भोजशाला को हाईकोर्ट ने माना मंदिर

**नई दिल्ली/धार।** धार स्थित भोजशाला परिसर विवाद मामले में हिंदू पक्ष ने सुप्रीम कोर्ट में कैविएट याचिका दायर की। याचिका में मांग की गई है कि मध्य प्रदेश हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ दायर होने वाली किसी भी अपील पर हिंदू पक्ष को सुने बिना कोई आदेश पारित न किया जाए। यह कैविएट जितेंद्र सिंह 'विशेन' की ओर से अधिवक्ता बरुण कुमार सिन्हा के माध्यम से दाखिल की गई। याचिका में कहा गया है कि उपरोक्त मामले में हस्ताक्षरकर्ता को नोटिस दिए बिना कोई आदेश पारित न किया जाए।

# पेट्रोल-डीजल तीन-तीन रुपये महंगा, सीएनजी के भी दाम बढ़े

## डेढ़ साल में पहली बार पेट्रोल और डीजल के दाम बढ़ाए गए

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** तेल विपणन कंपनियों ने शुक्रवार को पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी कर दी। साथ ही राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली और आसपास के शहरों में सीएनजी भी महंगी हो गई है।

देश की सबसे बड़ी तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन से प्राप्त जानकारी के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में शुक्रवार से गैर-ब्रांडेड डीजल 90.67 रुपये प्रति लीटर हो गया है। पहले इसकी कीमत 87.67 रुपये प्रति लीटर थी। इसी प्रकार एक लीटर पेट्रोल की कीमत तीन रुपये बढ़ाकर 97.77 रुपये कर दी गई है। डेढ़ साल में पहली बार पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ाए गए हैं। पिछली बार 30 अक्टूबर 2024 को दोनों जीवाश्म ईंधनों के दाम बढ़ाए गए थे। राष्ट्रीय राजधानी और आसपास के शहरों में गैस की आपूर्ति करने वाली इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड (आईजीएल) ने भी शुक्रवार से सीएनजी के दाम दो रुपये प्रति किलोग्राम बढ़ाने की घोषणा की है। दिल्ली में एक किलोग्राम सीएनजी 79.09 रुपये का हो गया है। पहले इसकी कीमत 77.09 रुपये थी। दिल्ली के साथ ही आईजीएल ने नोएडा, गाजियाबाद, मुजफ्फरनगर, मेरठ, शामली, गुरुग्राम, रेवाड़ी, करनाल, कैथल, कानपुर, हमीरपुर, फतेहपुर, अजमेर पाली, राजसमंद, महोबा, बांदा, चित्रकूट, हापुड़, गौतमबुद्धनगर और ग्रेटर नोएडा में भी सीएनजी की कीमत दो रुपये बढ़ा दी है। इससे पहले एक अप्रैल से आईजीएल ने पीएनजी की कीमतों में 1.70 रुपये प्रति मानक घन मीटर की वृद्धि की थी। पश्चिम एशिया संकट के कारण अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दाम बढ़ने से तेल विपणन कंपनियों पर पेट्रोल-डीजल की कीमत बढ़ाने का दबाव था।



महंगी हो सकती हैं रोजमर्रा की जरूरत की चीजें

### ईंधन के दाम बढ़ाने पर कांग्रेस का मोदी पर तीखा हमला

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने पेट्रोल, डीजल और सीएनजी के दाम बढ़ाए जाने को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर तीखा हमला करते हुए आरोप लगाया कि चुनाव खत्म होते ही उनकी सरकार ने जनता से 'वसूली' शुरू कर दी है।कांग्रेस ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया पेज एक्स पर शुक्रवार को एक पोस्ट में श्री मोदी पर हमला करते हुए लिखा कि महंगाई मैन मोदी ने आज फिर जनता पर हंटर चलाया। पेट्रोल और डीजल तीन-तीन रुपये महंगा कर दिया गया। वहीं, सीएनजी के दाम भी दो रुपये बढ़ा दिए गए। चुनाव खत्म, मोदी की वसूली शुरू। पार्टी ने आरोप लगाया कि सरकार महंगाई पर नियंत्रण करने में विफल रही है और आम जनता पर लगातार आर्थिक बोझ बढ़ाया जा रहा है।

# सुप्रीम कोर्ट स्टाफ को दो दिन का वर्क फ्रॉम होम

शाह टाइम्स ब्यूरो

- शीर्ष अदालत ने किया कार्यप्रणाली में बड़ा बदलाव
- जज कार पूलिंग करके कोर्ट जाएंगे, पीएम की अपील का असर

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कार्यप्रणाली में बड़ा बदलाव करते हुए आधुनिक और पर्यावरण-अनुकूल व्यवस्था लागू करने का निर्णय लिया है। अदालत ने सोमवार और शुक्रवार को मामलों की सुनवाई केवल वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से करने का फैसला किया है।

सुप्रीम कोर्ट द्वारा जारी निर्देश के अनुसार, अब सभी मिसलेनियस डेज यानी सोमवार, शुक्रवार और अन्य निर्धारित दिनों में मामलों की सुनवाई केवल वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से होगी। इस फैसले के तहत कोर्ट ने रजिस्ट्री को यह सुनिश्चित करने के लिए कहा है कि वीडियो लिंक समय पर भेजे जाएं और तकनीकी सहायता सुचारू रूप से उपलब्ध रहे, ताकि किसी भी पक्ष को परेशानी न हो। कोविड-19 महामारी के बाद से शुरू हुई डिजिटल सुनवाई को अब एक स्थायी और व्यवस्थित ढांचे में शामिल किया जा रहा है। सुप्रीम कोर्ट के सभी न्यायाधीशों ने सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया है कि आपस में कार-पूलिंग व्यवस्था को बढ़ावा दिया जाएगा, ताकि ईंधन की खपत को कम किया जा सके और संसाधनों का बेहतर उपयोग हो।

### बेरोजगार युवा कॉकरोच जैसेः सीजेआई

**नई दिल्ली।** चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने एक मामले की सुनवाई के दौरान देश के बेरोजगार युवाओं को कॉकरोच कहा। कुछ बेरोजगार युवा कॉकरोच जैसे होते हैं, जो बाद में मीडिया, सोशल मीडिया या आरटीआई एक्टिविस्ट बनकर सिस्टम पर हमला करने लगते हैं। सीजेआई और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने एक वकील की याचिका पर सुनवाई की, जिसमें उसने सीनियर एडवोकेट का दर्जा पाने मांग की थी। बेंच ने वकील को फटकार लगाते हुए कहा कि समाज में पहले से ही पैरासाइट (परजीवी) हैं, जो सिस्टम पर हमला करते हैं।

# नीट-यूजी की 21 जून को दोबारा होगी परीक्षाः शिक्षा मंत्री

शाह टाइम्स ब्यूरो

- अगले वर्ष से नीट परीक्षा ओएमआर शीट के बजाय कंप्यूटर आधारित मोड में होगी

**नई दिल्ली।** शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने घोषणा की है कि नीट-यूजी की दोबारा परीक्षा 21 जून को आयोजित की जाएगी और छात्रों को 14 जून तक प्रवेश पत्र जारी कर दिए जाएंगे।

श्री प्रधान ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि अगले वर्ष से नीट परीक्षा ओएमआर शीट के बजाय कंप्यूटर आधारित मोड में कराई जाएगी। साथ ही इस बार दोबारा परीक्षा देने वाले छात्रों को अपनी सुविधा के अनुसार परीक्षा शहर चुनने के लिए एक सप्ताह का समय दिया जाएगा, ताकि उन्हें यात्रा और अन्य परेशानियों का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि तीन मई को आयोजित परीक्षा के बाद सात मई को कुछ शिकायतें सामने आई थीं, जिसके बाद सरकार ने तत्काल जांच शुरू कर दी। जांच में 12 मई तक यह स्पष्ट हो गया कि गेस पेपर के नाम पर असली प्रश्नपत्र के सवाल बाहर पहुंचे थे।

### नीट-यूजीः सीबीआई ने मास्टरमाइंड पीवी कुलकर्णी को किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने शुक्रवार को नीट यूजी 2026 पेपर लीक मामले में कथित मास्टरमाइंड पीवी कुलकर्णी को गिरफ्तार किया है। लातूर का रहने वाला पीवी कुलकर्णी पुणे में रसायन विज्ञान का शिक्षक है। वह नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) की ओर से परीक्षा प्रक्रिया में शामिल था, जिसके कारण उसकी पहुंच सीधे प्रश्नपत्रों तक थी। सीबीआई का आरोप है कि आरोपी ने पुणे में विशेष कोचिंग क्लासेस चलाकर छात्रों को लीक हुए सवाल और उनके जवाब बताए थे। मामले की जांच के दौरान एजेंसी ने देशभर में कई स्थानों पर छापेमारी भी की, जहां से इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस और अहम दस्तावेज जब्त किए गए हैं।

# कुलदीप सेंगर को सुप्रीम झटका

शाह टाइम्स ब्यूरो



- दिल्ली हाईकोर्ट का उम्रकैद निलंबन का फैसला किया रद्द

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने उन्नाव दुष्कर्म मामले में एक महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। शीर्ष अदालत ने दिल्ली हाईकोर्ट के उस आदेश को रद्द कर दिया है, जिसमें पूर्व विधायक कुलदीप सिंह सेंगर की आजीवन कारावास की सजा निलंबित की गई थी।

यह मामला 2017 के उन्नाव दुष्कर्म से जुड़ा है। दिल्ली हाईकोर्ट ने सेंगर को अंतरिम जमानत देते हुए सजा निलंबित कर दी थी। केंद्रीय जांच ब्यूरो ने इस फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में अपील दायर की थी। सुप्रीम कोर्ट ने पहले केंद्रीय जांच ब्यूरो की अपील पर हाई कोर्ट के आदेश पर रोक लगा दी थी। अब शीर्ष अदालत ने हाईकोर्ट के आदेश को पूरी तरह से रद्द कर दिया है। यह फैसला दुष्कर्म पीड़िता के लिए न्याय की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। कुलदीप सिंह सेंगर को 2019 में इस मामले में दोषी ठहराया गया था। उन्हें आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी। यह मामला देश भर में काफी चर्चा में रहा था।

# मानसून 26 मई को तय समय से पांच दिन पहले केरलम पहुंचेगा

शाह टाइम्स ब्यूरो

- महाराष्ट्र के 4 शहरों में पारा 45 डिग्री के पार
- राजस्थान का फलोदी सबसे गर्म रहा

**नई दिल्ली।** मौसम विभाग ने शुक्रवार को बताया कि मानसून केरलम में 26 मई को दस्तक दे सकता है। आमतौर पर मानसून 1 जून के आसपास केरल पहुंचता है, फिर देश के दूसरे हिस्सों को कवर करने के लिए उत्तर की ओर बढ़ता है। पिछले साल मानसून 24 मई को आया था। 2025 में सामान्य से 8 फीसदी ज्यादा बारिश हुई थी।

30 सितम्बर 2025 को मौसम विभाग (आईएमडी) ने बताया था कि पूरे देश में सामान्य से 8 प्रतिशत अधिक बारिश (937.2 मिमी) दर्ज की गई। आईएमडी चीफ मृत्युंजय महापात्रा ने इसे बहुत सफल सीजन बताया था। हालांकि देश के कई हिस्सों में अभी भी बारिश जारी है। यूपी में बुधवार को आंधी और बारिश ने जमकर तबाही मचाई। राज्य में 111 लोगों की मौत हो गई। सबसे ज्यादा 21 मौतें प्रयागराज और 17 मौतें भदोही में हुईं। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने भी इन मौतों पर दुख जताया। उधर देश का आधे से ज्यादा हिस्सा हीटवेव की चपेट में है। महाराष्ट्र, राजस्थान, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश के कई शहरों में गुरुवार को तापमान 40 डिग्री के पार दर्ज किया गया। महाराष्ट्र का अकोला 45.9 डिग्री के साथ देश में सबसे गर्म रहा। जलगांव, वर्धा और अमरावती में भी पारा 45 डिग्री के ऊपर दर्ज हुआ। राजस्थान के फलोदी में तापमान 45.2डिग्री, जैसलमेर और बाड़मेर में 45.1डिग्री रिकॉर्ड हुआ। श्रीगंगानगर में 44.8 डिग्री और जोधपुर में 44 डिग्री पारा रहा। जयपुर, बीकानेर और नागौर में दिनभर हीटवेव जैसे हालात रहने के बाद शाम को बारिश हुई। इससे गर्मी से थोड़ी राहत मिली।



# पूर्व विधायक विजय मिश्रा, पत्नी व बेटे को 10-10 साल की कैद

- बहू रूपा मिश्रा को चार साल कैद की सजा

**भदोही।** सपा व निषाद पार्टी के पूर्व विधायक विजय मिश्रा समेत उनकी पत्नी रामलली और बेटे विष्णु मिश्रा को कोर्ट ने 10-10 साल की कैद की सजा सुनाई है। वहीं उनकी बहू रूपा मिश्रा को चार साल कैद की सजा मिली है।

एमपी-एमएलए की अदालत ने संपत्ति हड़पने के मामले में शुक्रवार को अहम फैसला सुनाया। पूर्व विधायक की पत्नी और उनकी बहू को पहली बार किसी मामले में सजा हुई है। कोर्ट ने गुरुवार को ही सुनवाई करते हुए फैसला सुरक्षित रख लिया था। ज्ञानपुर विधानसभा के पूर्व विधायक विजय मिश्रा मिश्रा की मुश्किलें लगातार बढ़ती जा रही है। बुधवार को ही प्रयागराज हाईकोर्ट में एमपी-एमएलए कोर्ट ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है।

CMYK

## संक्षिप्त समाचार

### सीबीआई ने बैंक घोटाले मामले में हरियाणा के कई ठिकानों में छापे मारे

**नई दिल्ली।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने शुक्रवार को हरियाणा बैंक घोटाला मामले में चंडीगढ़ और पंचकूला में कई स्थानों पर छापेमारी की है। आईडीएफसी फर्स्ट बैंक और एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक से जुड़े इस मामले में सरकारी धन की हेराफेरी के लिए वित्तीय रिकॉर्ड और डिजिटल साक्ष्य जब्त किए गए हैं, जिसमें अब तक 16 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। गौरतलब है कि हरियाणा सरकार ने जांच के लिए यह मामला सीबीआई को सौंप दिया था। आईडीएफसी फर्स्ट बैंक और एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक के कुछ अधिकारियों ने हरियाणा सरकार के अलग-अलग विभागों के सरकारी कर्मचारियों के साथ मिलकर धोखाधड़ी से सरकारी धन का गलत इस्तेमाल किया था। सात जगहों पर तलाशी ली गई, जिनमें रहने की जगहें, ज्वैलर्स के बिजनेस/शोरूम, गलत इस्तेमाल किए गए सरकारी धन के संदिग्ध लाभार्थियों की जगहें और जांच से जुड़ी दूसरी निजी संस्थाएं शामिल हैं।

### विदेशी मुद्रा भंडार 6.29 अरब डॉलर बढ़ा

**मुंबई।** स्वर्ण भंडार में तेज उछाल के कारण देश का विदेशी मुद्रा भंडार 8 मई को समाप्त सप्ताह में 6.295 अरब डॉलर बढ़कर सप्ताहांत पर 696.988 अरब डॉलर पर रहा। इससे पहले 01 मई को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 7.79 अरब डॉलर घटकर 690.693 अरब डॉलर रहा था। रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार 8 मई को समाप्त सप्ताह में स्वर्ण भंडार 5,637 अरब डॉलर बढ़कर 120.853 अरब डॉलर पर पहुंच गया।

## उत्तर प्रदेश में आंधी-बारिश के बाद बढ़ेगी गर्मी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ मौसम विभाग ने आगामी दिनों में भीषण गर्मी और लू चलने की चेतावनी जारी की

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में शुक्रवार को कई स्थानों पर आंधी, गरज-चमक और बारिश की संभावना के बीच मौसम विभाग ने आगामी दिनों में भीषण गर्मी और लू चलने की चेतावनी जारी की है। मौसम विभाग के अनुसार 18 और 19 मई को प्रदेश के कई हिस्सों में उष्ण लहर से लेकर अत्यधिक उष्ण लहर चल सकती है।

मौसम केंद्र लखनऊ द्वारा जारी दैनिक मौसम पूर्वानुमान बुलेटिन के अनुसार 15 मई को पश्चिमी और पूर्वी उत्तर प्रदेश के कुछ स्थानों पर गरज-चमक के साथ बारिश और बौछारें पड़ने की संभावना है। इस दौरान 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से तेज झोंकेदार हवाएं चल सकती हैं, जिनकी गति बढ़कर 60 किलोमीटर प्रति घंटा तक पहुंच सकती है। साथ ही मेघगर्जन और वज्रपात की भी आशंका जताई गई है। मौसम विभाग के अनुसार 16 मई से प्रदेश में मौसम मुख्य रूप से शुष्क रहने लगेगा। हालांकि दक्षिणी क्षेत्रों में कहीं-कहीं लू चलने की संभावना बनी रहेगी। 17 मई को भी प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में उष्ण लहर का असर देखने को मिल सकता है। बुलेटिन के मुताबिक 18 और 19 मई को पश्चिमी तथा पूर्वी उत्तर प्रदेश के कई इलाकों में उष्ण लहर से अत्यधिक उष्ण लहर की स्थिति बन सकती है। मौसम विभाग ने लोगों को दोपहर के समय अत्यधिक सतर्क रहने और अनावश्यक रूप से धूप में बाहर न निकलने की सलाह दी है। 20 और 21 मई को पश्चिमी उत्तर प्रदेश में मौसम शुष्क रहने का अनुमान है, जबकि पूर्वी उत्तर प्रदेश के कुछ स्थानों पर गरज-चमक के साथ हल्की बारिश हो सकती है। इन दिनों दक्षिणी क्षेत्रों में कहीं-कहीं लू चलने की संभावना बनी रहेगी। मौसम विभाग ने लोगों से आंधी और वज्रपात के दौरान खुले स्थानों में न रुकने, पेड़ों के नीचे शरण न लेने तथा बिजली उपकरणों से दूरी बनाए रखने की अपील की है। साथ ही गर्मी और लू से बचाव के लिए पर्याप्त पानी पीने और धूप से बचने की सलाह दी गई है।

## योग्य हाथों में है एनटीए की कमान: प्रधान

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ हर साल करीब एक करोड़ छात्रों की परीक्षाएं सफलतापूर्वक कराती है एजेंसी: केंद्रीय शिक्षा मंत्री

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने शुक्रवार को कहा कि राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) की कमान योग्य हाथों में है और वह हर साल करीब एक करोड़ छात्रों की परीक्षाएं सफलतापूर्वक कराती है।

प्रधान ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि एनटीए की कमान योग्य हाथों में है। यह एजेंसी शीर्ष न्यायालय की सिफारिशों पर बनी है और हर साल करीब एक करोड़ छात्रों की परीक्षाएं सफलतापूर्वक कराती है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि सरकार भविष्य में एनटीए की परीक्षाओं में जीरो एरर सुनिश्चित करेगी। उन्होंने माना कि एनटीए में सुधार की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि अभी तक की जांच में सामने आया है कि कुछ ऐसे सवाल पेपर में आए थे, जो पहले से प्रसारित गेस पेपर से मिलते-जुलते थे। इसी वजह से परीक्षा की पारदर्शिता बनाए रखने के लिए दोबारा परीक्षा कराने का निर्णय लिया गया। उन्होंने कहा कि सरकार की नीति 'कदाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस' की है। परीक्षा माफिया, असामाजिक तत्व और तकनीक के जरिए फैलाए जा रहे भ्रम आज बड़ी चुनौती बन चुके हैं। उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि परीक्षा रद्द होने के बाद देशभर में छात्रों और अभिभावकों के बीच अलग-अलग प्रतिक्रियाएं आई है, लेकिन सरकार सभी पक्षों को ध्यान में रखते हुए समाधान निकालने के लिए प्रतिबद्ध है। शिक्षा मंत्री ने कहा कि कि नीट-यूजी की दोबारा परीक्षा 21 जून को आयोजित की जाएगी और छात्रों को 14 जून तक प्रवेश पत्र जारी कर दिए जाएंगे। अगले वर्ष से नीट परीक्षा ओएमआर शीट के बजाय कंप्यूटर आधारित मोड में कराई जाएगी। साथ ही इस बार दोबारा परीक्षा देने वाले छात्रों को अपनी सुविधा के अनुसार परीक्षा शहर चुनने के लिए एक सप्ताह का समय दिया जाएगा, ताकि उन्हें यात्रा और अन्य परेशानियों का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि गत 3 मई को आयोजित परीक्षा के बाद 7 मई को कुछ शिकायतें सामने आई थीं, जिसके बाद सरकार ने तत्काल जांच शुरू कर दी।

## ज्वेलरी कारोबार को बचाने को राहत पैकेज दे सरकार

**नई दिल्ली, वार्ता**



कांग्रेस ने पीएम नरेन्द्र मोदी के सोने के गहने नहीं खरीदने की सलाह और केंद्र सरकार द्वारा सोने-चांदी पर आयात शुल्क बढ़ाने के फैसले को ज्वेलरी उद्योग पर हमला बताते हुए सरकार से 3.5 करोड़ से अधिक सुनारों, स्वर्णकारों, कारीगरों और छोटे कारोबारियों के लिए विशेष आर्थिक राहत पैकेज देने की मांग की है।

कांग्रेस महासचिव एवं सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला ने शुक्रवार को कहा कि मोदी की ओर से सोने के गहने नहीं खरीदने की अपील तथा सरकार के सोने और चांदी पर आयात शुल्क छह प्रतिशत से बढ़ाकर 15 प्रतिशत करने से ज्वेलरी क्षेत्र पर गंभीर संकट आ गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि इससे 3.5 करोड़ से अधिक सुनारों, स्वर्णकारों, दुकानदारों, व्यापारियों, कारीगरों और कामगारों की आजीविका प्रभावित होने वाली है। उन्होंने कहा कि देश में स्वर्ण आभूषण सांस्कृतिक, सामाजिक और धार्मिक परंपराओं का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं और करोड़ों महिलाओं के लिए आर्थिक सुरक्षा का माध्यम भी हैं। यह देश में 90 प्रतिशत से अधिक ज्वेलरी कारोबार एमएसएमई क्षेत्र से जुड़ा है, जिससे करोड़ों लोगों की रोजी-रोटी चलती है। सुरजेवाला ने आरोप लगाया कि सोने के गहने नहीं खरीदने की सलाह और आयात शुल्क में बढ़ोतरी से ज्वेलरी कारोबार पर दोहरी मार पड़ेगी तथा इससे तस्करी बढ़ने की आशंका भी है।

### प्रमुख विपक्षी दल ने बनाया देश में उत्पन्न ईंधन समस्या को मुद्दा

## मोदी सरकार निर्मित है देश का ईंधन संकट: कांग्रेस

**नई दिल्ली।**



■ आर्थिक संकट की बड़ी वजह मोदी सरकार में नेतृत्व संकट, दूरदर्शिता का अभाव: मल्लिकार्जुन खड़गे

■ ईंधन मूल्य वृद्धि पर प्रमोद तिवारी का मोदी सरकार पर हमला, कहा- आम आदमी की जेब पर डाका

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने देश में उत्पन्न ईंधन समस्या को मोदी सरकार निर्मित संकट करार दिया और कहा कि इसके लिए सरकार में बैठे लोगों में दूरदर्शिता का अभाव तथा उनकी अक्षमता जिम्मेदार है।

खड़गे ने शुक्रवार को यहां कहा कि देश की जनता को यह समझना होगा कि वैश्विक ईंधन संकट के साथ-साथ भारत में आर्थिक संकट की बड़ी वजह मोदी सरकार में नेतृत्व संकट, दूरदर्शी सोच का अभाव और अयोग्यता है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस संकट का खामियाजा जनता को पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस के बढ़े दामों के रूप में अपनी जेब से भुगतना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि डीजल की कीमतों में वृद्धि का महंगाई पर व्यापक प्रभाव होता है और इससे पूरे देश में महंगाई की श्रृंखलाबद्ध मार पड़ती है, जिसका असर उद्योगों, किसानों और घरेलू बजट पर होता है। कांग्रेस अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि पश्चिम एशिया में युद्ध शुरू होने के समय सरकार ने स्थिति को सामान्य बताने का प्रयास किया और कांग्रेस पार्टी द्वारा उठाए गए वाजिब सवालों को खारिज किया है। उनका कहना था कि रूस से तेल खरीद को लेकर मार्च में अमेरिका ने 30 दिन की छूट की 'अनुमति' देने जैसे अपमानजनक शब्दों का इस्तेमाल किया। उन्होंने सवाल किया कि आखिर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश को ऐसी स्थिति में क्यों पहुंचा दिया कि भारत को अनुमति मांगनी पड़े। खड़गे ने कहा कि चुनाव के दौरान केंद्र सरकार यह संदेश देती रही कि सब कुछ सामान्य है, लेकिन अब संकट बढ़ने पर प्रधानमंत्री लोगों को घर से काम करने और ईंधन बचाने की सलाह दे रहे हैं।

### अडानी के हित में मोदी ने किया अमेरिका के साथ व्यापार समझौता : राहुल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने अमेरिका के साथ व्यापार समझौते के मुद्दे को उठाते हुए एक बार फिर आरोप लगाया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यह समझौता अपने उद्योगपति मित्र अडानी को बचाने के लिए किया है। गांधी ने शुक्रवार को सोशल मीडिया एक्स पर व्यापार करार को उद्योगपति अडानी के हित में लिया गया समझौता बताया और मोदी पर समझौतावादी होने का आरोप लगाते हुए कहा कि कोम्प्रोमाईड पीएम ने व्यापार समझौता नहीं, अडानी की रिहाई का सौदा किया। इस बीच कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने कहा कि अब यह स्पष्ट हो गया है कि प्रधानमंत्री ने भारत-अमेरिका के बीच उस बेहद निराशाजनक और एकतरफा ट्रेड 'डील' को क्यों स्वीकार किया, जो वास्तव में अमेरिका के पक्ष में एकतरफा सौदा था।

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010


# बिज़नेस-टाइम्स

सेंसेक्स 74559.24
निफ्टी 23379.55

सोना 151954 प्रति 10 ग्राम
चांदी 267820 प्रति किलो

## सप्ताह के अंतिम दिन शेयर बाजार में गिरावट दर्ज हुई

**मुंबई, वार्ता**



विदेशों से मिले नकारात्मक संकेतों और रुपये में जारी नरमी के बीच शुक्रवार को घरेलू शेयर बाजार शुरुआती तेजी खोते हुए गिरावट के साथ बंद हुए। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 160.73 अंक (0.21 प्रतिशत) नीचे 75,237.99 अंक पर रहा।

सुबह बाजार में तेजी थी और एक समय यह 472 अंक तक चढ़ गया था। हालांकि बाद में बिकवाली के जोर पकड़ने से सेंसेक्स लाल निशान में चला गया। रुपये में जारी गिरावट से भी बाजार में निवेश धारणा प्रभावित हुई। रुपया आज पहली बार 96.50 प्रति डॉलर के पार लुढ़क गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक 46.10 अंक यानी 0.19 फीसदी गिरकर 23,643.50 अंक पर बंद हुआ। पिछले दो दिन बाजार में तेजी रही थी। वृहत बाजार में ज्यादा गिरावट देखी गई। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.49 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.61 प्रतिशत फिसल गया। धातु, तेल एवं गैस, बैंकिंग और वित्तीय कंपनियों ने बाजार पर दबाव बनाया। वहीं आईटी, मीडिया और एफएमसीजी समूहों में तेजी रही। एनएसई में जिन 3,366 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ उनमें से 2,027 के शेयर टूट गए, जबकि 1,215 कंपनियों के शेयरों में तेजी रही। अन्य 124 कंपनियों के शेयर अंततः अपरिवर्तित रहे। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 16 के शेयर लाल निशान में रहे। टाटा स्टील में सबसे अधिक 1.97 प्रतिशत की गिरावट देखी गई। इटरनल का शेयर 1.93 प्रतिशत, रिलायंस इंडस्ट्रीज का 1.87, अल्ट्राटेक सीमेंट का 1.83, भारतीय स्टेट बैंक का 1.69, महिंद्रा एंड महिंद्रा का 1.56 और बीईएल का 1.22 प्रतिशत नीचे बंद हुआ।

### रुपया पहली बार 96 प्रति डॉलर के पार लुढ़का

**मुंबई।** अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपये की गिरावट शुक्रवार को भी जारी रही और यह पहली बार 96 रुपये प्रति डॉलर के पार उतर गया। पिछले कारोबारी दिवस पर भारतीय मुद्रा 95.64 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुई थी। आज यह 22 पैसे लुढ़ककर 95.86 रुपये प्रति डॉलर पर खुली और दोपहर बाद 96.14 रुपये प्रति डॉलर तक टूट गई। यह पहला मौका है जब एक डॉलर 96 रुपये के पार निकला है। इससे पहले, बीच कारोबार में रुपये का निचला स्तर 95.96 प्रति डॉलर रहा था। भारतीय मुद्रा खबर लिखे जाते समय 33 पैसे नीचे 95.97 रुपये प्रति डॉलर पर थी। ए अनंतिम आंकड़े हैं। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में तेजी से रुपये पर दबाव रहा। कच्चे तेल का मानक ब्रेंट क्रूड वायदा फिलहाल 3.65 प्रतिशत चढ़कर 109.58 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया है। दुनिया की अन्य प्रमुख मुद्राओं के बास्केट में डॉलर सूचकांक में 0.3 प्रतिशत से ज्यादा की तेजी ने भी रुपये की गिरावट में योगदान दिया है।

## चावल, दालों में तेजी, खाद्य तेलों में रही घट-बढ़

**नई दिल्ली, वार्ता**



घरेलू थोक जिंस बाजारों में शुक्रवार को चावल का औसत भाव बढ़ गया। चावल के साथ दालों में भी तेजी देखी गई। गेहूं और चीनी में टिकाव रहा जबकि खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 18 रुपये बढ़कर 3,867 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गई।

गेहूं 2,787 रुपये प्रति क्विंटल पर लगभग स्थिर रहा। आटा तीन रुपये प्रति क्विंटल फिसल गया। दाल-दलहनों में मसूर दाल की औसत कीमत 20 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। तुअर दाल 19 रुपये और उड़द दाल 17 रुपये महंगी हुई। मूंग दाल भी पांच रुपये ऊपर रहा। चना दाल की कीमत पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिकी रही। मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जुलाई वायदा 24 रिंगिट चढ़कर 4,417 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। जुलाई का अमेरिकी सोया तेल वायदा भी 0.29 प्रतिशत की तेजी के साथ 73.87 सेंट प्रति पौंड के भाव बोला गया। स्थानीय बाजारों में मूंगफली तेल की औसत कीमत 58 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। वनस्पति पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर ही टिका रहा। वहीं पाम ऑयल 80 रुपये और सोया तेल 66 रुपये सस्ता हुआ। सूरजमुखी तेल की कीमत 35 रुपये और सरसों तेल की 29 रुपये गिर गई। मीठे के बाजार में आज गुड़ का औसत भाव पांच रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गया। चीनी की कीमत गत दिवस से स्तर पर ही पड़ी रही।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना
खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीज़ादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

## स्मार्ट प्रीपेड मीटरों की जांच को लेकर उपभोक्ता परिषद ने उठाए सवाल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में स्मार्ट प्रीपेड मीटरों की गुणवत्ता जांच को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष एवं केंद्र सरकार की ऊर्जा क्षेत्र की सर्वोच्च संवैधानिक संस्था सेंट्रल एडवाइजरी कमेटी के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने नेशनल एक्रीडिटेशन बोर्ड फॉर टेस्टिंग एंड कैलिब्रेशन लेबोरेट्रीज (एनएबीएल) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी को विस्तृत शिकायत भेजकर मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड की हाईटेक लैब पर गंभीर आरोप लगाए हैं।

उन्होंने आरोप लगाया कि मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड की हाईटेक लैब को स्मार्ट प्रीपेड मीटरों के भारतीय मानक आईएस 16444 के अंतर्गत परीक्षण का लाइसेंस प्राप्त नहीं है, इसके बावजूद प्रदेश में स्मार्ट प्रीपेड मीटरों की जांच इसी लैब के माध्यम से कराई जा रही है। उपभोक्ता परिषद के अनुसार मध्यांचल विद्युत वितरण निगम की ओर से जारी एक प्रेस नोट में दावा किया गया था कि उसकी हाईटेक लैब भारतीय मानक आईएस 13779, आईएस 14697 और आईएस 16444 के अनुरूप स्मार्ट मीटरों के एक्सेप्टेंस टेस्ट के लिए अधिकृत है। हालांकि परिषद द्वारा एनएबीएल के लाइसेंस और स्कोप ऑफ एक्रीडिटेशन की जांच करने पर यह स्पष्ट हुआ कि लैब को आईएस 16444 के अंतर्गत स्मार्ट प्रीपेड मीटरों की जांच की मान्यता प्राप्त नहीं है। अवधेश कुमार वर्मा ने बताया कि इस संबंध में सभी साक्ष्यों सहित शिकायत प्रस्ताव एनएबीएल को भेजा गया था, जिस पर एनएबीएल ने शिकायत स्वीकार करते हुए समीक्षा प्रक्रिया शुरू करने की जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि इस मामले को लेकर उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग में भी लोकमहत्व प्रस्ताव दाखिल किया गया है। उनका कहना है कि स्मार्ट मीटरों के सामान्य परीक्षण अन्य मानकों के तहत हो सकते हैं, लेकिन स्मार्ट प्रीपेड मीटर के सबसे महत्वपूर्ण और संवेदनशील तकनीकी परीक्षण केवल वही प्रयोगशाला कर सकती है, जिसे आईएस 16444 के अंतर्गत विधिवत मान्यता प्राप्त हो। उन्होंने बताया कि वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने 14 जुलाई 2023 को स्मार्ट मीटरों के लिए गुणवत्ता नियंत्रण आदेश जारी किया था। इसके बाद अगस्त 2023 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी उच्च गुणवत्ता मानकों को सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया था।

### मोदी की अपील और आयात शुल्क बढ़ने से सर्राफा कारोबारियों में चिंता

**सहारनपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से सोने-चांदी और प्लेटिनम के आभूषणों की खरीद सीमित रखने की अपील तथा बहुमूल्य धातुओं पर आयात शुल्क में वृद्धि के बाद सहारनपुर समेत पश्चिमी उत्तर प्रदेश के सर्राफा बाजारों में कारोबार प्रभावित होने लगा है। कारोबारियों का कहना है कि पिछले तीन दिनों में ग्राहकों की संख्या में भारी कमी आई है, जिससे व्यापार से जुड़े लोगों के सामने आर्थिक संकट की आशंका गहरा गई है। सहारनपुर पश्चिमी उत्तर प्रदेश का प्रमुख सर्राफा बाजार माना जाता है। यहां स्थानीय ग्राहकों के अलावा पड़ोसी राज्यों से भी बड़ी संख्या में लोग आभूषण खरीदने पहुंचते हैं। अकेले सहारनपुर नगर में करीब ढाई सौ से तीन सौ सर्राफा प्रतिष्ठान संचालित हैं।

## ईंधनों के दाम बढ़ने से बढ़ेगी महंगाई राष्ट्र हित में था जरूरी: उद्योग जगत

**नई दिल्ली, वार्ता**

■ पेट्रोल-डीजल की कीमतों में तीन रुपये की बढ़ोतरी पहले से अपेक्षित थी

पेट्रोल, डीजल और सीएनजी के दाम शुक्रवार को बढ़ाए जाने पर उद्योग जगत का मानना है कि इससे रोजमर्रा की वस्तुओं की महंगाई बढ़ेगी, लेकिन पश्चिम एशिया संकट के मद्देनजर राष्ट्रहित में यह कदम उठाना जरूरी था। तेल विपणन कंपनियों ने आज से पेट्रोल और डीजल के दाम बढ़ा दिए हैं।

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में दोनों जीवाश्म ईंधनों के दाम तीन-तीन रुपये बढ़े हैं। दिल्ली और आसपास के शहरों में शहरी गैस वितरण कारोबार से जुड़ी इंद्रप्रस्थ गैस ने भी सीएनजी की कीमतों में दो रुपये प्रति किलोग्राम का इजाफा किया है। ईंधनों की कीमतों में वृद्धि पर प्रतिक्रिया देते हुए इनफोमेरिक्स रेटिंग्स के मुख्य अर्थशास्त्री मनोरंजन शर्मा ने कहा कि पेट्रोल-डीजल की कीमतों में आज की गई तीन-तीन रुपये की बढ़ोतरी पहले से अपेक्षित थी। यह पश्चिम एशिया संकट के कारण उत्पन्न पश्चिम एशिया संकट का परिणाम है। उन्होंने कहा कि ईंधनों के दाम बढ़ने से परिवहन और उत्पादन लागत बढ़ेगी जिससे सभी जरूरी चीजें महंगी होंगी और मुद्रास्फीति बढ़ेगी। शर्मा ने कहा कि अपनी जरूरत का 85 प्रतिशत कच्चा तेल आयात करने वाले भारत के लिए विदेशी मुद्रा भंडार और वित्तीय स्थिरता के बीच संतुलन बनाए रखना अनिवार्य है, क्योंकि कमजोर होते रुपये के कारण आयात की लागत बढ़ी है। अखिल भारतीय व्यापारी परिसंघ (कैट) के राष्ट्रीय महासचिव और भाजपा सांसद प्रवीण खंडेलवाल का मानना है कि ईंधन की कीमतों में इस बढ़ोतरी का आम लोगों पर थोड़ा बोझ तो पड़ेगा, लेकिन यह बड़े राष्ट्रीय हित में है। यह एक जिम्मेदारी पूर्वक लिया गया फैसला है। उन्होंने कहा कि ईंधन की कीमत बढ़ने से परिवहन और लॉजिस्टिक्स लागत बढ़ेगी, लेकिन चुनौतीपूर्ण वैश्विक परिस्थितियों में आम लोगों और उद्योग को सरकार का समर्थन करना चाहिए। इंडियन फाउंडेशन ऑफ ट्रांसपोर्ट रिसर्च एंड ट्रेनिग (आईएफटीआरटी) ने एक बयान जारी कर कहा कि डीजल की कीमतों में तीन रुपये प्रति लीटर की वृद्धि से खुले बाजार में माल ढुलाई की लागत एक से डेढ़ फीसदी तक बढ़ेगी। यह अनुमान 75 ट्रक मार्गों के विश्लेषण पर आधारित है। बयान में कहा गया है कि अनुमान के मुताबिक 25 प्रतिशत परिवहन क्षमता को बड़े कॉर्पोरेट, सार्वजिनक क्षेत्र की कंपनियों और बड़े एमएसएमई के साथ वार्षिक करार की सुरक्षा मिली हुई है। इससे डीजल के दाम बढ़ने का प्रभाव सकल बाजार पर भी कम होगा। आईएफटीआरटी ने कहा है कि मई में फैक्ट्रियों से माल के उठान में आठ से 10 प्रतिशत की कमी देखी गई है। इससे माल परिवहन कंपनियों के पास बढ़ी लागत का बोझ अपने ग्राहकों पर डालने का विकल्प सीमित हो जाता है। यदि कोई बढ़ोतरी होती भी है तो वह कम समय के लिए ही होगी।

# कोई भी पात्र मतदाता न छूटे व अपात्र मतदाता न हो सूची में शामिल: सीईओ



■ मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने एसआईआर को लेकर की राजनैतिक दलों के साथ बैठक

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भारत निर्वाचन आयोग कि निर्देशों के कम में आगामी 29 मई से उत्तराखण्ड में विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रकिया प्रारम्भ होगी।

इसी क्रम में शुक्रवार को मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. बीवीआरसी पुरुषोत्तम ने सचिवालय में मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर एसआईआर को लेकर विस्तृत चर्चा की। इस दौरान मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने राजनैतिक दलों से इस अभियान में सहयोग करने की अपील की। इस दौरान उन्होंने कहा कि एसआईआर का उद्देश्य है कि कोई भी पात्र मतदाता मतदाता सूची से न छूटे और अपात्र मतदाता, सूची में शामिल ना हो। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि बताया कि उत्तराखण्ड राज्य में 1 जुलाई 2026 की अर्हता तिथि के आधार पर एसआईआर प्रक्रिया संपन्न की जाएगी। इस दौरान 29 मई से 7 जून 2026 तक गणना प्रपत्र के प्रिंटिग, कर्मचारियों के प्रशिक्षण सम्बंधी कार्य सम्पादित किए जाएंगे। 8 जून से 7 जुलाई 2026 तक बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर गणना प्रपत्र का वितरण एवं संकलन किया जाएगा।

14 जुलाई 2026 को ड्राफ्ट रोल का प्रकाशन किया जाएगा इसके साथ ही 14 जुलाई से 13 अगस्त 2026 के बीच दावे एवं आपत्तियों को दर्ज करने का समय दिया गया है। इसी बीच 10 जुलाई से 11 सितंबर 2026 तक सभी नोटिस जारी कर दावे आपत्तियों का निस्तारण किया जाएगा। आयोग के निर्देशानुसार 15 सितंबर 2026 अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा।बैठक में अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ विजय कुमार जोगदंडे, उप मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री किशन सिंह नेगी सहित भाजपा, कांग्रेस, बीएसपी, सीपीआई (एम) के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## राजनैतिक दलों से की सहयोग की अपील

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने एसआईआर को बेहतर ढंग से संचालित करने के लिए राजनैतिक दलों से सहयोग की अपील की। उन्होंने सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों से आगामी दो सप्ताह में शत प्रतिशत बूथ लेवल एजेंट्स नियुक्त करने की अपील की। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि वर्तमान में उत्तराखण्ड में 11733 पोलिंग बूथ के सापेक्ष वर्तमान में प्रदेश में राजनैतिक दलों द्वारा 22 हजार बीएलए की तैनाती कर दी गई है। इस दौरान उन्होंने ''बुक अ कॉल विद बीएलओ'' के बारे में भी विस्तार से बताया।

# उच्च शिक्षा विभाग में किताबों का संकट दूर करेगी ई-लाइब्रेरी: डॉ. रावत



■ स्वामी विवेकानंद ई-पुस्तकालय योजना के तहत छात्रों को मिलेगी डिजिटल पुस्तकें

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** उच्च शिक्षा विभाग के अंतर्गत संचालित राज्य विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों एवं अशासकीय अनुदानित महाविद्यालयों में 'स्वामी विवेकानंद उत्तराखण्ड ई-पुस्तकालय योजना' लागू कर दी गई है। योजना के तहत शिक्षण संस्थानों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को ऑनलाइन एकीकृत प्लेटफार्म पर सभी पाठ्यक्रमों की ई-बुक सहित अन्य डिजिटल कंटेन्ट उपलब्ध कराया जायेगा, ताकि छात्र-छात्राओं को किताबों को लेकर कोई दिक्कत न हो। योजना के ठोस क्रियान्वयन के लिये शासन स्तर से सभी विश्वविद्यालयों के कुलपतियों एवं निदेशक उच्च शिक्षा को निर्देश जारी कर दिये गये हैं।

सूबे के उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने बताया कि नई शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप प्रदेश की उच्च शिक्षा में डिजिटल लर्निंग को बढ़ावा दिया जा रहा है। जिसके तहत सभी राज्य विश्वविद्यालयों, सम्बद्ध महाविद्यालयों एवं अशासकीय अनुदानित महाविद्यालयों में 'स्वामी विवेकानंद उत्तराखंड ई-पुस्तकालय योजना' को लागू कर दिया गया है। इस योजना के तहत अध्ययनरत छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को एकीकृत ऑनलाइन प्लेटफार्म पर पाठ्यपुस्तकें, उत्कृष्ट लेखकों की किताबें, शोध पत्र एवं अन्य डिजिटल कंटेंट न्यूजपेपर, मैगजीन एवं रिपोर्ट्स एक क्लिक पर मिलेगी। डॉ. रावत ने कहा कि ई-लाइब्रेरी का उद्देश्य प्रदेश के दूरस्थ क्षेत्रों तक गुणवत्तपूर्ण शिक्षा पहुंचाना है ताकि आर्थिक एवं भौगोलिक कारणों से कोई भी छात्र किताबों से वंचित न रहे। ई-लाइब्रेरी योजना का लाभ ग्रामीण व शहरी दोनों क्षेत्रों के विद्यार्थियों को समान रूप से मिल सकेगा। इसके अलावा इस योजना का लाभ तकनीकी शिक्षा, आयुष एवं चिकित्सा शिक्षा सहित अन्य विभाग व निजी विश्वविद्यालय व महाविद्यालय भी ले सकेंगे इसके लिये उन्हें निर्धारित शुल्क का वहन करना पड़ेगा। डॉ. रावत ने बताया कि ई-पुस्तकालय की सुविधा के लिये प्रत्येक विश्वविद्यालय द्वारा न्यूनतम रु0 5 लाख वार्षिक शुल्क देना होगा जबकि निजी व अशासकीय अनुदानित महा विद्यालयों सहित अन्य विभागों एवं शोध संस्थानों के लिये प्रति वर्ष रु 1 लाख अथवा प्रत्येक हितधारकों को रु 500 की दर से शुल्क देय होगा।

# सूचना विभाग में प्रत्येक शनिवार को 'नो व्हीकल डे'



■ सूचना महानिदेशक बंशीधर तिवारी ने दिये निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** शासन से प्राप्त निर्देशों के क्रम में ऊर्जा संरक्षण और संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग को बढ़ावा देने के लिए महानिदेशक सूचना बंशीधर तिवारी ने सूचना विभाग में प्रत्येक शनिवार को "नो व्हीकल डे" के रूप में मनाने के निर्देश जारी किए हैं।

महानिदेशक सूचना ने विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों से अपील की है कि प्रत्येक शनिवार को कार्यालय आने-जाने के लिए सार्वजनिक परिवहन, साइकिल जैसे विकल्पों को अपनाएं। उन्होंने कहा कि छोटे-छोटे प्रयास सामूहिक रूप से बड़े सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं और यह पहल ऊर्जा संरक्षण के राष्ट्रीय अभियान को मजबूती प्रदान करेगी। उन्होंने यह भी कहा कि विभाग स्वयं इस पहल को अपनाकर समाज के सामने एक सकारात्मक उदाहरण प्रस्तुत करेगा। 'नो व्हीकल डे' से न केवल ईंधन की बचत होगी, बल्कि कार्बन उत्सर्जन में कमी लाकर पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण योगदान सुनिश्चित किया जा सकेगा।

## यमुनोत्री में राजस्थान के तीर्थयात्री की हार्ट अटैक से मौत

**उत्तरकाशी।** यमुनोत्री धाम की यात्रा पर जाते समय राजस्थान के एक तीर्थ यात्री की जानकीचट्टी में हार्ट अटैक से मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार, राजस्थान निवासी कल्याण सिंह (71) पुत्र बापू सिंह, निवासी मुनीम मोहल्ला, चेचट कोटा राजस्थान, यमुनोत्री धाम की यात्रा पर जा रहे थे। इसी दौरान जानकीचट्टी स्थित स्वास्थ्य केंद्र के निकट उनकी अचानक तबीयत बिगड़ गई।

साथ में मौजूद यात्रियों ने उन्हें तत्काल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जानकीचट्टी भेजा, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। डॉ. अखिल राणा ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि तीर्थ यात्री को अस्पताल लाया गया था, लेकिन तब तक उनकी मृत्यु हो चुकी थी। बता दें कि इस यात्रा काल के दौरान यमुनोत्री यात्रा मार्ग पर अब तक हार्ट अटैक से छह तीर्थ यात्रियों की मौत हो चुकी है।

# राज्य सरकार के कार्मिकों का बढ़ा महंगाई भत्ता



■ राज्य सरकार के कार्मिकों व पेंशनरों को मंहगाई भत्ता दिये जाने का मुख्यमंत्री ने किया अनुमोदन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने केन्द्र सरकार की भांति, 01 जनवरी, 2026 से राज्य सरकार के कार्मिकों एवं पेंशनरों को मंहगाई भत्ते की मौजूदा दर 58 प्रतिशत से बढ़ाकर 60 प्रतिशत प्रतिमाह किए जाने का अनुमोदन प्रदान किया है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा जनपद चम्पावत के कोतवाली पंचेश्वर में टाईप द्वितीय के 06 आवासों एवं चाहरदीवारी के निर्माण हेतु 3.13 करोड़, जनपद नैनीताल के फायर स्टेशन हल्द्वानी में टाईप द्वितीय के 64, टाईप-तृतीय के 08 एवं टाईप चतुर्थ के 04 आवासों के निर्माण हेतु 36.64 करोड तथा जनपद चम्पावत के थाना रीठासाहिब में टाईप द्वितीय के 06 एवं टाईप-तृतीय का 01 आवासों के निर्माण हेतु 3.47 करोड की धनराशि स्वीकृत किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया गया है।

मुख्यमंत्री द्वारा मौलेखाल बाजार, अल्मोड़ा में पार्किंग के निर्माण हेतु 5.91 करोड तथा जनपद चमोली के विधानसभा क्षेत्र-थराली के अन्तर्गत ग्वालदम बाजार में वाहन पार्किंग निर्माण के लिए 61.57 लाख की धनराशि स्वीकृत किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया गया है।

## श्रमिक हितों के संरक्षण व औद्योगिक शांति बनाए रखने के निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** प्रमुख सचिव आर. के. सुधांशु की अध्यक्षता में सचिवालय सभागार में उद्योग प्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के साथ एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में श्रमिकों को न्यूनतम वेतन, ओवरटाइम, बोनस एवं अन्य सुविधाएं निर्धारित मानकों के अनुरूप उपलब्ध कराए जाने पर विस्तार से चर्चा की गई।

प्रमुख सचिव ने आयुक्त उद्योग, आयुक्त श्रम एवं सभी उद्योगों के प्रतिनिधियों को निर्देशित किया कि श्रमिकों को न्यूनतम वेतन सहित सभी वैधानिक सुविधाएं समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से प्रदान की जाएं। उन्होंने कहा कि सभी उद्योग संस्थान श्रम कानूनों के प्रावधानों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित करें तथा औद्योगिक शांति बनाए रखने के लिए श्रमिकों से नियमित संवाद स्थापित कर उन्हें विश्वास में लेकर कार्य करें।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि पुनः व्यापक स्क्रीनिंग कर यह सुनिश्चित किया जाए कि सभी श्रमिकों को मानक के अनुरूप वेतन एवं सुविधाएं प्राप्त हो रही हैं। साथ ही इस संबंध में यदि कोई बाहरी व्यक्ति भ्रम अथवा दुष्प्रचार फैलाने का प्रयास करते हैं तो वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। बैठक में आयुक्त उद्योग एवं श्रम विभाग सहित औद्योगिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने वस्तुस्थिति से अवगत कराते हुए अपना पक्ष प्रस्तुत किया। औद्योगिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने कहा कि उनके द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप न्यूनतम वेतन एवं अन्य सुविधाएं श्रमिकों को प्रदान की जा रही हैं। प्रमुख सचिव सुधांशु ने कहा कि राज्य सरकार एवं श्रम विभाग श्रमिक भाइयों की समस्याओं के प्रति पूर्णतः संवेदनशील हैं तथा उनके हितों की रक्षा सरकार की प्राथमिकता है।

बैठक में सचिव श्रीधर बाबू, आयुक्त उद्योग सौरव गहरवार, आयुक्त श्रम विभाग पी.सी. दुम्का सहित विभिन्न औद्योगिक संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## लोन बुक में 26 प्रतिशत की सालाना वृद्धि

**देहरादून।** उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड ने मार्च 2026 को समाप्त तिमाही के लिए अपने वित्तीय परिणाम जारी किए। उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक के एमडी एवं सीईओ संजीव नौटियाल ने कहा, भारतीय अर्थव्यवस्था लगातार मजबूती दिखा रही है और आरबीआई के अनुसार वित्त वर्ष 27 में इसके 6.9प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान है। मजबूत घरेलू आधार, सरकार की पहल और पर्याप्त लिक्विडिटी इस वृद्धि को समर्थन दे रहे हैं।

### कारोबार पर संकट आया तो समर्थक भी सड़कों पर उतरे

# पीएम के फैसले का खुलकर विरोध कर रहे ज्वैलर्स

■ सर्राफा बाजार में घबराहट, बंगाली कारीगरों पर सबसे बड़ी मार

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** सोने पर आयात शुल्क में भारी बढ़ोतरी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से सोना खरीद को लेकर दिए गए संदेश के बाद सर्राफा कारोबारियों में हलचल मच गई है। जो व्यापारी कल तक प्रधानमंत्री मोदी के प्रबल समर्थक माने जाते थे, वही अब इस फैसले के विरोध में सड़कों पर उतरने लगे हैं। उत्तराखण्ड समेत देशभर के सर्राफा बाजारों में नाराजगी खुलकर सामने आ रही है।

उत्तराखण्ड के हरिद्वार, लक्सर, रूड़की, हल्द्वानी, रूद्रपुर, नैनीताल, देहरादून, डोईवाला व विकासनगर समेत कई शहरों में सर्राफा व्यापारी संगठनों ने सांकेतिक विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिये हैं, व्यापारियों का कहना है कि यदि सरकार ने फैसला वापस नहीं लिया तो आंदोलन और तेज किया जाएगा।

वहीं, उत्तराखण्ड के ज्वैलरी प्रतिष्ठानों में बड़ी संख्या में पश्चिम बंगाल के कारीगर काम करते हैं। सोने को खूबसूरत आभूषणों में ढालने वाले यही कारीगर अब सबसे ज्यादा चिंता में हैं। व्यापारियों का कहना है कि यदि कारोबार धीमा पड़ा तो सबसे पहले कारीगरों का काम बंद होगा।

कई कारीगरों ने पहले ही चिंता जतानी शुरू कर दी है कि यदि ऑर्डर नहीं मिले तो उन्हें वापस अपने गांव लौटना पड़ेगा।

### 15 हजार छोटे-बड़े ज्वैलर्स प्रतिष्ठानों पर संकट

**देहरादून।** उत्तराखण्ड में करीब 15 हजार छोटे-बड़े ज्वैलर्स प्रतिष्ठानों पर इसका सीधा असर दिखाई देने लगा है। हर दुकान में औसतन 5 लोगों को रोजगार मिलता है, यानी अकेले उत्तराखण्ड में हजारों परिवार इस कारोबार पर निर्भर हैं। सर्राफा व्यापारियों का कहना है कि देशभर में सालाना करीब 1 टन से अधिक सोने का कारोबार होता है और लगभग 5 करोड़ लोग प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से इस उद्योग से जुड़े हैं। ऐसे में सरकार की नीतियों और प्रधानमंत्री की 'सोना कम खरीदने' की अपील ने पूरे व्यापार जगत में पैनिक जैसा माहौल बना दिया है।

### मोदी जी अपने हैं, लेकिन फैसला गलत: मेंसोन



सर्राफा मण्डल देहरादून के अध्यक्ष सुनील मेंसोन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उनके परिवार के मुखिया जैसे हैं, लेकिन इस बार लिया गया फैसला गलत है और इस पर पुनर्विचार होना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के बयान के बाद बाजार में पैनिक जैसा माहौल बन गया है। ग्राहकों ने खरीदारी टालनी शुरू कर दी है और छोटे कारोबारियों के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है।

### कारीगर भुखमरी की कगार पर पहुंचेंगे: गुरजीत



ज्वैलर्स एसोसिएशन ऑफ उत्तरांचल के प्रदेश महासचिव व ऑल इंडिया जेम्स एंड ज्वेलरी डोमेस्टिक कौंसिल के निदेशक गुरजीत सिंह ने कहा कि सोने पर आयात शुल्क को एकदम से 6 प्रतिशत से 15 प्रतिशत करना एकतरफा फैसला है। उन्होंने कहा कि यदि एक साल तक कारोबार प्रभावित रहा तो व्यापारी अपने परिवार का पालन-पोषण कैसे करेंगे। आभूषण निर्माता और कारीगर सर्राफा कारोबार की रीढ़ हैं और मंदी आने पर सबसे ज्यादा असर उन्हीं पर पड़ेगा।

### इन फैसलों से देश मकजोर होगा: मित्तल



निरज मित्तल, प्रदेश अध्यक्ष ज्वैलर्स फोरम उत्तराखण्ड ने कहा कि हमने आज तक पीएम मोदी के हर फैसले को माना, हमेशा साथ दिया, मंदी की मार का सामने कर रहे कारोबारियों पर मोदी के बयान से संकट आ गया है। कारोबारी संगठनों से वार्ता कर रास्ता निकाला जाना चाहिए था, अब सड़को पर उतरने को मजबूर होना पड़ रहा है। जनता हमारा साथ दे, समाज के एक अंग के कमजोर होने से देश कमजोर होगा।

## लोकायुक्त का गठन न होना सरकार की नियत में खोट: गरिमा

**देहरादून।** उत्तराखंड कांग्रेस की वरिष्ठ नेत्री गरिमा मेहरा दसौनी ने उत्तराखंड में वर्ष 2013 से रिक्त पड़े लोकायुक्त पद को लेकर भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी-बड़ी बातें करने वाली सरकार की नीयत तभी उजागर हो जाती है, जब उसे एक स्वतंत्र और निष्पक्ष जांच संस्था की नियुक्ति करने में 13 वर्ष लग जाते हैं। कहा कि उच्च न्यायालय को बार-बार राज्य सरकार को फटकार लगानी पड़ रही है। यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि सरकार अपने संवैधानिक दायित्वों का निर्वहन भी न्यायालय के दबाव के बिना नहीं कर पा रही है। यदि सरकार भ्रष्टाचार के खिलाफ गंभीर होती तो लोकायुक्त की नियुक्ति वर्षों पहले हो चुकी होती। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा से एक सशक्त और स्वतंत्र लोकायुक्त की पक्षधर रही है। गरिमा ने कहा कि पूर्ववर्ती हरीश रावत सरकार ने भी लोकायुक्त जैसी संस्थाओं को मजबूत करने की दिशा में गंभीर पहल की थी।

**कार्यालय नगर पंचायत दिनेशपुर (ऊधम सिंह नगर)**

e-mail: eodin-mb-uk@nic.in Phone/Fax-9410302603

पत्रांक: 941/निविदी सूचना/2026-27 दिनांक: 15/05/2026

**निविदा सूचना**

ऐतद्द्वारा सूचित करना है कि नगर पंचायत दिनेशपुर को राज्य वित्त आयोग से नगर क्षेत्र में जनहित में निम्न वर्णित निर्माण कार्य कराये जाने का निर्णय मा0 अध्यक्ष महोदया द्वारा लिया गया है। उक्त सम्बन्ध में नगर पंचायत के समस्त पंजीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि कराये जाने वाले निर्माण कार्यो की सील बन्द निविदायें दिनांक 30/05/2026 सांय 05:00 बजे तक आमन्त्रित की जाती हैं, और जिन्हे 01/06/2026 को अपराहन 3:00 बजे 'निविदादाताओं के समक्ष गठित निविदा समिति सदस्यों द्वारा खोला जायेगा। निविदा के साथ रूपया 100.00 का नान ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर अनुबन्ध हेतु व 02 प्रतिशत धरोहर धनराशि एफ0डी0आर0/एन0एस0सी0/पो0ओ टी0डी0 के रूप में जो अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत दिनेशपुर के पद नाम से बन्धक होगी को संलग्न व जमा करना अनिवार्य होगा। निविदा प्रपत्र दिनांक 25/05/2026 से निर्धारित शुल्क जमा कर कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते है। निविदायें बिना 02 प्रतिशत धरोहर राशि / सशर्त मान्य नहीं होंगी। किसी एक अथवा समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त/स्वीकार/अस्वीकार करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी में सुरक्षित होगा। उक्त सम्बन्ध में अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती हैं।

**प्रस्तावित निर्माण कार्यो का विवरण-**

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख रु0 में) | निविदा शुल्क | कार्य पूर्ण करने का समय |
|---|---|---|---|---|
| 1. | वार्ड नं0 2 में उत्तराखण्ड ग्रामीण बैंक से घनश्याम अग्रवाल के घर तक नाले का निर्माण कार्य। | 5.14 | 500+जी0एस0टी0 | 03 माह |
| | कुल | 5.14 | | |

(मुहम्मद यामीन)
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत दिनेशपुर
ऊधम सिंह नगर।

(मनजीत कौर)
अध्यक्ष
नगर पंचायत दिनेशपुर
ऊधम सिंह नगर।

### मुख्यमंत्री धामी से की पूर्व सीएम डॉ. निशंक ने मुलाकात

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से शुक्रवार को मुख्यमंत्री आवास में प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक, सांसद नरेश बंसल, कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी, विधायक आशा नौटियाल ने मुलाकात की।

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ( वि./यॉ. ) ग्रामीण निर्माण विभाग, उत्तराखण्ड तपोवन मार्ग, रायपुर रोड, देहरादून**

पत्रांक: 160/ग्रा०नि०वि०/निविदा सूचना/ 2026-27 दिनांक 14.05.2026

**''ई-निविदा आमंत्रण सूचना - 11''**

अधिशासी अभियन्ता ( वि./ यॉ. ) ग्रामीण निर्माण विभाग उत्तराखण्ड देहरादून इस विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों कॉलम 08 के अनुसार निम्नलिखित कार्य पूरा करने के लिए दिनांक 04.06.2026 को अपराह्न 12.00 बजे तक निविदा आमंत्रित करता है। निविदा से संबंधित मूल अभिलेख उसी दिन अपराह्न 12:00 बजे तक ऑनलाइन अपलोड करना अनिवार्य होगा तथा कैम्प कार्यालय अधिशासी अभियंता ( वि./ यॉ. ) भीमताल नैनीताल में निविदा उसी दिन अपराह्न 12.30 बजे ऑनलाइन खोली जायेंगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | धरोहर धनराशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं जी.एस.टी. | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा की वैधता | ठेकेदार हेतु श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1. | Audio/Video Confrencing Work in District Disaster Management Authority at Almora. | रू. 74.34 लाख में | 1,74,000.00 रूपये | 4000.00 +18% GST | 06 माह | 60 दिन | ''ए'' विद्युतीकरण व मूल निर्माता/ अधिकृत विक्रेता |

**-: निविदा की शर्ते :-**

**नोट:**- 1. उक्त ई निविदा की विस्तृत जानकारी http://www.uktenders.gov.in पर एवं अधिशासी अभियन्ता (वि०/यॉ० ) ग्रामीण निर्माण विभाग उत्तराखण्ड देहरादून के कार्यालय में दिनांक 04.06.2026 से पूर्व किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

**( इं. तहसीन अहमद )**
**अधिशासी अभियन्ता, ( वि./ यॉ. )**
**ग्रामीण निर्माण विभाग उत्तराखण्ड देहरादून**

**कार्यालय सहायक अभियन्ता लघु सिंचाई उपखण्ड बागेश्वर/कपकोट**

पत्रांक: 03/ल0सिं0/नि0सू0/2026-27 दिनांक: 13 मई 2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

उत्तराखण्ड के महामहिम राज्यपाल महोदय की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु मोहरबंद निविदा वर्गीकृत श्रेणी के पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 26.05.2026 के अपराह्न 2.30 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन अपराहन 3.00 बजे सम्बंधित सहायक अभियंता कार्यालय में निविदा समिति द्वारा उपस्थित ठेकेदारों अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के सम्मुख खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 25.05.2026 को अपराहन 3.00 बजे तक प्राप्त किये जा सकते हैं। वर्गीकृत श्रेणी के पंजीकृत ठेकेदारों अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा पंजीकरण के प्रमाण पत्रों की सत्य प्रतिलिपि के साथ निविदा प्रपत्र दिनांक 25.05.2026 को सहायक अभियन्ता कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते हैं। किसी निविदा को बिना कारण बताए निरस्त करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित होगा। निविदा क्रय के समय जीएसटी नम्बर चालू होना जीएसटी अदेयता प्रमाण पत्र दिखाया जाना तथा निविदा क्रय हेतु धरोहर धनराशि दिखाया जाना अनिवार्य है। अन्यथा निविदा विक्रय नहीं किया जाएगा।

| क्र0 सं0 | कार्य का विवरण | धरोहर धनराशि (रू0 में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू0) | दरों की वैधता | कार्य पूर्ण करने की अवधि | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सा0 सिं0 योजना भतौरा मातोली गूल मरम्मत कार्य। | 17000.00 | 1000 + GST | 45 दिन | 60 दिन | ई0 एवं उच्च |
| 2 | सा0 सिं0 योजना बोर बलडा समडर नव निर्माण कार्य। | 10520.00 | 1000 + GST | 45 दिन | 60 दिन | ई0 एवं उच्च |
| 3 | सा0 सिं0 टैंक एवं गूल मरम्मत कार्य घेटी। | 10600.00 | 1000 + GST | 45 दिन | 60 दिन | ई0 एवं उच्च |
| 4 | हाईड्रम योजना गेदीगाड़ घतौड़ी में गूल मरम्मत कार्य। | 10600.00 | 1000 + GST | 45 दिन | 60 दिन | ई0 एवं उच्च |
| 5 | विकासखण्ड बागेश्वर परिसर की सुरक्षा हेतु सीमा पर बाल्र्ड वायर फेन्सिंग कार्य। | 12140.00 | 1000 + GST | 45 दिन | 60 दिन | ई0 एवं उच्च |

निविदा संबंधी अन्य शर्तें कार्यालय में देखी जा सकती हैं। **सहायक अभियन्ता लघु सिंचाई उपखण्ड बागेश्वर/कपकोट**

# मानसून के लिए प्रशासन अलर्ट




**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**बागेश्वर।** आगामी मानसून अवधि के दौरान संभावित आपदा परिस्थितियों से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा की जा रही मानसून पूर्व तैयारियों की विस्तृत समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ सतर्कता एवं तत्परता से कार्य करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों को संवेदनशील क्षेत्रों की पहचान, राहत एवं बचाव उपकरणों की उपलब्धता, संचार व्यवस्था, पेयजल, विद्युत, स्वास्थ्य सेवाओं तथा सड़क मार्गों को सुचारु बनाए रखने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय से पूर्ण करने को कहा। उन्होंने सड़क निर्माणदायी संस्थाओं को भूस्खलन संभावित क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण कर संवेदनशील मार्गों पर पर्याप्त संख्या में जेसीबी मशीनें तैनात करने तथा जेसीबी ऑपरेटरों की संपर्क सूची जिला प्रशासन को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

उन्होंने नगर निकायों एवं संबंधित विभागों को सड़क किनारे और नालियों की सफाई कर जल निकासी व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। विद्युत विभाग को आपूर्ति बाधित होने की स्थिति में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने तथा स्वास्थ्य विभाग को मानसून अवधि में संभावित प्रसव वाली गर्भवती महिलाओं के लिए एसओपी तैयार करने, आवश्यक दवाइयों का पर्याप्त भंडारण रखने एवं चिकित्सा व्यवस्थाएं सुदृढ़ करने को कहा। जिलाधिकारी ने जिला पूर्ति अधिकारी को संभावित आपदा प्रभावित क्षेत्रों में अग्रिम रूप से खाद्यान्न उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। मुख्य शिक्षा अधिकारी एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी को संवे. दनशील विद्यालयों और आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण कर उनकी सुरक्षा संबंधी प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करने को कहा। साथ ही संबंधित विभागों को सभी पुलों एवं पुलियों की स्थिति की अद्यतन रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में राजस्व, पुलिस, आपदा प्रबंधन एवं अन्य संबंधित विभागों को किसी भी आपदा की स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने सभी आईआरएस टीमों को अपने दायित्वों का प्रभावी निर्वहन करने, सभी तहसीलों में कंट्रोल रूम, सैटेलाइट फोन एवं वायरलेस सिस्टम सक्रिय रखने तथा आवश्यक उपकरणों की सूची उपलब्ध कराने को कहा। इसके अतिरिक्त संचार विहीन गांवों की सूची तत्काल उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए गए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी आर सी तिवारी, अपर जिलाधिकारी एनएस नबियाल, सभी एसडीएम सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाएं बदहाल: महरा

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**रानीखेत।** पूर्व विधायक करन माहरा ने राजकीय चिकित्सालय रानीखेत में बीते दिनों हुए एनआईसीयू कक्ष के उद्घाटन को लेकर सरकार और स्थानीय विधायक पर तीखा हमला बोला है। अस्पताल पहुंचे करन माहरा ने कहा कि



जिस एनआईसीयू का उद्घाटन बड़े स्तर पर किया गया, उसकी मशीनें कई वर्ष पहले ही अस्पताल में उपलब्ध हो चुकी थीं, लेकिन कक्ष के अभाव में वे लंबे समय तक बंद पड़ी रहीं। अब उन्हीं मशीनों को पहले से बने कक्ष में स्थापित कर जल्दबाजी में उद्घाटन कर जनता के सामने उपलब्धि बताने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार और वर्तमान विधायक द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर किए गए दावे पूरी तरह खोखले साबित हुए हैं। माहरा ने कहा कि उनके विधायक कार्यकाल में अस्पताल को हाईटेक एम्बुलेंस उपलब्ध कराई गई थी, लेकिन साढ़े चार वर्षों बाद भी उसमें आवश्यक टेक्निशियन की नियुक्ति नहीं हो पाई है, जिससे मरीजों को उसका पूरा लाभ नहीं मिल रहा। पूर्व विधायक ने आरोप लगाया कि उनके कार्यकाल में भिकियासैंण में 50 लाख रुपये की लागत से स्थापित ऑक्सीजन प्लांट भी आज तक निष्क्रिय पड़ा हुआ है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा प्रदेश में चार ट्रॉमा सेंटर स्थापित करने की घोषणा की गई थी, लेकिन रानीखेत अस्पताल अब तक ट्रॉमा सेंटर के रूप में विकसित नहीं हो पाया है। माहरा ने भाजपा सरकार और स्थानीय विधायक पर केवल फीता काटने और घोषणाओं की राजनीति करने का आरोप लगाते हुए कहा कि जमीनी स्तर पर स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति बदहाल बनी हुई है।

## एक नजर

### स्व. बची राम आर्या प्रवेश द्वार का उद्घाटन

**अल्मोड़ा।** आदर्श ग्राम पंचायत पाली में स्वतंत्रता सेनानी स्व. बची राम आर्या की स्मृति में निर्मित प्रवेश द्वार का शुक्रवार को क्षेत्रीय विधायक मोहन सिंह मेहरा ने विधिवत उद्घाटन किया। कार्यक्रम ग्राम प्रधान नीलम आर्या की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। इस अवसर पर विधायक मोहन सिंह मेहरा ने कहा कि स्वतंत्रता सेनानियों का देश निर्माण में योगदान अमूल्य रहा है। उनके सम्मान में बनाए गए स्मारक नई पीढ़ी को देशभक्ति और समाज सेवा की प्रेरणा देंगे। उन्होंने कहा कि सरकार गांवों के विकास के साथ-साथ महान विभूतियों की स्मृतियों को संरक्षित करने के लिए भी लगातार कार्य कर रही है। कार्यक्रम के दौरान स्वतंत्रता सेनानी स्व. बची राम आर्या के परि. जनों को सम्मानित किया गया। विशेष रूप से उनकी बहू को शॉल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान दिया गया। इस मौके पर पूर्व प्रधान दयाकिशन, नंदा बल्लभ, विधायक सलाहकार खिमानन्द पालीवाल, पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य केशव दत्त, रमेश राम, महिपाल प्रसाद, गणेश राम, त्रिलोचन, कृष्णा, भुवन राम, भुवन जोशी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

### आइसक्रीम के दो सैंपल जांच को भेजे

**काशीपुर।** गर्मियों के मौसम में लोगों द्वारा ठंडे खाद्य पदार्थों के बढ़ते उपयोग को देखते हुए खाद्य सुरक्षा विभाग पूरी तरह सतर्क हो गया है। जिलाअधिक. ारी नितिन सिंह भदौरिया के निर्देशों के क्रम में जनपद ऊधमसिंह नगर में विशेष अभियान चलाकर नगर में ठंडे पदार्थ के उत्पादों का निरीक्षण किया गया। काशीपुर में वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी अपर्णा शाह के नेतृत्व में निरीक्षण अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने शहर की विभिन्न छह दुकानों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय दुकानों में साफ-सफाई, खाद्य पदार्थों के रखरखाव, एक्सपायरी डेट तथा गुणवत्ता संबंधी मानकों की गहनता से जांच की गई। वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी अपर्णा शाह ने बताया कि अभियान के दौरान दो आइसक्रीम के सैंपल लिए गए हैं जिन्हें जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा जा रहा है। उन्होंने बताया कि गर्मियों में आइसक्रीम, कोल्ड ड्रिंक, जूस और अन्य ठंडे पदार्थों की बिक्री तेजी से बढ़ जाती है। मिलावटी अथवा मानकों के विपरीत खाद्य पदार्थों की बिक्री रोकने के लिए विभाग लगातार निगरानी बनाए हुए है।

### रद्द किया गया काशीपुर चौहान सभा का चुनाव

**काशीपुर।** उपजिलाधिकारी काशीपुर ने हाल ही में हुए चौहान सभा के विवादित चुनाव को रद्द कर दिया है। उक्त आदेश जारी करते हुए विहित अधिकारी/उप जिलाधिकारी काशीपुर अभय प्रताप सिंह ने कहा है कि 'मैं इस निष्कर्ष पर पहुंचता हूं कि चौहान सभा समिति काशीपुर, जिला उधम सिंह नगर की कमेटी के चुनाव जो 20 अप्रैल 2025 एवं 28 अप्रैल 2025 को सम्पन्न कराये गये हैं, को अपास्त (रद्द) किया जाता है एवं इसके अतिरिक्त मूल पत्रावली उप निबन्धक को इस अनुरोध के साथ प्रेषित की जाये कि वे अधिनियम की धारा 25(2) के अन्तर्गत नियमानुसार चुनाव किये जाने हेतु अपने स्तर से अग्रिम कार्यवाही करें। उपजिलाधिकारी ने कहा कि यह आदेश मूल पत्रावली का भाग रहेगा। मूल पत्रावली आदेश सहित उप निबन्धक, फर्म्स, सोसायटीज एंड चिट्स, उधम सिंह नगर को वापस की जाये।

### ग्रामसभा खोली में विधिक जागरूकता शिविर

**बागेश्वर।** अंतरराष्ट्रीय परिवार दिवस के अवसर पर शुक्रवार को ग्रामसभा खोली, आरे में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्रामीणों को विभिन्न कानूनी अधिकारों, योजनाओं और सामाजिक मुद्दों से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव अनीता कुमारी ने घरेलू हिंसा, बाल विवाह, पॉक्सो अधिनियम, नशे के दुष्परिणाम, साइबर अपराध, दहेज प्रथा उन्मूलन तथा आगामी 18 जुलाई को आयोजित होने वाली विशेष लोक अदालत के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने देवभूमि के बुजुर्गों का मान-विधिक सेवा का अभियान, आश्रय और अधिकार: निराश्रितों के विधिक अधिकार एवं महिलाओं से जुड़े यौन उत्पीड़न और अन्य अपराधों से संबंधित कानूनी प्रावधानों पर भी प्रकाश डाला। रिटेनर अधिवक्ता त्रिलोक जोशी ने ई-फाइलिंग, ट्रू कॉपी, नि:शुल्क कानूनी सहायता एवं सलाह, नालसा (मानव-वन्यजीव संघर्ष) योजना-2025, नालसा (वीर परिवार सहायता) योजना-2025, नालसा हेल्पलाइन नंबर 15100 तथा नालसा (जागृति) योजना की जानकारी ग्रामीणों को दी। शिविर के शुभारंभ अवसर पर नालसा का थीम सांग हएक मुठ्ठी आसमान भी प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और विभिन्न कानूनी विषयों पर जानकारी प्राप्त की।

### सड़क के डामरीकरण की मांग तेज

**बागेश्वर।** नयाल खोलियागांव चौरा मोटर मार्ग में डामरीकरण की मांग को लेकर ग्रामीणों का आक्रोश बढ़ता जा रहा है। जिला पंचायत सदस्य हेमलता भैरूचबट्टा ने शुक्रवार को जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर शीघ्र सड़क में डामरीकरण कराने की मांग उठाई। ज्ञापन में उन्होंने कहा कि उक्त मोटर मार्ग बने हुए कई वर्ष बीत चुके हैं, लेकिन आज तक सड़क में डामरीकरण नहीं हो पाया है। सड़क की हालत बेहद खराब होने से लोगों को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि वर्तमान स्थिति में सड़क पर सफर करना जान जोखिम में डालने जैसा हो गया है और दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। हेमलता ने प्रशासन से जल्द सड़क का डामरीकरण कराने की मांग करते हुए चेतावनी दी कि यदि मांग पूरी नहीं हुई तो समस्त ग्रामीणों के साथ आंदोलन और प्रदर्शन किया जाएगा।

## ललित पांडे को राज्यपाल ने किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**बागेश्वर।** इंटर कालेज गागरीगोल की 12वीं की छात्रा ललिता पांडे को गुरुवार को राजभवन की एआइ रूम में राज्यपाल गुरमीत सिंह ने आपरेशन काल्की अभियान का पहला सम्मान प्रदान किया। यह सम्मान मिलने पर जिला गौरवांवित हुआ है। तकनीकी विशेषज्ञ सिद्धार्थ माधव ने बताया कि इस पहल




के तहत प्रदेशभर में 108 नवाचारी अनुप्रयोग विकसित किए गए हैं। इसके लिए विभिन्न विद्यालयों से प्रतिभाशाली छात्रों का चयन किया जाएगा, जिन्हें राजभवन में विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। चयनित छात्र विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में एप निर्माण का व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करेंगे। राज्यपाल ने सर्वश्रेष्ठ एआइ प्रोजेक्ट आइडिया के लिए सर्वश्रेष्ठ सम्मान पुरस्कार इंटर कालेज गागरीगोल की छात्रा ललिता पांडेय को प्रदान किया गया। ललिता की इस उपलब्धि पर दर्जा राज्य मंत्री शिव सिंह बिष्ट, विधायक पार्वती दास, जिला पंचायत अध्यक्ष शोभा आर्या, जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे, मुख्य विकास अधिकारी आरसी तिवारी, मुख्य शिक्षा अधिकारी विनय कुमार, खंड शिक्षा अधिकारी कमलेश्व. री मेहता, प्रबंधक दीपक पाठक, प्रधानाचार्य पंकज साह, पूर्व प्रधानाचार्य मोहन चंद्र पंत और नंदन अलमिया सहित अनेक लोगों ने बधाई दी है।

# नीट पेपर लीक: भाजपा सरकार का पुतला फूंका

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** नीट परीक्षा रद्द होने के विरोध में शुक्रवार कोयुवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने चौघानपाटा में भाजपा सरकार का पुतला दहन कर जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान युवा कांग्रेस नेताओं ने केंद्र सरकार पर युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने का आरोप लगाया। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि नीट-2026 परीक्षा रद्द होना केवल प्रशासनिक किलता नहीं, बल्कि देश के लाखों छात्रों के सपनों की हत्या है। आरोप लगाया कि पेपर लीक और शिक्षा व्यवस्था में फैले भ्रष्टाचार ने मेहनती छात्रों का भविष्य अंधकारमय कर दिया है। उन्होंने कहा कि लाखों छात्रों और उनके परिवारों ने परीक्षा की तैयारी में आर्थिक और मानसिक संघर्ष झेला, लेकिन बदले में उन्हें सरकारी लापरवाही और भ्रष्ट



व्यवस्था मिली। युवा कांग्रेस नेता गोपाल भट्ट ने कहा कि प्रधानमंत्री का अमृतकाल युवाओं के लिए विषकाल बन चुका है, जहां मेहनत हार रही है और भ्रष्टाचार जीत रहा है। उन्होंने मांग की कि नीट पेपर लीक मामले की न्यायिक जांच कराई जाए, दोषियों और पेपर माफियाओं पर कठोर कार्रवाई हो तथा प्रभावित छात्रों को मानसिक और आर्थिक राहत दी जाए। युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष विक्रम सिंह फर्त्याल ने कहा कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में लगभग हर बड़ी परीक्षा भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ी है। प्रदर्शन के दौरान युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए कहा कि युवाओं के अधिकार और भविष्य की लड़ाई सड़क से लेकर संसद तक लड़ी जाएगी। यहां पूर्व दर्जा राज्य मंत्री पूरन रौतेला, पार्षद वैभव पांडे, कांग्रेस नगर अध्यक्ष तारा चंद्र जोशी, नारायण दत्त पांडे, आनंद सिंह बिष्ट, तारा तिवारी, अरविंद रौतेला, विकास कुमार, इसरार अहमद, नरेश बारकोटी, राधा बिष्ट, तारा तिवारी, गौरव जोशी, पारस डसीला, दीक्षा सुयाल, राज चौहान, रजत कुमार, अनूप कुमार, निर्मल मेर, राहुल नैनीवाल, गौरव नेगी, योगेश जोशी, सुमित बिष्ट, किरन आर्या, विशाल कनवाल, वीरेंद्र मलाडा, संतोष कुमार, निर्मला आर्या, काजल आर्या, मनीषा आर्या, आरती आर्या, राकेश कुमार, उमेश कुमार, सुनील कुमार, गौरव सिंह सतवाल, विशाल पडियार, अभय बोरा, आशीष संतो. लिया आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# महिला अपराधों पर त्वरित कार्रवाई करें: एसएसपी

## मासिक अपराध गोष्ठी में पुलिस कप्तान ने ऑपरेशन प्रहार अभियान की भी की समीक्षा

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** पुलिस कार्यालय अल्मोड़ा सभागार में शुक्रवार को मासिक अपराध गोष्ठी के तहत अपराधों की कार्रवाई की समीक्षा की। इस दौरान एसएसपी चंद्रशेखर घोड़के ने महिलाओं व नाबालिग पर अपराधों की रोकथाम को त्वरित कार्रवाई और ऑपरेशन प्रहार के तहत अभियान की थानावार समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। एसएसपी ने बीते माह के अपराधों की समीक्षा करते हुए लंबित विवेचनाओं, मुकदमों, शिकायतों, वारंट, नोटिस आदि का समय पर निस्तारण करने और वांछित अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी करने के निर्देश दिए। साथ ही जनपद में




संदिग्धों की तलाश करने के लिए सघन चेकिंग व वेरिफिकेशन ड्राइव चलाने व आपराधिक तथा संदिग्ध गतिविधियां मिलने पर कड़ी वैधानिक कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया गया। कहा कि लाप. रवाही बरतने वाले मकान मालिकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। एसएसपी ने महिलाओं के प्रति होने वाले अपराधों पर संवेदनशील होकर त्वरित कार्रवाई करने को कहा। साथ ही सख्त हिदायत दी कि किसी भी प्रकार की लापरवाही सामने आने पर संबंधित के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए गठित टीम के अधिकारियों को जिले के सभी थाना क्षेत्रों में सड़क दुर्घटना संभावित स्थानों को चिह्नित करने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने नशे के विरुद्ध जीरो टालरेन्स नीति अपनाते हुए अवैध मादक पदार्थों की तस्करी, बिक्री व भंडारण करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने, यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्ती से निपटने के निर्देश दिए। यहां एएसपी हरबंस सिंह, सीओ सदर बलवंत सिंह रावत, सीओ दूरसंचार राजीव टम्टा, सीएफओ नरेंद्र सिंह कुंवर, प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन रमेश चंद्र, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली अल्मोड़ा योगेश चन्द्र उपाध्याय, प्रभारी निरीक्षक महिला कोतवाली जानकी भंडारी, निरीक्षक अशोक कुमार धनकड़, निरीक्षक एलआईयू मनोज भारद्वाज, निरीक्षक दूरसंचार उमाशंकर पाण्डे, मदन मोहन जोशी, अशोक कुमार, भुवन जोशी, विनोद जोशी, हयात सिंह, अजेन्द्र प्रसाद, सुनील सिंह बिष्ट, प्रमोद पाठक, कश्मीर सिंह, अवनीश कुमार, दिनेश नाथ महंत, प्रभारी साइबर सेल राहुल राठी, महेश कश्यप, सुनील धानिक, मोहित कुमार, हीरा सिंह, पूरन रावत आदि मौजूद रहे।

### उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सम्मानित

अपराध गोष्ठी के दौरान एसएसपी ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिसकर्मियों को सम्मानित किया। विगत माह थाना सल्ट क्षेत्र से दस किलो से अधिक अवैध गांजा बरामद कर एक अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सराहनीय योगदान देने वाले थाना सल्ट में नियुक्त में हेड कांस्टेबल सुरेन्द्र कुमार को पुलिस ऑफ द मंथ चुना गया। साथ ही पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। इसके अलावा 21 अधिकारी, कर्मचारी गणों की कार्यों की सराहना कर प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया।

# आशा कार्यकत्री की सेवा समाप्त

## सर्वाइकल कैंसर रोधी वैक्सीन की भ्रामक बातें फैलाना भारी पड़ा

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** सर्वाइकल कैंसर रोधी वैक्सीन को लेकर भ्रामक बातें फैलाना काशीपुर की एक आशा कार्यकत्री को भारी पड़ गया। बालिकाओं और उनके अभिभावकों के बीच 'सर्वाइकल कैंसर का टीका लगवाने के बाद लड़कियां मां नहीं बन पाएंगी' जैसी अफवाह फैलाने के आरोप में स्वास्थ्य विभाग ने संबंधित आशा कार्यकत्री की सेवाएं तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दी। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. केके अग्रवाल ने मामले को गंभीर बताते हुए कहा कि वैज्ञानिक रूप से प्रमाणित टीकों के खिलाफ गलत जानकारी फैलाना जनस्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि सर्वाइकल कैंसर रोधी वैक्सीन पूरी तरह सुरक्षित है और यह महिलाओं व किशोरियों को भविष्य में होने वाली गंभीर बीमारी से बचाने के लिए लगाई जाती है। सीएमओ ने कहा कि सरकार और स्वास्थ्य विभाग लगातार टीकाकरण अभियान को सफल बनाने के लिए जागरूकता कार्यक्रम चला रहे हैं, लेकिन कुछ लोग बिना तथ्यों के अफवाह फैलाकर लोगों में डर पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं। ऐसे मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या गलत प्रचार को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बताया गया कि संबंधित आशा कार्यकत्री काशीपुर क्षेत्र में कार्यरत थी। शिकायतें मिलने के बाद स्वास्थ्य विभाग ने मामले की जांच कराई, जिसमें आरोप सही पाए गए। इसके बाद विभाग ने कड़ी कार्रवाई करते हुए उसकी सेवाएं समाप्त कर दीं। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार अब ग्राम प्रधान की संस्तुति पर नई आशा कार्यकर्ता की नियुक्ति की जाएगी, ताकि क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाएं और टीकाकरण अभियान प्रभावित न हों। इस कार्रवाई के बाद जिले में साफ संदेश गया है कि जनहित से जुड़े स्वास्थ्य अभियानों के खिलाफ अफवाह फैलाने वालों पर विभाग सख्त कार्रवाई करेगा।

## कृषि विज्ञान केंद्र में जागरूकता कार्यक्रम




**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** बासमती धान एवं मसालों के मूल्य संवर्धन एवं प्रसंस्करण विषयक पर कृषि विज्ञान केंद्र में एक दिवसीय किसान जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित विधायक त्रिलोक सिंह चीमा ने बताया कि किसानों को उर्वरक, मिट्टी परीक्षण, फसल गुणवत्ता, जैविक खेती एवं आधुनिक कृषि तकनीकों से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की गईं। विधायक चीमा ने कहा कि किसानों की आय दोगुनी करने एवं कृषि को आधु. निक एवं आत्मनिर्भर बनाने हेतु पीएम नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार तथा सीएम पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखंड सरकार निरंतर किसानों के हित में कार्य कर रही है। कार्यक्रम में डॉ. जितेंद्र क्वात्रा, डॉ. अनिल सैनी, डॉ. अजय प्रभाकर, डॉ. शिव कुमार, डॉ. निर्मला पंत सहित पंतनगर विश्वविद्यालय एवं कृषि विज्ञान केंद्र के समस्त पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

# गैबिया नाले की तलीझाड़ सफाई का मेयर ने टीम के साथ किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** शहर में इस बार कतई भी जल भराव ना हो और जनता व व्यापारियों को परेशानी ना हो इसके मद्देनजर महापौर दीपक बाली के नेतृत्व में नगर निगम ने पूरी तरह से कमर कस ली है और शहर के बड़े-बड़े नालों की सफाई का काम शुरू हो गया है। महापौर दीपक बाली ने मानपुर रोड पर आरके फ्लोर मिल के पीछे गैबिया नाले की हो रही तलीझाड़ सफाई का निरीक्षण किया। उन्होंने नगरवासियों से अनुरोध किया कि नाले और नालियों पर यदि उनका कोई अतिक्रमण है तो उसे हटा लें ताकि नगर निगम को सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने में कोई समस्या न आए अन्यथा नगर निगम न सिर्फ उस अतिक्रमण को खुद हटाएगी बल्कि जरूरत पड़ने पर अतिक्रमणकारियों से जुर्माना भी वसूला जाएगा। महापौर ने कहा कि शहर के सभी बड़े नालों व नालियों की तलीझाड़ सफाई का अभियान चल रहा है।



उन्होंने नगरवासियों से अनुरोध किया कि वह भी सफाई व्यवस्था में अपना पूरा योगदान दे और नाले नालियों में कूड़ा न डालें। महापौर के साथ पार्षद वैशाली गुप्ता, रवि प्रजापति, अनिल कुमार, सादिक हुसैन, सुरेश सैनी, मयंक मेहता, सीमा सागर, शाह आलम, देव प्रजापति, प्रिंस बाली, घनश्याम सैनी, बीना नेगी, रोहित कुमार, प्रकाश नेगी, अशोक सैनी तथा नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अमरजीत सिंह साहनी सफाई निरीक्षक गणेश प्रसाद, मुकर्रम, इकबाल, चौधरी समरपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

# हस्तशिल्प एवं हैंडीक्राफ्ट उत्पादों की सराहना

## महिला सशक्तिकरण की मिसाल बन रही निर्मला सोसाइटी: जोशी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** निर्मला सोशल रिसर्च एंड डेवलपमेंट सोसाइटी में उत्तराखण्ड सरकार के निवर्तमान उपाध्यक्ष सेतु आयोग राज शेखर जोशी का आगमन हुआ।

इस अवसर पर उन्होंने संस्था द्वारा महिलाओं के स्वरोजगार एवं आत्मनिर्भरता की दिशा में किए जा रहे कार्यों का अवलोकन किया तथा महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा तैयार किए जा रहे हस्तशिल्प एवं हैंडीक्राफ्ट उत्पादों की सराहना की। राज शेखर जोशी ने संस्था के संच. ालक संजीव कुमार भटनागर एवं उनकी टीम के समर्पण की प्रशंसा करते हुए कहा कि समाज में आज भी ऐसे लोग हैं जो अपना तन, मन और धन को समाज सेवा के लिए समर्पित



कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि संस्था से जुड़े सैकड़ों महिला स्वयं सहायता समूह एवं हजारों महिलाएं आत्मनिर्भरता की दिशा में उल्लेखनीय कार्य कर रही हैं, जो पूरे समाज के लिए प्रेरणादायक है। संस्था में महिलाओं द्वारा पारंपरिक हस्तशिल्प, स्थानीय कला एवं रचनात्मक उत्पादों को अत्यंत मेहनत और कौशल के साथ तैयार किये जा रहा है। इन उत्पादों ने न केवल उत्तराखण्ड की सांस्कृतिक विरासत को संजोने का कार्य किया है, बल्कि महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस दौरान महिला समूहों के साथ संवाद करते हुए उनके कार्यों, चुनौतियों एवं भविष्य की योजनाओं पर विस्तृत चर्चा की गई। राज शेखर जोशी ने महिलाओं के आत्मविश्वास, सीमित संसाधनों में नवाचार करने की क्षमता तथा उद्यमिता की भावना की सराहना करते हुए कहा कि महिला सशक्तिकरण ही समाज और राष्ट्र की वास्तविक उन्नति का आधार है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि महिलाओं को प्रशिक्षण, मंच एवं अवसर प्रदान करने के लिए निर्मला सोशल रिसर्च एंड डेवलपमेंट सोसाइटी द्वारा किया जा रहा यह प्रयास आत्मनिर्भर उत्तराखण्ड के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। साथ ही उन्होंने सभी महिला स्वयं सहायता समूहों के उज्ज्वल एवं प्रगतिशील भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

## तीन लाख रुपये की ठगी

**अल्मोड़ा।** चौखुटिया में महिला से साइबर ठगी का मामला सामने आया है। महिला ने ठगी की शिकायत साइबर थाना देहरादून में कि थी। इधर, अब चौखुटिया पुलिस ने यहां जीरो एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार चौखुटिया निवासी एक महिला की ओर से साइबर थाना देहरादून में तहरीर दी गई थी। तहरीर में बताया कि चार मई को उन्हें एक अज्ञात का फोन आया था। फोन करने वाले ने बातों-बातों में उन्हें झांसे में ले लिया। आरोपी ने उनसे गोपनीय जानकारी लेकर 297050 रुपये की ठगी कर ली। ठगी का एहसास होने पर उन्होंने इसकी शिकायत साइबर थाना देहरादून में की। इधर, साइबर थाना देहरादून से मामले को चौखुटिया कोतवाली भेजा गया। पुलिस ने महिला की तहरीर के आधार पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# एसआइआर को लेकर सख्त निर्देश

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम 2026 के सफल संचालन को लेकर डीएम अंशुल सिंह ने शुक्रवार को संबंधित अधिकारियों, निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों, सहायक निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों एवं नामित नोडल अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्ट्रेट के वीसी कक्ष में हुई इस बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार जनपद में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य को पूरी गंभीरता एवं पारदर्शिता के साथ संपादित किया जाए।

उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्धारित समयसीमा के भीतर प्रत्येक चरण की कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि 29 मई से 7 जून 2026 तक गणना प्रपत्रों की प्रिंटिंग एवं कार्मिकों के प्रशिक्षण संबंधी कार्य संपन्न किए जाएंगे।

इसके उपरांत 8 जून से 7 जुलाई 2026 तक बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर गणना प्रपत्रों का वितरण एवं संग्रहण किया जाएगा। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी रजिस्ट्रीकरण अधिकारी अपने अपने अधीनस्थ बीएलओ का प्रशिक्षण सम्पन्न करें। जिलाधिकारी ने कहा कि मतदाता सूची का शुद्ध एवं त्रुटिरहित तैयार होना लोकतांत्रिक प्रक्रिया की मजबूती के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी पात्र नागरिकों का नाम मतदाता सूची में सम्मिलित हो तथा किसी भी प्रकार की त्रुटि या शिकायत का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। बैठक में यह भी अवगत कराया गया कि 14 जुलाई 2026 को ड्राफ्ट रोल का प्रकाशन होगा। दावे एवं आपत्तियां दर्ज कराने की अवधि 14 जुलाई से 13 अगस्त 2026 तक निर्धारित की गई है। इसके अतिरिक्त नोटिस जारी करने एवं दावे-आपत्तियों के निस्तारण की कार्यवाही माह जुलाई से 11 सितंबर 2026 तक चलेगी तथा अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 15 सितंबर 2026 को किया जाएगा। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ निर्वाचन आयोग की मंशा के अनुरूप कार्य करने तथा पुनरीक्षण कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि जहां जहां मतदाताओं की मैपिंग अवशेष है, उसको पूरा किया जाए।

# क्रिकेटर एकता बिष्ट नगर निगम की ब्रांड एंबेसडर

## विशेष स्वच्छता अभियान के लिए लोगों को करेंगी प्रेरित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** नगर निगम द्वारा शुक्रवार को वार्ड नंबर-4 आवास विकास स्थित श्री पंचेश्वर मंदिर प्रांगण में विशेष स्वच्छता अभियान महापौर गजराज सिंह बिष्ट के नेतृत्व में चलाया गया।



इस अवसर पर नगर आयुक्त परितोष वर्मा ने स्वच्छता जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर एकता बिष्ट को नगर निगम का स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर घोषित किया। इस मौके पर मेयर गजराज सिंह बिष्ट ने कहा कि जब प्रत्येक नागरिक अपने घर और आसपास स्वच्छता अपनाएगा, तभी शहर वास्तव में गंदगी मुक्त और स्वस्थ बन सकेगा। उन्होंने स्वच्छ हल्द्वानी, स्वस्थ हल्द्वानी का संकल्प दोहराते हुए लोगों से अभियान में सक्रिय भागीदारी की अपील की। नगर आयुक्त परितोष वर्मा ने कहा कि नगर निगम की इस पहल का उद्देश्य जनमानस में स्वच्छता के प्रति जागरूकता पैदा करना और लोगों को स्वच्छ भारत मिशन से जोड़ना है। स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर घोषित होने पर एकता बिष्ट ने नगर निगम हल्द्वानी-काठगोदाम और महापौर गजराज बिष्ट का आभार व्यक्त किया। उन्होंने नगरवासियों से स्वच्छ भारत मिशन से जुड़ने और हल्द्वानी को स्वच्छता में नंबर वन बनाने का संकल्प लेने का आह्वान किया। भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट एवं पूर्व महापौर डा. जोगेंद्र पाल रौतेला ने संयुक्त रूप से एकता बिष्ट को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस पहल से शहर के लोग प्रेरित होंगे और हल्द्वानी और अधिक स्वच्छ एवं सुंदर बनेगा। इस मौके पर पार्षद हेमा भट्ट, नेहा अधिकारी, पंकज त्रिपाठी, रवि जोशी, बीना चौहान, शैलेन्द्र दानू, राजेंद्र कुमार, संजय पाण्डेय, रुकमणी बिष्ट, राजेश पंत, नीमा भट्ट, सुरेंद्र मोहन नेगी, दीपक बिष्ट, मुन्नी कश्यप, तनुजा जोशी और विद्या देवी सहित उत्तराखंड ओलंपिक संघ के भगवान कार्की, दुग्ध संघ अध्यक्ष मुकेश बोरा, गन्ना समिति अध्यक्ष प्रताप सिंह, मंडल अध्यक्ष नीरज बिष्ट, मधुकर श्रोत्रिय, संदीप सनवाल, कौस्तुभानन्द जोशी, विनोद तिवारी, नगर स्वास्थ्य अधिकारी चंद्रशेखर टोलिया, सहायक नगर आयुक्त गजेन्द्र सैनी, कुलदीप कुल्याल, मनोज नेगी, विजयलक्ष्मी चौहान, पूनम जोशी मौजूद रहे।

## व्यक्ति लापता, गुमशुदगी

**हल्द्वानी।** बीते दस दिनों से लापता एक व्यक्ति का कोई सुराग न लगने पर परिजनों ने मुखानी थाने पहुंचकर तहरीर सौंपकर शीघ्र ही सकुशलता की गुहार लगाई। जानकारी के अनुसार मित्र कॉलोनी हल्द्वानी में रहने वाली रेखा ने मुखानी पुलिस को दी तहरीर में कहा कि उनका भाई 41 वर्षीय धीरज कुमार पिछले कई वर्षों से गोवा की एक निजी कंपनी में कार्यरत थे। 6 मई की रात उन्होंने परिजनों को फोन कर बताया था कि वे दिल्ली के लिए निकल रहे हैं और 7 मई तक हल्द्वानी पहुँच जाएंगे। लेकिन तय समय पर न तो वे घर पहुँचे और न ही उसके बाद परिवार से कोई संपर्क हुआ। उनका मोबाइल फोन भी लगातार स्विच ऑफ आ रहा है। उन्होंने बताया धीरज के माता-पिता का पहले ही निधन हो चुका है और घर में उनकी चार बहनें हैं, और धीरज ही बहनों का एकमात्र सहारा थे। उन्होंने कहा धीरज का हर जगह तलाश की लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। उन्होंने पुलिस को तहरीर सौंपकर शीघ्र ही भाई की सकुशलता की गुहार लगाई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर गुमशुदगी दर्ज कर ली है।

# 19 किलो डोडा पकड़ा, दो धरे

## काठगोदाम पुलिस को चैकिंग के दौरान मिली सफलता

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत काठगोदाम पुलिस ने चैकिंग के दौरान एसओजी की संयुक्त टीम के साथ शाहजहाँपुर उत्तर प्रदेश के दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। जिनके पास से 19 किलो 93 ग्राम डोडा पोस्त बरामद किया है। जिसकी कीमत 99 हजार 690 रूपये बताई जा रही है।



पुलिस ने दोनो तस्करों के खिलाफ कार्रवाई कर न्यायालय में पेश किया जहां से दोनो को जेल भेज दिया। जानकारी के अनुसार काठगोदाम थानाध्यक्ष विमल मिश्रा के नेतृत्व में पुलिस टीम व एसओजी की संयुक्त टीम क्षेत्र में चैकिंग कर रही थी तभी टीम को दो युवक संदिग्ध अवस्था में आते दिखाई दिए। शक होने पर टीम ने उन्हें रूकने को कहा लेकिन वह टीम को देख भागने लगे। शक होने पर टीम ने घेराबंदी करते हुए दोनो युवकों को दबोच लिया। उनके पास रखे दो कट्टों की तलाशी ली तो उसमे से 19 किलो 93 ग्राम डोडा पोस्त बरामद हुआ। पकड़े गए तस्करों ने अपना नाम अमर सिंह पुत्र राकेश सिंह निवासी खजुगोटिया गढ़िया रंगीन शाहजहाँपुर उत्तर प्रदेश, रोहित कश्यप पुत्र महेश कश्यप निवासी खजुगोटिया थाना गढ़िया रंगीन शाहजहाँपुर उत्तर प्रदेश बताया। पकड़े गए डोडा पोस्त की कीमत 99 हजार 690 रूपये बताई जा रही है। पुलिस ने दोनो तस्करों के खिलाफ कार्रवाई कर न्यायालय में पेश किया जहां से दोनो को जेल भेज दिया। टीम में एसआई अरुण सिंह राणा, हेड कांस्टेबल दीपक कुंवर, सुरेन्द्र सिंह सहित एसओजी हेड कांस्टेबल त्रिलोक सिंह व कुन्दन कठायत शामिल रहे।

# राजपुरा में नशे के खिलाफ उठी आवाज़

## नाराज़गी: क्षेत्र के लोगों ने पुलिस बहुउद्देशीय भवन का घेराव किया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** राजपुरा क्षेत्र में बढ़ते नशे के कारोबार में अंकुश लगाने की मांग को लेकर स्थानीय लोगों ने पार्षद के नेतृत्व में कोतवाली पहुंचे और कोतवाल विजय मेहता के माध्यम से एसपी सिटी को ज्ञापन सौंपकर शीघ्र ही कार्रवाई करने की मांग की। शुक्रवार को क्षेत्रवासियों द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में कहा कि राजपुरा क्षेत्र में खुलेआम नशे का कारोबार, सट्टा और जुआ संचालित हो रहा है, जिससे युवा पीढ़ी बुरी तरह प्रभावित हो रही है, और क्षेत्र का माहौल लगातार खराब हो रहा है। उन्होंने कहा कि कई बार शिकायतें किए जाने के बावजूद प्रभावी कार्रवाई नहीं



हो रही, जिससे अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। क्षेत्रवासियों ने आरोप लगाया कि अवैध नशे के कारोबारियों को स्थानीय पुलिस का संरक्षण प्राप्त है। साथ ही क्षेत्र की चौकी में तैनात पुलिस स्टाफ को हटाने की मांग भी उठाई गई। पार्षद प्रीति आर्या ने कहा कि नशे के बढ़ते कारोबार से युवाओं का भविष्य बर्बाद हो रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही अवैध गतिविधियों पर सख्त कार्रवाई नहीं की गई तो जन आंदोलन को और तेज किया जाएगा। ज्ञापन देने वालों में हेमंत साहू, मलय बिष्ट, धर्मवीर, त्रिलोक बनौली, सुमित कुमार, विजेंद्र चौहान, अमित रावत, पंकज कश्यप, जीत सिंह, राजों टंडन, प्रकाश आर्या, संजय शेखर, नवीन चौहान, सूरज प्रकाश, मोहम्मद दिलशाद, यूनुस अली, सौरभ कुमार, सुजल, सचिन, अतर सिंह, विक्की कश्यप, तलत एतेशाम, दिनेश चौहान आदि मौजूद रहे।

# पहले चरण में 10 शहरों में ड्रेनेज कार्य शुरू करने पर सहमति

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** कुमाऊं मंडल के विभिन्न शहरों में जलभराव की समस्या के स्थायी समाधान के लिए 2043 करोड़ रुपये की ड्रेनेज योजना पर शासन स्तर पर समीक्षा की गई। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर इस महत्वाकांक्षी योजना को आगे बढ़ाया जा रहा है।



कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत ने सिंचाई एवं संबंधित विभागों के साथ बैठक कर कुमाऊं मण्डल के 14 शहरों में जलभराव की समस्या को चिन्हित करते हुए विस्तृत प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेजा था। शुक्रवार को सचिवालय में प्रमुख सचिव आर मीनाक्षी सुन्दरम की अध्यक्षता में हुई बैठक में इन प्रस्तावों की समीक्षा की गई। बैठक में कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शामिल हुए और योजना से जुड़े बिंदुओं पर विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की। बैठक में निर्णय लिया गया कि पहले चरण में जलभराव से सर्वाधिक प्रभावित 10 शहरों में कार्य शुरू किया जाएगा। इनमें टनकपुर, बनबसा, खटीमा, रुद्रपुर, काशीपुर, गदरपुर, सितारगंज, हल्द्वानी तथा मालधनचौड़ शामिल हैं। इन शहरों में भी प्राथमिकता के आधार पर सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्रों में पहले ड्रेनेज कार्य किए जाएंगे। प्रमुख सचिव ने निर्देश दिए कि सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें और प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में तेजी से ड्रेनेज व्यवस्था सुधारने का कार्य पूरा करें, ताकि आम जनता को जलभराव की समस्या से राहत मिल सके। उन्होंने मास्टर प्लान को समयबद्ध और चरणबद्ध तरीके से लागू करने पर जोर दिया। प्रस्तावित योजना के अनुसार, पहले चरण के बाद शेष चार शहरों को दूसरे चरण में शामिल किया जाएगा और पूरे प्रोजेक्ट को निर्धारित योजना के अनुसार आगे बढ़ाया जाएगा। बैठक में सिंचाई विभाग सहित शासन के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

# आयकर आयुक्त का स्वागत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल द्वारा शुक्रवार को कुमाऊँ के मुख्य आयकर आयुक्त एनएस जंगपांगी का स्वागत एवं सम्मान आयकर विभाग के सभागार में किया गया। इस दौरान आयकर विभाग द्वारा व्यापारियों को नए संशोधनों और कर व्यवस्था से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से जानकारी दी गई। इस अवसर पर प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने मुख्य आयकर आयुक्त एनएस जंगपांगी को उनके सामाजिक एवं सांस्कृतिक क्षेत्रों में किए गए योगदान और उत्कृष्ट कार्यों के लिए शॉल ओढ़ाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।




जिलाध्यक्ष विपिन गुप्ता ने बताया कि जंगपांगी द्वारा आयकर विभाग के दायित्वों के साथ-साथ सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियों में भी सक्रिय भूमिका निभाई गई है। इस मौके पर प्रदेश कोषाध्यक्ष एवं जीएसटी प्रभारी राजेश अग्रवाल, हितेंद्र भसीन, महानगर अध्यक्ष योगेश शर्मा, मनोज जायसवाल, संदीप सक्सेना, स्वर्णकार एसोसिएशन से राजू भोसले, यज्ञ प्रकाश वर्मा, दिनेश वर्मा, राजू पावड़े, मुकेश खंडेलवाल सहित कई व्यापारी मौजूद रहे।

# कुमाऊंनी भाषा संरक्षण अभियान तेज़

## 11वें दिन बच्चों के लिए भाषण एवं कविता प्रतियोगिता का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** सौहार्द जन सेवा समिति द्वारा कुमाऊनी भाषा के संरक्षण एवं संवर्धन को लेकर चलाए जा रहे अभियान की श्रृंखला के 11वें दिन शुक्रवार को आकृति ऐंजल अकैडमी, जज फार्म, हल्द्वानी में कुमाऊनी भाषा पर आधारित भाषण एवं कविता प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 15 बच्चों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ समिति की अध्यक्ष विद्या महतोलिया एवं विद्यालय की निदेशक/प्रधानाचार्या कुसुम दीगारी द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस दौरान देवयानी, अंशिका, डोली, कीर्ति, मीनाक्षी,




नारायण, वैष्णवी, तपस्या, विनय, सौम्या, कोमल, कल्पना, प्रिया और जितेश ने महिला सशक्तिकरण तथा बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ विषय पर कुमाऊनी भाषा में आकर्षक नृत्य नाटिका प्रस्तुत की। सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान समिति की अध्यक्ष विद्या महतोलिया ने बच्चों को कुमाऊनी भाषा के लेखन एवं पठन की महत्ता बताते हुए उनके प्रयासों की सराहना की। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका साहित्यकार अमृता पांडेय एवं संस्था के संरक्षक पीसी पंत ने निभाई। विद्यालय की निदेशिका कुसुम दीगारी ने संस्था के माध्यम से सरकार से कुमाऊनी भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल करने और इसे पाठ्यक्रम में अनिवार्य विषय के रूप में लागू करने की मांग की। उन्होंने आश्वासन दिया कि विद्यालय की प्रात:कालीन सभा में प्रतिदिन कुमाऊनी भाषा में दो मिनट का भाषण अवश्य कराया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में संरक्षिका नीरजा बोरा, उपाध्यक्ष पूर्णिमा पांडे, सचिव विद्या जोशी, संयुक्त सचिव शशि जोशी, ममता भट्ट, ईश्वर चंद्र भट्ट, माया उप्रेती, पुनीता पांडे आदि मौजूद रहे।

## ईंधन संरक्षण जागरूकता अभियान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** वैश्विक ऊर्जा संकट के बीच हल्द्वानी स्पोर्ट्स स्टेडियम में खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों को ईंधन संरक्षण एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने के उद्देश्य से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।



जिला क्रीड़ा अधिकारी डा. निर्मला पंत ने सभी प्रशिक्षणार्थियों और प्रशिक्षकों से अपील की कि वे प्रतिदिन साइकिल या पैदल चलकर स्टेडियम आएं। उन्होंने कहा कि इससे न केवल ईंधन की बचत होगी, बल्कि स्वास्थ्य भी बेहतर रहेगा और पर्यावरण संरक्षण में भी योगदान मिलेगा। उन्होंने कहा कि छोटे-छोटे प्रयासों से बड़े बदलाव संभव हैं और खेल से जुड़े सभी लोगों को इस दिशा में पहल करनी चाहिए। खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों ने इस पहल का समर्थन करते हुए नियमित रूप से पर्यावरण हितैषी साधनों के उपयोग का संकल्प लिया। इस मौके पर उप क्रीड़ा अधिकारी वरुण बेलवाल, महेश बिष्ट, कोच त्रिलोक जीना, कोच किशोर पाल, अंकुश रौतेला, श्याम भट्ट, अमन नबियल, गोविंद परिहार, संजय गेड़ा, कैलाश जोशी, तरुण पांडे, मयंक सहित कई लोग मौजूद रहे।

सम्मन वास्ते करारदार उमूर तनकीह तलब (आर्डर 5 कायदा 1 व 5)
**न्यायालय श्रीमान अतिरिक्त परिवार न्यायाधीश, मुरादाबाद।**
**वाद संख्या** :-554 सन् 2025
**तारीख पेशी**: 07.07. 2026
**धारा: 13A H.M.Act.**
**सौरभ बनाम श्रीमति रेखा**
**बनाम**
रेखा उर्फ हेमा पत्नी सौरभ कुमार पुत्री राम सिंह निवासी चौधरी कालोनी हल्द्वानी, जिला नैनीताल।
हरगाह **वादी** ने आपके नाम एक एवं नालिश बावत **धारा: 13A H.M. Act.** के दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि तारीख 07 माह 07 सन् 2026 बवक्त 10 बजे दिन के असालतान या मार्फत के जो उमूर अहम मुताल्लिके मुकदमे का जवाब दे सके या जिसके पास कोई और शख्स जो जवाब ऐसे सवालात का दे सके, हाजिर हो और जवाब देही दावे की करे और आपको वाजिव है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज पेश करें जिन्हें अपनी जवाब देही में इस्तेमाल करना चाहते है। आपको इत्तिला दी जाती है कि आप अगर बरोज मजकूर हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिर आपके मन्सूख और फैसला होगा।
दस्तख्त मेरे व मोहर आज बतारीख 14 के माह 05 सन् 2026 को जारी किया है।
**प्रबंधक**
**अतिरिक्त परिवार न्यायालय**
**जनपद-मुरादाबाद।**

# पहाड़ी आर्मी ने सौंपे दायित्व

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** पहाड़ी आर्मी उत्तराखंड के नैनीताल जिला संगठन का विस्तार करते हुए जिलाध्यक्ष राजेंद्र कांडपाल और जिला प्रभारी हिमांशु शर्मा ने जिला, नगर, महिला और युवा इकाइयों का विस्तार करते हुए कई सक्रिय कार्यकर्ताओं को अहम पदों पर जिम्मेदारी सौंपी गई। संगठन को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए संरक्षक मंडल, अनुशासन समिति, लीगल सेल और सलाहकार समिति का भी गठन किया गया। जिसमें समाज के कई बुद्धिजीवी और समा. जसेवियों को यह जिम्मेदारी सौंपी गई।



जिला प्रभारी हिमांशु शर्मा ने कहा कि पहाड़ की अस्मिता की रक्षा के लिए संगठन को मजबूत करना आवश्यक है।

उन्होंने बताया कि इसी उद्देश्य से संगठन विस्तार किया गया है और आने वाले समय में इसे और व्यापक रूप दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि पहाड़ में महिलाओं की भूमिका हमेशा महत्वपूर्ण रही है, चाहे वह राज्य आंदोलन हो या सामाजिक आंदोलन। उन्होंने कहा कि संगठन का प्रयास है कि प्रत्येक महिला को जोड़कर पहाड़ी हिंदू सशक्तिकरण अभियान को घर-घर तक पहुंचाया जाए, और जल्द ही जिला सम्मेलन आयोजित कर आगामी रणनीति तय की जाएगी। इस दौरान जिलाध्यक्ष राजेंद्र कांडपाल, महिला जिलाध्यक्ष प्रेमा मेर, नगराध्यक्ष कविता जीना सहित कई लोग मौजूद रहे।

# पेट्रोल-डीज़ल के बढ़े हुए दाम वापस ले सरकार: भाकपा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** भाकपा माले ने केंद्र सरकार द्वारा पेट्रोल और डीज़ल की कीमतों में की गई ताज़ा बढ़ोतरी को आम जनता पर महंगाई का सीधा हमला करार दिया है। शुक्रवार को प्रेस को जारी बयान में भाकपा माले के डा. कैलाश पांडे ने कहा कि देश पहले से बेरोज़गारी, महंगाई और आर्थिक संकट से जूझ रहा है, ऐसे समय में ईंधन कीमतों में बढ़ोतरी जनता पर अतिरिक्त बोझ डालने जैसा है। कहा कि सरकार अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों और पश्चिम एशिया के युद्ध का हवाला देकर मूल्य वृद्धि को सही ठहराने की कोशिश कर रही है, जबकि वर्षों से पेट्रोलियम उत्पादों पर भारी कर लगाकर जनता से वसूली की जाती रही है। उनका कहना है कि जब वैश्विक बाजार में तेल की कीमतें कम हुई थीं तब जनता को राहत नहीं दी गई, लेकिन संकट बढ़ते ही पूरा बोझ आम नागरिकों पर डाल दिया गया। उन्होंने कहा कि पेट्रोल-डीज़ल की कीमतों में वृद्धि का असर केवल वाहन चालकों तक सीमित नहीं रहता, बल्कि इससे खेती की लागत, माल ढुलाई, बस किराया और रोजमर्रा की आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में भी बढ़ोतरी होती है। इसका सबसे अधिक प्रभाव गरीब और मेहनतकश तबकों पर पड़ता है। उन्होंने मांग करते हुए कहा कि पेट्रोल और डीज़ल की बढ़ी हुई कीमतें तत्काल वापस ली जाएं, पेट्रोलियम उत्पादों पर लगाए गए केंद्रीय करों में कटौती की जाए, किसानों और सार्वजनिक परिवहन को विशेष राहत दी जाए।

# मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

**हल्द्वानी।** 10 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण व प्रदेश में सख्त भू-कानून लागू करने जैसे विभिन्न मांगों को लेकर शुक्रवार को उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी मंच के जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिंह बिष्ट के नेतृत्व में राज्य आंदोलनकारियों ने सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेई के माध्यम से मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन भेजा। राज्य आंदोलकारियों द्वारा सीएम को भेजे गए ज्ञापन में कहा कि उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारियों को अब तक 10 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण का लाभ नहीं मिल पाया है। सरकार द्वारा मामले में न्यायालय में पैरवी किए जाने के कारण आंदोलनकारी लंबे समय से अपने अधिकारों से वंचित हैं, इसके साथ ही उन्होंने प्रदेश में वर्ष 1950 के भू-कानून को लागू करने की भी मांग उठाई। उन्होंने कहा राज्य



की जमीनों और संसाधनों की सुरक्षा के लिए मजबूत भू-कानून आवश्यक है। इस दौरान उन्होंने प्रदेश में बढ़ते नशे के कारोबार पर भी चिंता जताई गई। आंदोलनकारियों ने कहा कि नैनीताल जिले सहित पूरे प्रदेश में नशे का कारोबार गली-मोहल्लों तक फैल चुका है, जिससे युवा पीढ़ी प्रभावित हो रही है। ज्ञापन देने वालों में प्रमुख राज्य आंदोलनकारी कमल जोशी, पूरन चंद दानी, डीएन जोशी, दीवान सिंह बिष्ट, देवी दत्त ढोंडियाल, कुनाल बिष्ट आदि मौजूद रहे।

# लाल मस्जिद की प्रबंध कमेटी गठित

## सज्जाद अली अध्यक्ष, इकराम अंसारी बने सचिव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** आज़ाद नगर लाइन नंबर 16 स्थित लाल मस्जिद की प्रबंध कमेटी का गठन कर दिया गया है। नई कमेटी को उत्तराखंड वक्फ बोर्ड से भी मंजूरी मिल गयी है। नव नियुक्त कमेटी ने देहरादून वक्फ बोर्ड कार्यालय पहुंचकर वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष शादाब शम्स का आभार जताया है। नई कमेटी का कार्यकाल एक वर्ष का होगा। नई कमेटी में सज्जाद अली अध्यक्ष, हाजी मोहम्मद इमरान उपाध्यक्ष, इकराम अंसारी सचिव बने हैं। इनके अलावा अब्दुल वाजिद, मो. गुलफाम, मो. जाहिद, मो. नदीम, मो. आरिफ, फईम अहमद, मो. कलीम को सदस्य बनाया गया है। नवनियुक्त अध्यक्ष



सज्जाद अली ने बताया कि लाल मस्जिद की प्रबंध कमेटी का विगत कई वर्षों से गठन नहीं हुआ था। उत्तराखंड वक्फ बोर्ड ने नई कमेटी को मंजूरी दे दी है। इस मंजूरी के लिए कमेटी के पदाधिकारियों ने देहरादून वक्फ बोर्ड कार्यालय पहुंचकर अध्यक्ष शादाब शम्स से मुलाकात की। सज्जाद अली ने कहा कि प्रदेश की धामी सरकार वक्फ सम्पत्तियों की हिफाज़त के लिए बेहद संवेदनशील है। मुस्लिम समाज के गरीब वर्ग के लिए काम आने वाली वक्फ सम्पत्तियों को गलत हाथों में जाने से बचाने के लिए सज्जाद अली के नेतृत्व वाली नई कमेटी ने वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष शादाब शम्स का आभार जताया। वहीं भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष इसरार हुसैन ने लाल मस्जिद की नई प्रबंध कमेटी को मुबारकबाद दी और कहा कि भाजपा तथा धामी सरकार के नेतृत्व में अल्पसंख्यक समाज का उत्थान हो रहा है और समाज के हित और मज़हबी मकाम सुरक्षित हाथों में जा रहे हैं।

# विश्व पर्यावरण दिवस अभियान शुरू

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** रेलवे बोर्ड एवं मुख्यालय के निर्देशों के तहत तथा मंडल रेल प्रबंधक इज्जतनगर वीणा सिन्हा के नेतृत्व में इज्जतनगर मंडल द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस 2026' अभियान का शुभारंभ किया गया। यह अभियान आज शुक्रवार से 5 जून तक लगातार चलाया जाएगा।




इस अभियान का मुख्य उद्देश्य जलवायु परिवर्तन के प्रति जागरूकता बढ़ाना और पर्यावरण संरक्षण के लिए जन सहभागिता को प्रोत्साहित करना है। अभियान के पहले दिन काठगोदाम, हल्द्वानी, लालकुआं, रामनगर, काशीपुर, रुद्रपुर सिटी, बरेली सिटी, पीलीभीत, इज्जतनगर, कासगंज, फतेहगढ़ और फर्रुखाबाद सहित प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर विभिन्न जागरूकता गतिविधियां आयोजित की गईं। इस दौरान यात्रियों और आमजन को सिंगल यूज प्लास्टिक के बहिष्कार, अपशिष्ट प्रबंधन, कचरा पृथक्करण, पुन: उपयोग योग्य बोतलों व थैलों के प्रयोग, डिजिटल टिकटिंग और कागज-रहित यात्रा को अपनाने के लिए प्रेरित किया गया।

साथ ही रेलवे ऐप्स जैसे डिजिटल माध्यमों के उपयोग को भी बढ़ावा दिया गया। कार्यक्रम के दौरान स्वच्छता, हरियाली और प्लास्टिक मुक्त परिसर बनाए रखने के लिए सभी प्रतिभागियों को शपथ दिलाई गई। इस दौरान अधिकारियों, कर्मचारियों और यात्रियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। रेलवे प्रशासन ने बताया कि आने वाले दिनों में भी इसी तरह के जागरूकता कार्यक्रम, कार्यशालाएं और पर्यावरण संरक्षण से जुड़ी गतिविधियां लगातार आयोजित की जाएंगी, ताकि अधिक से अधिक लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक किया जा सके।

**शाह टाइम्स**
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं कृष्णा लोहा भण्डार, प्रथम तल काला ढुंगी रोड, हल्द्वानी (उत्तराखंड) से प्रकाशित।
**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎05946-250286
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UTTHIN/2003/10264
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# ईंधन की बचत को बनाएं अपनी दैनिक जीवनशैली का हिस्सा: ममता पंत

- 'सुरक्षित ईंधन, सुरक्षित जीवन' अभियान की हुई शुरूआत
- जिला जज ने फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया शुभारम्भ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** उत्तराखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, नैनीताल के तत्वावधान में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, उधमसिंह नगर द्वारा जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर, रुद्रपुर में "सुरक्षित ईंधन, सुरक्षित जीवन" अभियान का शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला जज एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिकन्द कुमार त्यागी द्वारा फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य आमजन में ईंधन संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण तथा स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। इस अवसर पर न्यायिक अधिकारियों, अधिवक्ताओं एवं न्यायालय कर्मचारियों को ईंधन की बचत के लिए प्रेरित करते हुए सप्ताह में दो दिन वैकल्पिक परिवहन अपनाने का आह्वान किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ममता पंत ने कहा कि वर्तमान समय में ऊर्जा संसाधनों का संरक्षण अत्यंत आवश्यक हो गया है। उन्होंने प्रधानमंत्री के आह्वान का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रत्येक नागरिक का दायित्व है कि वह ईंधन की बचत को अपनी दैनिक जीवनशैली का हिस्सा बनाए। उन्होंने बताया कि "सुरक्षित ईंधन, सुरक्षित जीवन" अभियान के अंतर्गत न्यायिक अधिकारियों, अधिवक्ताओं एवं कर्मचारियों से सप्ताह में दो दिन, विशेष रूप से सोमवार एवं शनिवार को, पैदल अथवा साइकिल से न्यायालय परिसर आने का अनुरोध किया गया है। उन्होंने कहा कि जो लोग दूरस्थ क्षेत्रों से आते हैं, वे आपसी समन्वय बनाकर एक ही वाहन का उपयोग करें, जिससे ईंधन की बचत के साथ-साथ प्रदूषण में भी कमी लाई जा सके। श्रीमती पंत ने कहा कि छोटे-छोटे प्रयास सामूहिक रूप से बड़े बदलाव का आधार बन सकते हैं और यह अभियान पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

अभियान को व्यवहारिक रूप से अपनाते हुए सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ममता पंत स्वयं अपने निवास स्थान भूरारानी से लगभग 45 मिनट की पैदल यात्रा कर न्यायालय परिसर पहुंचीं। उन्होंने उपस्थित लोगों को संदेश दिया कि नियमित पैदल चलना न केवल ईंधन की बचत करता है, बल्कि स्वास्थ्य के लिए भी अत्यंत लाभकारी है।

कार्यक्रम में अध्यक्ष जिला बार एसोसिएशन संजीव फौगाट ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि ईंधन संरक्षण केवल आर्थिक आवश्यकता नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के प्रति हमारी जिम्मेदारी भी है। उन्होंने अधिवक्ताओं एवं आमजन से अपील की कि वे अधिक से अधिक सार्वजनिक परिवहन, साइकिल अथवा साझा वाहन का उपयोग कर पर्यावरण संरक्षण में योगदान दें। इस अवसर पर सहायक विशेष न्यायाधीश एनडीपीसी दीपाली शर्मा, प्रथम अतिरिक्त जिला न्यायधीश राजू कुमार श्रीवास्तव, तृतीय अतिरिक्त जिला न्यायाधीश मुकेश चंद्र आर्या, एडीजे पॉकसो अनीता गुंजियाल सहित अन्य न्यायिक अधिकारीगण, अधिवक्तागण, न्यायालय कर्मचारी एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## नीट परीक्षा में हुई धांधली के खिलाफ जमकर निकाला गुबार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर ।** नीट परीक्षा में हुई धांधली और पेपर लीक के विरोध में कांग्रेस पार्टी के पार्षदों, पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने भगत सिंह चौक पर 80 फीट लंबा काला झंडा उठाकर जोरदार प्रदर्शन किया व केंद्रीय शिक्षा मंत्री के खिलाफ जमकर नारे बाजी करते हुए तत्काल इस्तीफे की मांग की। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं में भारी आक्रोश देखने को मिला।

इस मौके पर कांग्रेस नेताओं ने कहा कि नीट जैसी महत्वपूर्ण परीक्षा में पेपर लीक होना देश की शिक्षा व्यवस्था पर सबसे बड़ा कलंक है। लाखों विद्यार्थी दिन-रात 15 से 20 घंटे तक कठिन मेहनत करके डॉक्टर बनने का सपना देखते हैं, जबकि उनके माता-पिता अपने बच्चों की पढ़ाई के लिए कर्ज लेकर, अपनी जमा पूंजी खर्च करके और तमाम आर्थिक कठिनाइयों का सामना करके उन्हें कोचिंग व पढ़ाई करवाते हैं। लेकिन जब परीक्षा का पेपर ही लीक हो जाता है तो लाखों मेहनती बच्चों के सपने एक झटके में टूट जाते हैं।उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार युवाओं के भविष्य की सुरक्षा करने में पूरी तरह विफल साबित हुई है। लगातार हो रहे पेपर लीक यह दर्शाते हैं कि देश की परीक्षा प्रणाली भ्रष्टाचार और लाप. रवाही की गिरफ्त में है। यह केवल एक परीक्षा का मामला नहीं, बल्कि देश के करोड़ों युवाओं के भविष्य और उनके माता-पिता के संघर्ष का सवाल है। प्रदर्शन कारियों ने मांग की कि पूरे मामले की उच्चस्तरीय एवं निष्पक्ष जांच कराई जाए, पेपर लीक माफियाओं पर कठोर कार्रवाई की जाए तथा नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए केंद्रीय शिक्षा मंत्री तत्काल इस्तीफा दें। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि दोषियों पर सख्त कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा। प्रदर्शन करने वालों में वरिष्ठ कांग्रेस नेता व व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा, मोहनखेड़ा, पार्षद सौरव राज बेहड़, पार्षद परवेज कुरैशी, मोनिका ढाली, परिमल राय, राजेंद्र मिश्रा, बाबू खान, पार्षद सौरभ शर्मा, विक्की विर्क, पार्षद गौरव खुराना, पार्षद जितेश शर्मा, तरुण नेगी, सेवाराम दिवाकर, कुंवर पाल कोली, निशांत शाही, राकेश कोली, रणजीत तिवारी, सतनाम सिंह, सोहेल खान, विजय पुजारा, पार्षद इंद्रजीत सिंह, जगदीश कर्मकार, अनंत बिश्नोई, फैजल खान, सोनू चौहान, हरीश कुमार, सुरेंद्र सिंह, पार्षद शुभम दास, चेतन भट्ट, पार्षद अशफाक अली, पार्षद गौरव गिरी, मोहन कुमार, सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

## विशेष गहन पुनरीक्षण का कियान्वयन सफलतापूर्वक सम्पादित कराया जाए: पुरुषोत्तम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 01 जुलाई, 2026 की अर्हता तिथि के आधार पर मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम की मुख्य निर्वाचन अधिकारी डा. बीबीआरसी पुरूषोत्तम ने वर्चुल समीक्षा की। उन्होंने कहा राज्य में विशेष गहन पुनरीक्षण के सफल क्रियान्वयन हेतु विभाग एवं दायित्वों के आधार पर कार्ययोजना तैयार कर समयबद्ध कार्यवाही सुनिश्चित किए जाने के उद्देश्य से समस्त जिलाधिकारियों/जिला निर्वाचन अधिकारियों, समस्त नगर आयुक्तो नगर निगम (आयोग द्वारा नामित अपर जिला निर्वाचन अधिकारी), समस्त उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं समस्त निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के साथ वर्चुअल माध्यम से बैठक करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी निर्देश दिए कि आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार विशेष गहन पुनरीक्षण का कियान्वयन सफलतापूर्वक सम्पादित कराया जाए।

उन्होंने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण हेतु बीएलओ को अच्छी तरह प्रशिक्षण करा दिया जाए ताकि फिल्ड



में अच्छे से कार्य करे व कोई गलती की सम्भावना न रहे। उन्होंने कहा कि पुनरीक्षण कार्यो के दौरान राजनी. तिक पार्टियों के बीएलए भी साथ रहे इसका विशेष ध्यान रखा जाए।

उन्होंने कहा कि किसी की गलती के कारण यदि किसी का नाम निर्वाचन नामावली से कट गया है तो अभी भी समय है निर्वाचन नामावली में नाम जोड़ दिया जाए। बैठक में जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी नितिन सिंह भदौरिया, अपर जिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्र, नगर आयुक्त शिप्रा जोशी, सहायक निर्वाचन अधिकारी राजेन्द्र सिंह अधिकारी आदि मौजूद थे।

## निर्माणाधीन सड़क का पालिकाध्यक्ष जोशी ने किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** नगर पालिका परिषद खटीमा के अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी ने वार्ड नंबर 11 स्थित पुरानी सेल टैक्स वाली गली में चल रहे सड़क निर्माण कार्य का औचक स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कार्य की प्रगति और निर्माण सामग्री की गुणवत्ता को बारीकी से परखा। पालि. काध्यक्ष ने संबंधित ठेकेदार को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि निर्माण कार्य को निर्धारित समय सीमा के भीतर और पूरी पारदर्शिता व गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाए। विकास कार्यों में लापरवाही और गुणवत्ता से समझौता किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

निरीक्षण के दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय वार्डवासी भी मौके पर एकत्र हो गए। पालिकाध्यक्ष ने क्षेत्रवासियों से बेहद आत्मीयता के



साथ संवाद किया और उनकी समस्याओं व सुझावों को गंभीरता से सुना। लंबे समय से लंबित इस सड़क का निर्माण शुरू होने पर स्थानीय जनता ने खुशी जाहिर करते हुए पालिकाध्यक्ष का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी ने कहा कि नगर क्षेत्र के चहुंमुखी विकास के लिए पालिका परिषद द्वारा एक व्यापक कार्ययोजना तैयार कर ली गई है। आने वाले दिनों में खटीमा के सभी वार्डों में सड़क, नाली निर्माण, बेहतर सफाई व्यवस्था, स्ट्रीट लाइट और अन्य मूलभूत सुविधाओं का विस्तार युद्धस्तर पर किया जाएगा। इस दौरान सुधा तोमर, सुमित मिश्रा, अभिषेक सिंह, विदेशी राम सहित भारी संख्या में स्थानीय गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## ग्राम पंचायत नदंन्ना की खुली बैठक में अनेक बिंदु पर चर्चा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** ग्राम पंचायत नदन्ना की खुली बैठक में ग्रामीणों ने अनेक समस्याओं पर चर्चा की। बैठक की अध्यक्षता कर रही ग्राम प्रधान माया जोशी ने पंचायत निधि, क्षेत्र पंचायत निधि एवं जिला पंचायत अध्यक्ष अजय मौर्या द्वारा स्वीकृत सड़कें एवं मुख्यमंत्री घोषणा में स्वीकृत निर्माण संबंधी कार्यों की जानकारियां दी।

कार्यक्रम का संचालन कर रहे ग्राम विकास अधिकारी गिरीश चंद्र गहतोडी ने परिवार रजिस्टर, जन्म मृत्यु पंजीकरण, राशन कार्ड सत्यापन, यूसीसी के संबंध में बताया। उन्होंने ग्राम पंचायत के बजट से होने वाले विकास कार्यों की जानकारी दी। बैठक में समाज कल्याण की योजनाओं, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, स्वच्छता हेतु कूड़ा गाड़ी पर प्रति परिवार टैक्स, एसआईआर सत्यापन, विवाह पंजीकरण आदि से अवगत कराया। खुली बैठक में ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत में होने वाले आवश्यक कार्य - नाली निर्माण, खकरा नाला पिचिंग, नालियों की सफाई, सीसी रोड, विद्युत पोल, सोलर लाइट आदि समस्याएं उठाई। खुली बैठक में जिपंस प्रतिनिधि दीपक मुंडेला, कविता गंग. वार, हर सिंह थापा, वीर सिंह, अनमोल सिंह, जितेंद्र सिंह, मिथलेश देवी, सोनम देवी, नीला पोखरिया, भारत सिंह खड़का आदि मौजूद रहे।

## नेकी की दीवार बनी कचरे का ढेर

- जहां बटना था प्यार वहां पसरी बदबू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** गरीबों और जरूरतमंदों की मदद के लिए शुरू की गई नेकी की दीवार अब खुद अभाव में लाचार नजर आ रही है। जिस जगह को कभी शहर के जागरूक नागरिकों ने इस मकसद से सजाया था कि संपन्न लोग अपनी जरूरत से ज्यादा के कपड़े यहां छोड़ जाएं और जरूरतमंद उसे सम्मान पूर्वक ले जाएं, वह जगह आज एक डंपिंग ग्राउंड में तब्दील हो चुकी है।शहर के मुख्य चौराहे के पास स्थित इस नेक की दीवार पर आप कपड़ों की जगह गोबर और पशुओं ने अपना डेरा बना




लिया है।

स्थानीय निवासियों का कहना है की शुरुआत में यह मुहिम बहुत शानदार रही। लोग यहां अच्छे कपड़े कंबल छोड़ जाते थे लेकिन धीरे-धीरे लोगों ने इसे अपनी जिम्मेदारी मुंह मोड़ने लगे हैं। कई लोग फटे पुराने और पूरी तरह खराब हो चुके कपड़े यहां फेंक जाते हैं जो बारिश और धूल में सड़ते रहते हैं। जिस सामा. जिक संस्था ने खटीमा नगर पालिका के सहयोग से इस दीवार की शुरुआत की थी उसने उद्घाटन के बाद इसकी सुध नहीं ली। शुरुआत में यहां बहुत रौनक रहती थी और बाकी जरूरतम. दों को मदद मिलती थी लेकिन पिछले कुछ महीनो से ना तो कोई इसकी सफाई करने आता है और ना ही समान को व्यवस्थित किया जाता है अब यहां इतनी बदबू आती है कि पास से गुजरना भी मुश्किल हो गया है। क्या नीति की दीवार सिर्फ एक दिन के फोटो सेशन और वाहवाही लूटने का जरिया बनकर रह गई है।

खटीमा नगर पालिका और संबंधित संस्था से मांग की है की या तो इस जगह को नियमित सफाई और निगरानी की व्यवस्था की जाए या फिर इसे यहां से हटा दिया जाए ताकि स्वच्छता बनी रहे।

## सड़क सुरक्षा को लेकर किया गया जागरुक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** परिवहन विभाग द्वारा सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा सप्ताह कार्यक्रम के तहत ग्राम टांडा स्थित मदर्स ग्लोरी ग्लोरी पब्लिक स्कूल में स्कूली बच्चों को सड़क सुरक्षा को लेकर कई महत्वपूर्ण जानकारियां एसडीआरएफ के जवानों द्वारा दी गई इस दौरान एसडीआरएफ के जवानों द्वारा इस पूरी बच्चों को विभिन्न प्रकार की आपदा को लेकर किस प्रकार से अपनी आत्म रक्षा करनी चाहिए और वाहन चलाते समय क्या सावधानी बरती जानी चाहिए। इसको लेकर महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई तो वहीं स्कूली बच्चों को वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन करने के साथ ही हेलमेट एवं सीट बेल्ट का उपयोग एवं नशे में वाहन न चलाने तथा ओवर स्पीड एवं ओवरलोड को लेकर भी सचेत किया गया।

कार्यक्रम में मौजूद ए आरटीओ प्रवर्तन रिशु तिवारी ने बताया कि हर वर्ष सड़क दुर्घटनाओं में लाखों लोगों की मौत होती है जो की एक चिंता का कारण है। उन्होंने कहा कि वाहन चलाते समय जहां को यातायात नियमों का पालन करना आवश्यक है, तो वहीं यदि सड़क दुर्घटना में कोई घायल होता है तो उसकी जान बचाना और उसे तुरंत उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाना भी हम सब की जिम्मेदारी है। स्कूल की प्रधानाचार्य डॉक्टर मीना पांथरी ने भी परिवहन विभाग एवं एसडीआरएफ का आभार जताते हुए कहा कि आज जो बच्चों को जागरूक करने का काम किया गया उसे निश्चित तौर पर सड़क दुर्घटनाओं में जहां एक और कमी आएगी तो वही हम सब की जागरूकता से सड़क दुर्घटना में घायल की जान बचाने के साथ ही उसके परिवार में खुशियां लौटेंगी। एआरटीओ सुरेंद्र सिंह कपकोटी ने सभी लोगों से यातायात नियमों का पालन करने की अपील की है।

## 114 शिक्षक उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान से सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् रामनगर द्वारा परिषदीय परीक्षा 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले उत्तराखंड राज्य के चयनित 114 शिक्षकों को उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान 2026 से सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वाले शिक्षकों को परिषद् सचिव विनोद प्रसाद सिमल्टी, कौशल एकेडमी इण्टरनेशनल के निद. 'शक डा. गिरीश घुगत्याल, अपर निदेशक कुमाऊं गजेन्द्र सिंह सौन, संयुक्त सचिव चण्डी प्रसाद रतूडी, उप सचिव सुषमा गौरव, अन्तर्राष्ट्रीय एथलीट विजेन्द्र चौधरी व अन्य अतिथियों द्वारा शॉल व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया और प्रशस्ति पत्र सौंपा गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विजेन्द्र चौधरी द्वारा की गयी और संचालन शोध अधिकारी दरपान सिंह रौतेला ने किया।

बोर्ड सचिव विनोद प्रसाद सिमल्टी ने बताया कि परिषद् द्वारा पहली बार यह अभिनव प्रयास किया गया है। कौशल एकेडमी इण्टरनेशनल कानिया रामनगर द्वारा अपना सहयोग दिया गया है।इसके लिए संस्था का




आभार व्यक्त किया। कौशल एकेडमी इण्टरनेशनल संस्था के निदेशक डा. गिरीश घुगत्याल द्वारा अपनी संस्था के माध्यम से किये जा रहे प्रयासों व गतिविधियों की जानकारी दी गई। इस अवसर पर कुमाऊं मण्डल के अपर शिक्षा निदेशक गजेन्द्र सिंह सौन, बोर्ड के संयुक्त सचिव सीपी रतूड़ी, उप सचिव सुषमा गौरव, कार्यक्रम के समन्वयक व शोध अधिकारी डा. नन्दन सिंह बिष्ट, प्रशासनिक अधिकारी मोहन नैनवाल, सन्दीप बिष्ट, मनमोहन सिंह, दीप गोस्वामी, पंकज जोशी, दीवान गिरी, सन्तोष कोहली, वर्तिका, पियूषकान्त, अरविन्द रावत, महिपाल सिंह, निधि प्रकाश, अंशू चौहान, बालम सिंह, बचे सिंह रावत, धर्मेन्द्र बिष्ट, जीतेन्द्र कण्डारी सहित विभिन्न जनपदों के चयनित शिक्षक मौजूद रहे।

## मिस्टर इंडिया का खिताब जीतने वाले कल्पित बिष्ट का किया सम्मान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व पूर्व दर्जा राज्यमंत्री पुष्कर दुर्गापाल ने अपने समर्थकों और नगर पालिका के सभासदों के साथ अपने कार्यालय में मिस्टर इंडिया चैंपियन में मिस्टर इंडिया का खिताब जीतने वाले रामनगर के ग्राम छोई निवासी कल्पित बिष्ट का जोरदार स्वागत किया।

बता दे कि उत्तर प्रदेश के मेरठ में इंटर बॉडी बिल्डिंग फिटनेस एसोसिएशन द्वारा मिस्टर इंडिया मैंन फिजिक बॉडी बिल्डिंग चैंपियनशिप का आयोजन किया गया था, जिसमें रामनगर के होनहार युवक ने मिस्टर इंडिया चैंपियन का खिताब जीता है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व पूर्व दर्जा राज्यमंत्री पुष्कर दुर्गापाल और सभासदों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी। इस दौरान कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व पूर्व दर्जा राज्यमंत्री पुष्कर दुर्गापाल, सभासद तनुज दुर्गापाल, सभासद सलमान सलमानी,जफर इकबाल, सोनू करीम, संजय बिष्ट, अवधेश त्यागी, गोविंद नेगी,पप्पी आदि मौजूद रहे।

## रामनगर शहर काजी ने जुमे की नमाज में फिजूलखर्ची कम करने की अपील की

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** शहर काजी गुलाम मुस्तफा नईमी ने शुक्रवार को जुमे की नमाज में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की फिजूलखर्ची की सलाह का समर्थन करते हुये अवाम से फिजूलखर्ची कम करने की गुजारिश की है। जुमे की नमाज से पहले नमाजियों को सम्बोधित करते हुये इमाम नईमी ने कहा कि इरान-अमेरिका युद्ध के बाद पूरी दुनियां के साथ-साथ हमारा मुल्क भी संकट के दौर से गुजर रहा है, ऐसे में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने आर्थिक संशाधनों के इस्तेमाल में फिजूलखर्ची रोके जाने की अपील का सही बताते हुये मुस्लिम आवाम से भी डीजल, पेट्रोल, खाने के तेल, गेस व अन्य संसाधनों के खर्चों में कटौती करते हुये फिजूलखर्ची नही करने की बात कही। अपने बयान में इमाम नईमी ने देश मे आर्थिक संशाधनों के मौजूदा संकट का सामना आपसी भाईचारे के साथ मिल जुलकर करने की गुजारिश की है।इससे लोगों को फायदा होगा।

## एक नजर

### उत्तराखंड राज्य स्तरीय वोविनाम प्रतियोगिता 17 को

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** वोविनाम एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड की ओर से राज्य में वो. विनाम मार्शल आर्ट को बढ़ावा देने और युवा प्रतिभाओं को राष्ट्रीय मंच प्रदान करने के उद्देश्य से उत्तराखंड राज्य स्तरीय वोविनाम प्रतियोगिता 2026 का आयोजन किया जा रहा है।

वोविनाम एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड के अध्यक्ष ऋषि पाल भारती ने बताया कि यह प्रतियोगिता 17 मई 2026 को शिवालिक हॉल परिसर, मनोज सरकार स्पोर्ट्स स्टेडियम, रुद्रपुर में आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता में उत्तराखंड प्रदेश के विभिन्न जनपदों से लगभग 250 खिलाड़ी, कोच एवं रेफरी प्रतिभाग करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता में सब-जूनियर, जूनियर एवं सीनियर वर्ग के बालक-बालिका खिलाड़ी अपने कौशल का प्रदर्शन करेंगे। इसी प्रतियोगिता के माध्यम से आगामी राष्ट्रीय वोविनाम चैंपियनशिप के लिए उत्तराखंड राज्य टीम का चयन भी किया जाएगा।

### आवास विकास के महादेव पार्क की बदलेगी सूरत

**महापौर ने किया 16 लाख के सौंदर्यीकरण कार्यों का शिलान्यास**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** आवास विकास क्षेत्र के लोगों की लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा करते हुए महापौर विकास शर्मा ने वार्ड नंबर 39 स्थित महादेव पार्क के सौंदर्यीकरण एवं मंदिर में गुंबद निर्माण कार्य का नारियल फोड़कर विधिवत शिलान्यास किया। लगभग 16 लाख रुपये की लागत से होने वाले इस कार्य को लेकर क्षेत्रवासियों में खासा उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय लोगों ने महापौर का जोरदार स्वागत करते हुए विकास कार्यों के लिए उनका आभार व्यक्त किया।

शिलान्यास अवसर पर महापौर विकास शर्मा ने कहा कि नगर निगम शहर के प्रत्येक वार्ड में जनभावनाओं के अनुरूप विकास कार्य कराने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि महादेव पार्क लंबे समय से उपेक्षा का शिकार था और क्षेत्र के लोग लगातार इसके सौंदर्यीकरण की मांग कर रहे थे। अब इस पार्क को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया जाएगा, जिससे यह क्षेत्रवासियों के लिए बेहतर सार्वजनिक स्थल के रूप में विक. सित हो सके। इस अवसर पर पार्षद सौरभ राज बेहड़, पारस चुघ, गगन दुनेजा, अनंत विश्वनोई, सीपी शर्मा, हरीश कुमार, सम्प्रीत ग्रोवर, विक्की सैनी, शंकर जायसवाल, गणेश यादव, प्रिंस भगत, गोरव कुशवाहा, नरेश उप्रेती, सुमित वार्ष्णेय, सत्यम अरोरा, कुनाल, गौरव जुयाल, दिनेश गोस्वामी अंश मुंजाल, जीपी पाण्डे, सुषमा विश्नोई, जसवंत, विमला, सुमन छाबड़ा, मनीषा आदि समेत तमाम लोग मौजूद थे।

### विधवा महिला ने लगाया तीस लाख की धोखाधड़ी का आरोप

**एसडीएम के माध्यम से सीएम को शिकायती पत्रा भेजकर लगाई न्याय की गुहार**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** परिहार गली, सितारगंज रोड निवासी पीड़ित विधवा महिला सविता बिन्जोला पत्नी सिवेन्द्र प्रकाश बिन्जोला ने क्षेत्र के तीन कथित डीलरों पर साजिश के तहत बैंक खाते से करीब 30 लाख रुपये की धोखाधड़ी करने का गंभीर आरा. प लगाया है।

एसडीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री को भेजे शिकायती पत्र में पीड़िता ने बताया कि वर्ष 2020 में उन्होंने अपनी दुकान/गोदाम का सौदा खेतलसण्डा खाम निवासी एक व्यक्ति से किया था। आरोप है कि बाकी बचे 30 लाख रुपये की रकम डकारने के लिए आरोपियों ने श्नेटवर्क प्रॉब्लमश् और ब्याज का झांसा देकर बैंक में धोखे से आरटीजीएस (RTGS) फॉर्म पर साइन करवा लिए और पीड़िता के खाते से रकम अपने करीबियों के खातों में ट्रांसफर कर ली। पिछले 6 साल से पीड़िता न्याय के लिए भटक रही है, लेकिन अब पैसे मांगने पर आरोपी उन्हें जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। पीड़िता ने पूर्व में खटीमा पुलिस, एसएसपी और आईजी से भी शिकायत की थी, लेकिन कोई कार्रवाई न होने पर अब पीड़िता ने एसडीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री को एक शिकायती पत्र भेजकर आरोपियों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्यवाही करने, रकम वापस दिलाने तथा न्याय की गुहार लगाई है।

### 15 फीट लंबे अजगर से मचा हड़कंप, वन विभाग ने किया रेस्क्यू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** ग्राम हरसान में शुक्रवार को उस समय हड़कंप मच गया जब पूर्व फौजी सूबेदार ललित डोबाल के पोल्ट्री फार्म हाउस के पीछे स्थित मेंथा के खेत में मजदूरों को करीब 15 फीट लंबा अजगर सांप दिखाई दिया। विशाल अजगर को देखकर खेत में काम कर रहे मजदूरों में दहशत फैल गई और मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। सूचना मिलने पर आसपास के ग्रामीण भी मौके पर एकत्र हो गए। मामले की जानकारी वन विभाग को दी गई, जिसके बाद वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद अजगर का सुरक्षित रेस्क्यू किया गया। वन विभाग की टीम ने अजगर को पकड़कर सुरक्षित जंगल क्षेत्र में छोड़ दिया। राहत की बात यह रही कि इस दौरान किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। घटना के बाद क्षेत्र में काफी देर तक लोगों की भीड़ लगी रही।

### गणेशपुर में पैतृक भूमि को लेकर दो पक्षों में विवाद

**चकबंदी टीम ने किया मौका मुआयना**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** तहसील क्षेत्र के ग्राम गणेशपुर में पैतृक भूमि को लेकर दो भाइयों के वारिसों के बीच विवाद गहरा गया है। मामला खतौनी संख्या-32, खसरा संख्या-189, रकबा 0.506 हेक्टेयर भूमि से जुड़ा हुआ है, जो वर्तमान में चकबंदी प्रक्रिया के अंतर्गत है। बृहस्पतिवार को चकबंदी विभाग की टीम ने गांव पहुंचकर विवादित भूमि का मौका-मुआयना किया। ग्रामीणों के अनुसार लगभग 0.138 हेक्टेयर भूमि का अभी तक सीमांकन नहीं हो पाया है।

आरोप है कि गांव निवासी हुकुम सिंह पुत्र रामचरण द्वारा उक्त भूमि को जबरन जोतने का प्रयास किया जा रहा है, जिससे दोनों पक्षों के बीच तनाव की स्थिति बनी हुई है। मौके पर पहुंचे चकबंदी अधिकारियों ने दोनों पक्षों की बात सुनने के बाद आश्वासन दिया कि सात दिनों के भीतर निष्पक्ष पैमाइश कर भूमि का सीमांकन कराया जाएगा। वहीं पीड़ित पक्ष ने सीओ चकबंदी से मांग की है कि पैमाइश पूरी होने तक विवादित भूमि की जोताई पर रोक लगाई जाए, ताकि गांव में शांति व्यवस्था बनी रहे। फिलहाल मामले में चकबंदी विभाग की आगामी कार्रवाई पर दोनों पक्षों की नजरें टिकी हुई हैं।

### भाजपा नेता पर जमीन हड़पने का आरोप

**बंगाली परिवार ने एसडीएम से लगाई न्याय की गुहार**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** क्षेत्र में एक और भूमि विवाद का मामला सामने आया है। ग्राम बहादुरगंज निवासी एक बंगाली परिवार ने भाजपा नेता संजय बंसल पर जमीन हड़पने का आरोप लगाया है। पीड़ित परिवार ने मामले में कार्रवाई की मांग को लेकर एसडीएम डॉ. अमृता शर्मा को शिकायती पत्र सौंपकर न्याय की गुहार लगाई है। परिवार का आरोप है कि उनकी भूमि पर कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है तथा उन्हें लगातार परेशान किया जा रहा है। पीड़ितों ने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। वहीं एसडीएम डॉ. अमृता शर्मा ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच कर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

### मुख्य कृषि अधिकारी ने खाद गोदाम का किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** उधम सिंह नगर के मुख्य कृषि अधिकारी डॉ. बी.के.एस. यादव ने शुक्रवार को बाजपुर क्षेत्र स्थित खाद गोदाम का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने गोदाम में उपलब्ध खाद की गुणवत्ता, भंडारण व्यवस्था एवं वितरण संबंधी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को किसानों को समय पर खाद उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। साथ ही खाद वितरण में पारदर्शिता बनाए रखने एवं किसी प्रकार की लापरवाही न बरतने की हिदायत दी। निरीक्षण के दौरान विभागीय कर्मचारी एवं संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# जीआईसी सेलानीगोठ में राजनीति विज्ञान व संस्कृत विषय के पद सृजन की मांग तेज

- ग्रामीणों और शिक्षक अभिभावक संघ ने मुख्यमंत्री को भेजा प्रार्थना पत्र
- 350 छात्रों के भविष्य का मामला बताया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टनकपुर/चम्पावत।** राजकीय इंटर कॉलेज सेलानीगोठ में इंटर स्तर पर राजनीति विज्ञान तथा हाईस्कूल स्तर पर संस्कृत विषय के पद सृजन की मांग को लेकर क्षेत्रवासियों और शिक्षक अभिभावक संघ ने मुख्यमंत्री को प्रार्थना पत्र भेजा है।

प्रार्थना पत्र में कहा गया है कि विद्यालय में इंटरमीडिएट कला वर्ग में राजनीति विज्ञान विषय का पद आज तक स्वीकृत नहीं हो पाया है, जबकि विद्यालय में वर्ष 1998 से यह विषय छात्रों को अन्य विषयों के शिक्षकों के माध्यम से पढ़ाया जा रहा है। पद सृजित न होने के कारण विषय विशेषज्ञ की नियुक्ति नहीं हो पा रही है, जिससे छात्रों के परीक्षा परिणाम और अंक प्रभावित हो रहे हैं। बताया गया कि पिछले कुछ वर्षों में कई छात्र-छात्राएं इस विषय में अनुत्तीर्ण भी हुए हैं। इसके अलावा हाईस्कूल स्तर पर संस्कृत विषय का पद भी स्वीकृत नहीं होने से छात्रों को वैकल्पिक व्यवस्था के तहत पढ़ाई करनी पड़ रही है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि विद्यालय में सेलानीगोठ, बिचई, मनिहारगोठ, छीनीगोठ, फागपुर और बर्मा लाइन सहित विभिन्न क्षेत्रों के करीब 350 छात्र अध्ययनरत हैं, जिनके भविष्य को देखते हुए दोनों विषयों के पदों का सृजन बेहद जरूरी है।

ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों और शिक्षक अभिभावक संघ ने मुख्यमंत्री से छात्र हित में शीघ्र पद सृजन कर शिक्षकों की नियुक्ति कराने की मांग की है।

# मुख्य बाजार में चोरों का धावा

- चार दुकानों से लाखों की नगदी व सामान किया पार
- दुकानों में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हुई वारदात




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** पुलिस के रात्रि गश्त के दावों की एक बार फिर कलई खुलकर सामने आ गई है। अज्ञात चोरों ने निर्माणाधीन भवन पर चढ़कर पास की चार दुकानों में जीने के रास्ते प्रवेश कर वहां से लाखों रुपये की नगदी और लाखों रूपये कीमत का सामान चोरी कर लिया । घटना की सारी रिकार्डिंग दुकानों में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है। जिसमें तीन अज्ञात चोर घटना को अंजाम देते दिखाई दे रहे हैं। मामले की जानकारी मिलने पर मौके पर तमाम व्यापारी नेताओं सहित महापौर विकास शर्मा भी आ पहुंचे और उन्होंने दुकान स्वामियों से घटना की विस्तार से जानकारी लेकर मौका मुआयना भी किया। उन्होंने घटना पर गहरा रोष जाहिर करते हुए पुलिस को शीघ्र खुलासा करने को कहा।

जानकारी के अनुसार मटके वाली गली में एक भवन निर्माणाधीन है । मध्य रात्रि उक्त भवन के रास्ते चोर छत पर पहुंचे और उन्होंने पड़ोस की दुकान रेड़ चीफ के शोरूम के जीने का दरवा. जा तोड़ दिया और भीतर जा घुसे। इसके बाद चोरों ने जीने के ही रास्ते स्पाईकर शोरूम, ब्लैक बेरी शोरूम व ग्लोबल रिपब्लिक शोरूम में घुसकर चोरी की घटना को अंजाम दिया और मौके से फरार हो गए। प्रात: जब चारों शोरूम के स्वामी दुकान खोलने आए तो उन्हें अन्दर सारा सामान बिखरा दिखाई दिया। उन्होंने मामले की जानकारी व्यापारी नेताओं व पुलिस को दी। स्पाईकर शोरूम के स्वामी मधुर मेंहदीरत्ता ने बताया कि चोर उसके प्रतिष्ठान से गल्ले में रखे 48 हजार रुपये नगद, लैपटाप और हजारों कीमत के रेडीमेड कपड़े चोरी कर ले गए हैं। वहीं ब्लैकबेरी शोरूम के स्वामी अंकित नरूला का कहना है कि चोरों द्वारा शोरूम से करीब 2.50 लाख की नगदी व सामान चुराया गया है। रेडचीफ के प्रबंधक भूपेन्द्र ने बताया कि चोर प्रतिष्ठान से लगभग 10 हजार की नगदी के साथ सामान चोरी कर ले गए हैं जिसकी विस्तृत जानकारी स्टॉक देखने के बाद पता चल सकेगी। वहीं ग्लोबल रिपब्लिक के स्वामी आदित्य शर्मा का कहना है कि चोर शोरूम से लगभग पांच लाख रुपये का सामान चोरी कर ले गए हैं। शोरूमों में लगे सीसीटीवी में तीन चोर शोरूम के भीतर चोरी करते दिखाई दिए हैं। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

घटना की जानकारी मिलने पर महापौर विकास शर्मा और पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल, समा. जसेवी संजय ठुकराल भी मौके पर आ पहुंचे और उन्होंने शोरूम स्वामियों से घटना की विस्तार से जानकारी लेकर मौका मुआयना भी किया। साथ ही वहां आए पुलिस अधिकारियों को घटना का शीघ्र खुलासा करने को कहा।

## एक नजर

### बनबसा में नशे के कारोबार पर बड़ा प्रहार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टनकपुर/बनबसा।** सीमांत क्षेत्र में नशे के कारोबार पर शिकंजा कसते हुए पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम ने एक युवक को अवैध स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से 30.45 ग्राम स्मैक और एक मोबाइल फोन बरामद हुआ है। मामले में पुलिस अब सप्लाई नेटवर्क की जांच में जुट गई है।



30.45 ग्राम स्मैक के साथ युवक पकड़ा

पुलिस अधीक्षक रेखा यादव के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत गुरुवार को बनबसा क्षेत्र में चें. कंग की जा रही थी। इसी दौरान एक युवक पुलिस टीम को देखकर संदिग्ध परिस्थितियों में भागने लगा। शक होने पर टीम ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से स्मैक बरामद हुई। पूछताछ में युवक की पहचान उचौलीगोठ, टनकपुर निवासी अजय राम उर्फ अज्जू उर्फ अंजन के रूप में हुई। प्रारंभिक पूछताछ में उसने बताया कि मादक पदार्थ उधम सिंह नगर जिले के बिढोरा मझोला क्षेत्र से लाया गया था। पुलिस अब पूरे नेटवर्क और इससे जुड़े अन्य लोगों की जानकारी जुटा रही है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार आरोपी पूर्व में भी एनडीपीएस एक्ट के मामले में जेल जा चुका है। टीम में एसओजी प्रभारी कमलेश भट्ट, एसआई प्रकाश भट्ट, एसआई निर्मल लटवाल सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे।

### आंगनबाड़ी कार्यकत्री को नोटिस दो दिन में मांगा जवाब

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चम्पावत।** बाल विकास विभाग ने कार्य में लापरवाही बरतने पर आंगनबाड़ी केंद्र गल्लागांव की कार्यकत्री को नोटिस जारी किया है। जिला कार्यक्रम अधिकारी प्रकाश बृजवाल ने बताया कि 14 मई को कार्यकर्ती केंद्र पर मौजूद न होकर जिलाधिकारी कार्यालय में पाई गईं। विभाग ने बिना अनुमति केंद्र से अनुपस्थित रहने को गंभीर अनुशासनहीनता मानते हुए दो दिन के भीतर स्पष्टीकरण मांगा है। संतोषजनक जवाब न मिलने पर विभागीय कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

### चम्पावत में अवैध भांग की खेती पर प्रशासन का बड़ा वार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लोहाघाट।** जनपद चम्पावत में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के "नशामुक्त देवभूमि" अभियान के तहत अवैध नशे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की गई। थाना पाटी पुलिस ने वन विभाग और आबकारी विभाग के साथ संयुक्त अभियान चलाते हुए ग्राम बैरक और ग्राम भैसर्ग में लगभग 230 नाली भूमि पर उगाई गई अवैध भांग की खेती को नष्ट कर दिया।



- 230 नाली जमीन पर चला अभियान
- पाटी पुलिस, वन विभाग और आबकारी टीम की संयुक्त कार्रवाई

पुलिस अधीक्षक रेखा यादव के निर्देश पर जिलेभर में अवैध मादक पदार्थों की खेती और तस्करी के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में पाटी क्षेत्र में चलाए गए "ऑपरेशन प्रहार" के तहत प्रशासनिक टीम ने मौके पर पहुंचकर अवैध भांग की फसल को पूरी तरह नष्ट किया। कार्रवाई के दौरान ग्रामीणों को भी जागरूक किया गया और भविष्य में भांग की खेती न करने की सख्त चेतावनी दी गई। साथ ही नशे के दुष्परिणामों की जानकारी देकर लोगों से पुलिस का सहयोग करने की अपील की गई। चम्पावत पुलिस ने आमजन से कहा है कि यदि कहीं भी अवैध मादक पदार्थों की खेती या तस्करी की सूचना मिले तो तुरंत पुलिस को सूचित करें। सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी।

### लोहाघाट में प्लास्टिक पर पालिका का शिकंजा, कार्रवाई से मचा हड़कंप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लोहाघाट।** स्वच्छ और पर्यावरण अनुकूल लोहाघाट बनाने की दिशा में नगर पालिका परिषद ने प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ सख्त अभियान शुरू कर दिया है।

जिलाधिकारी मनीष कुमार के निर्देश पर चलाए गए इस विशेष अभियान के तहत बाजार क्षेत्र में दुकानों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों की गहन जांच की गई। अधिशासी अधिकारी सौरभ नेगी के नेतृत्व में पालिका टीम ने नगर के विभिन्न हिस्सों में छापेमारी करते हुए प्रतिबंधित प्लास्टिक सामग्री का उपयोग करने वाले दुकानदारों पर कार्रवाई की। अभियान के दौरान तीन दुकानदारों के चालान किए गए और कुल 1700 रुपये का जुर्माना वसूला गया। अधिशासी अधिकारी सौरभ नेगी ने कहा कि नगर की स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण से किसी भी तरह का समझौता नहीं किया जाएगा। इस मौके पर पालिका कर्मी प्रमोद महर, सागर नाथ, जयवर्धन शाह एवं संदीप वाल्मीकि भी मौजूद रहे।

### नशा मुक्ति अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** कोतवाली जसपुर पुलिस एवं नगर युवा मोर्चा के संयुक्त तत्वावधान में बीएसवी इंटर कॉलेज में नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं को नशे जैसी बड़ी सामाजिक बुराई से दूर रहने तथा समाज में जागरूकता फैलाने के लिए प्रेरित किया गया।



कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नवनियुक्त कोतवाल राजेश पांडे उपस्थित रहे। उनके साथ नादेही चौकी इंचार्ज संतोष देवरानी, कॉलेज के प्राधानाचार्य मेजर स्वतंत्र कुमार मिश्रा मौजूद रहे। कार्यक्रम में कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और नशा मुक्त समाज बनाने का संकल्प लिया। इस दौरान कोतवाल राजेश पांडे ने युवाओं को नशे से होने वाले दुष्प्रभावों की जानकारी दी गई तथा सभी को समाज में जागरूकता फैलाने और नशे से दूर रहने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर युवा मोर्चा के जिला एवं नगर पदाधिकारियों ने भी सक्रिय सहभागिता निभाई। कार्यक्रम में नगर अध्यक्ष युवा मोर्चा अमित बग्गा, रोहित, गौरव प्रजापति, सत्यम जोशी, आदर्श विश्वनोई, राहुल चौहान, पुष्कर अग्रवाल, दीपक राणा, धुरुव सेहदेव, रोहिताश कुमार एवं नमन ठाकुर समेत कॉलेज के शिक्षकगण उपस्थित रहे।

### नैनीताल बैंक द्वारा स्वास्थ्य विभाग को सीएसआर के अंतर्गत एम्बुलेंस की भेंट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** स्वास्थ्य सुविधाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाने की दिशा में नैनीताल बैंक द्वारा अपनी कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (CSR) गतिविधियों के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग पिथौरागढ़ को एक आधुनिक एम्बुलेंस प्रदान की गई। राजकीय नर्सिंग संस्थान, निकट देव सिंह मैदान, पिथौरागढ़ में आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी आशीष कुमार भटगांई मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद के दूरस्थ एवं पर्वतीय क्षेत्रों तक समय पर स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि एम्बुलेंस जैसी सुविधाएं आपातकालीन परिस्थितियों में मरीजों को त्वरित चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

# पुरानी रंजिश में देर रात ताबड़तोड़ फायरिंग

- परिवार ने भागकर बचाई जान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गदरपुर।** थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत सरोवर नगर के मजरा खुशालपुर में गुरुवार देर रात पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों के बीच तनाव हिंसक झड़प में बदल गया। आरोप है कि हथियारों से लैस कुछ दबंग लोग गुरदेव सिंह के घर पहुंच गए और गाली-गलौज करते हुए हमला कर दिया। इस दौरान घर के बाहर रखे सामान में तोड़फोड़ की गई और कई राउंड फायरिंग से पूरे क्षेत्र में दहशत फैल गई।

पीड़ित परिवार के मुताबिक हमलावरों ने मुख्य दरवाजा तोड़कर घर में घुसने की भी कोशिश की। अचानक हुई घटना से घर में मौजूद



महिलाएं और बच्चे सहम गए और किसी तरह छिपकर अपनी जान बचाई।

शोर-शराबा और गोलियों की आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण भी दहशत में आ गए। घटना की सूचना तत्काल डायल 112 पर पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस टीम को देखकर आरोपी फरार हो गए।

पुलिस ने घटनास्थल से कई खोखे बरामद किए हैं और मामले की जांच शुरू कर दी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि दोनों पक्षों के बीच काफी समय से विवाद चला आ रहा था।

फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है और आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है।

> घटना की जांच की जा रही है, पुलिस टीम ने मौके पर पहुंच कर जानकारी जुटाई है। जल्द ही आरो. पियों को गिरफ्तार किया जाएगा।
> **भूपेंद्र सिंह बृजवाल**
> **प्रभारी कोतवाली गदरपुर**

# सिर्फ पत्राचार तक सीमित शिक्षा विभाग

- सैलानीगोठ कॉलेज में पद सृजन आज तक अधर में
- तीन स्तरों से भेजे गए प्रस्ताव, लेकिन शासन स्तर पर कार्रवाई शून्य

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टनकपुर/चम्पावत।** राजकीय इंटर कॉलेज सैलानीगोठ में नए पदों की मांग को लेकर शिक्षा विभाग का रवैया सवालों के घेरे में आ गया है। विद्यालय प्रशासन से लेकर खंड शिक्षा अधिकारी और मुख्य शिक्षा अधिकारी कार्यालय तक लगातार पत्राचार होने के बावजूद आज तक नए पदों की बहाली नहीं हो पाई है। इससे क्षेत्र के छात्रों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है, जबकि विभागीय अधिकारी केवल फाइलें आगे बढ़ाने तक सीमित नजर आ रहे हैं।

विद्यालय के प्रधानाचार्य ने 23 मई 2025 को छात्र संख्या और विषयवार आवश्यकता को देखते हुए इंटरमीडिएट एवं हाईस्कूल स्तर पर नए पद सृजन का प्रस्ताव भेजा था। इसके बाद खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय ने भी प्रस्ताव को अग्रसारित किया और मुख्य शिक्षा अधिकारी चम्पावत ने 31 मई 2025 को माध्यमिक शिक्षा निद. ेशक, देहरादून को पत्र भेजकर शासन स्तर पर कार्रवाई की मांग की।

बावजूद इसके, महीनों बाद भी स्थिति जस की तस बनी हुई है। सबसे गंभीर बात यह है कि राजनी. ति विज्ञान समेत कई विषयों में पदों की आवश्यकता बताई गई, लेकिन विभागीय उदासीनता के चलते छात्र शिक्षक संकट से जूझ रहे हैं। स्थानीय लोगों और अभिभावकों का कहना है कि शिक्षा विभाग केवल कागजी कार्रवाई कर अपनी जिम्मेदारी पूरी मान रहा है, जबकि जमीनी स्तर पर छात्रों का भविष्य अंधेरे में धकेला जा रहा है।

क्षेत्रवासियों ने आरोप लगाया कि यदि समय रहते पदों की बहाली नहीं हुई तो इसका सीधा असर बोर्ड परीक्षाओं और विद्यार्थियों की पढ़ाई पर पड़ेगा। उन्होंने शासन और शिक्षा विभाग से तत्काल नए पद स्वीकृत कर नियुक्ति प्रक्रिया शुरू करने की मांग की है। साथ ही चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन का रास्ता अपनाया जाएगा।

# धामी सरकार की बड़ी सौगात

- पूर्व सैनिकों के आश्रितों की पढ़ाई को मिला सहारा
- उच्च शिक्षा के लिए 20.39 लाख मंजूर, 168 मेधवी छात्र-छात्राओं को मिलेगा लाभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चम्पावत।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में राज्य सरकार ने पूर्व सैनिकों और शहीद परिवारों के कल्याण की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया है। सरकार ने पूर्व सैनिकों के आश्रित मेधावी छात्र-छात्राओं की उच्च शिक्षा को प्रोत्साहन देने के लिए वर्ष 2024-25 की छात्रवृत्ति मद में 20.39 लाख की धनराशि स्वीकृत की है।

मुख्यमंत्री के निर्देश पर कारगिल शहीद परिवार मुख्यमंत्री सहायता कोष से स्वीकृत यह राशि इंजीनियरिंग, मेडिकल और पीएचडी जैसे उच्च शिक्षा पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को प्रदान की जाएगी। सरकार के इस फैसले से प्रदेश के 168 मेधावी विद्यार्थियों को सीधा लाभ मिलेगा। प्रदेश सरकार का मानना है कि देश सेवा करने वाले सैनिकों के परिवारों को सम्मान और सहयोग देना उसकी प्राथमिक जिम्मेदारी है। आर्थिक सहायता मिलने से छात्र-छात्राओं को पढ़ाई के दौरान आने वाली वित्तीय परेशानियों से राहत मिलेगी और वे अपने भविष्य को बेहतर बनाने की दिशा में मजबूती से आगे बढ़ सकेंगे। सरकार की इस पहल को पूर्व सैनिक परिवारों के लिए राहत और सम्मान से जोड़कर देखा जा रहा है। मुख्यमंत्री धामी लगातार सैनिक हितों और युवाओं की शिक्षा को प्राथमिकता देने की बात कहते रहे हैं।

# डीएम के औचक निरीक्षण से मचा हड़कंप

- लघु सिंचाई विभाग में अधिशासी अभियंता समेत कई कर्मचारी गायब
- कार्यालय में पसरा मिला सन्नाटा, डीएम ने वेतन रोकने के साथ मांगा जवाब

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चम्पावत।** सरकारी कार्यालयों की कार्यशैली सुधारने और अधिकारियों-कर्मचारियों की जवाबदेही तय करने के लिए जिलाधिकारी मनीष कुमार लगातार सख्त रुख अपनाए हुए हैं। शुक्रवार को डीएम ने छतार स्थित लघु सिंचाई विभाग कार्यालय का औचक निरीक्षण किया, जहां का हाल देखकर वह खुद भी हैरान रह गए।



निरीक्षण के दौरान अधिशासी अभियंता समेत करीब आधा दर्जन कर्मचारी कार्यालय से अनुपस्थित मिले। जैसे ही जिलाधिकारी के पहुं. चने की सूचना मिली, विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। कुछ कर्मचारी आनन-फानन में कार्यालय पहुंचे, लेकिन तब तक डीएम स्थिति का जायजा ले चुके थे। जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता की अनुपस्थिति को गंभीर लापरवाही मानते हुए उनका एक दिन का वेतन रोकने के निर्देश दिए और स्पष्टीकरण तलब किया। उन्होंने साफ चेतावनी दी कि यदि जवाब संतोषजनक नहीं मिला तो विभागीय और प्रशासनिक कार्रवाई भी की जाएगी।

डीएम मनीष कुमार ने नाराजगी जताते हुए कहा कि दूर-दराज के ग्रामीण क्षेत्र से लोग अपनी समस्याएं लेकर कार्यालय पहुंचते हैं, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी समय पर कार्यालय नहीं आते, यह बेहद गंभीर विषय है।

उन्होंने कहा कि जब विभाग का मुखिया ही अनुशासनहीनता दिखाएगा तो उसका सीधा असर पूरे कार्यालय की कार्यप्रणाली पर पड़ेगा। जिलाधिकारी ने अन्य अनुपस्थित कर्मचारियों से भी जवाब तलब करने के निर्देश दिए। प्रशासन की इस सख्ती के बाद अन्य विभागों में भी हड़कंप का माहौल बना हुआ है।

# जिलाधिकारी की अभिनव पहल 'हेलो हेल्प' का शुभारंभ

- जन शिकायतों के त्वरित समाधान की नई पहल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** जनपद पिथौरागढ़ में आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित, पारदर्शी एवं प्रभावी समाधान हेतु आज एक अभिनव पहल "हेलो हेल्प" हेल्प डेस्क का शुभारंभ किया गया। जिलाधिकारी आशीष भटगांई द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर में रिबन काटकर अपनी इस अभिनव जनहितकारी पहल का विधिवत उद्घाटन किया गया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि "हेलो हेल्प पिथौरागढ़" का उद्देश्य आम जनता की शिकायतों एवं समस्याओं का डिजिटल एवं दूरभाष माध्यम से सीधा पंजीकरण कर उनका समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि अब सीमांत एवं दूरस्थ क्षेत्रों में रहने वाले नागरिकों को अपनी समस्याओं के समाधान हेतु बार-बार कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। उन्होंने बताया कि इस सेवा के अंतर्गत एक समर्पित हेल्पलाइन नंबर एवं डिजिटल हेल्प डेस्क स्थापित की गई है, जिसके माध्यम से नागरिक अपनी




शिकायतें सीधे दर्ज करा सकेंगे। प्राप्त शिकायतों को रियल-टाइम में संबंधित विभागों को प्रेषित किया जाएगा, जिससे उन पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित हो सके। शिकायत के निस्तारण के उपरांत शिकायतकर्ता को कार्रवाई एवं प्रगति की जानकारी भी उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि पूरी व्यवस्था को सरल, पारदर्शी एवं जनहितकारी बनाया गया है, ताकि आमजन को प्रशासनिक सेवाओं का बेहतर लाभ मिल सके। जनसुविधा हेतु नागरिक मोबाइल नंबर 9458144651 पर संपर्क कर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी योगेंद्र सिंह समेत अन्य अधिकारी गण मौजूद रहे।

# ब्लॉक प्रमखु केडी रुवाली ने कुमाऊं आयुक्त से की भेंट

- विकासखंड में विकास कार्यों को लेकर सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ओखलकांडा।** विकासखंड ओखलकांडा के ब्लॉक प्रमुख केडी रुवाली ने कुमाऊं मंडल के आयुक्त दीपक रावत से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान क्षेत्र के जनहित एवं विकास से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई तथा एक ज्ञापन सौंपा गया।

ज्ञापन में हरीशताल-कौन्ता-स्युड़ा मोटर मार्ग की शीघ्र मरम्मत एवं पुनर्निर्माण की मांग प्रमुख रूप से रखी गई, जिससे क्षेत्रीय जनता को सुगम एवं सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिल सके। साथ ही क्षेत्र के विद्यालयों के उच्चीकरण एवं शिक्षकों की कमी को दूर किए जाने का भी आग्रह किया गया, ताकि शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ एवं गुणवत्तापूर्ण बनाया जा सके। इसके अतिरिक्त तहसील खन्स्यूं में उपजिलाधिकारी एवं तहसीलदार की स्थायी नियुक्ति सुनिश्चित किए जाने का भी अनुरोध किया गया। क्षेत्र के प्रमुख प्राकृतिक एवं पर्यटन स्थल हरीशताल एवं लोहाखाम ताल के समग्र विकास को पर्यटन से जोड़ने तथा दोनों



तालों को सिंचाई विभाग के अधीन लेकर वहाँ नौकायन (बोटिंग) व्यवस्था प्रारम्भ किए जाने का प्रस्ताव भी प्रस्तुत किया गया, जिससे पर्यटन को बढ़ावा मिलने के साथ-साथ स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के अवसर सृजित हो सकें।

कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत ने सभी विषयों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश देने तथा शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। इस अवसर पर क्षेत्र पंचायत सदस्य उमेश चिलवाल, जितेन्द्र जोशी तथा पूर्व प्रधान खीम सिंह बिष्ट उपस्थित रहे। सभी जनप्रति. निधियों ने इसे ओखलकांडा क्षेत्र के विकास की दिशा में एक सकारात्मक एवं महत्वपूर्ण पहल बताया।

# पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतों से बढ़ेगी महंगाई: चौहान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** पेट्रोल-डीजल और रसोई गैस की लगातार बढ़ती कीमतों को लेकर कांग्रेस विधायक आदेश चौहान ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला। आयोजित प्रेस वार्ता में मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि बढ़ती महंगाई ने आम जनता की कमर तोड़ दी है और आने वाले दिनों में हालात और भी गंभीर हो सकते हैं।



विधायक आदेश चौहान ने कहा कि पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ने का सीधा असर रोजमर्रा की जरूरतों पर पड़ रहा है। परिवहन खर्च बढ़ने से खाद्य पदार्थों सहित अन्य जरूरी सामान भी महंगे हो रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार महंगाई रोकने में पूरी तरह विफल साबित हुई है। प्रेस वार्ता के दौरान उन्होंने बढ़ती गैस कीमतों, किसानों के गन्ना भुगतान में देरी, फर्टिलाइजर की कमी और विदेश नीति को लेकर भी केंद्र सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि किसान आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं, लेकिन सरकार उनकी समस्याओं पर गंभीर नहीं है।

विधायक ने नीट परीक्षा पेपर लीक मामले को भी गंभीर बताते हुए कहा कि देश का युवा खुद को ठगा महसूस कर रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार शिक्षा व्यवस्था और युवाओं के भविष्य को सुरक्षित रखने में नाकाम रही है। आदेश चौहान ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफा देने की मांग की।

उन्होंने कहा कि देश में बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी और अव्यवस्थाओं से जनता परेशान है तथा सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हो रही है।

# 10500 फिट की ऊचाई पर भाजपा का महाप्रशिक्षण अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** 10500 फिट की ऊचाई पर गुंजी मं भाजपा का दो दिवशीय प्रशिक्षण महाअभियान का उद्धघाटन मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा व हर्ष मल्होत्रा तथा मुख्य वक्ता भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश ने दीप प्रज्वजीत कर विधिवत शुभारम्भ किया। मुख्य वक्ता शिवप्रकाश ने कहा की कहा की भाजपा एकात्म मानव दर्शन,सांस्कृतिक राष्ट्रवाद पंच निष्ठा तथा अन्तोदय के सिद्धांतों पर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा की भाजपा ही एक मात्र ऐसी पार्टी जो अनुसासित कार्यकर्ताओ की बदौलत उच्च हिमालय क्षेत्र ऐसे कार्यक्रम कराने सक्षम है।

केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा ने देश के समक्ष राजनितिक एवं समा. जिक चुनौतियों, केंद्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा ने भाजपा का इतिहास तथा केंद्र व राज्य सरकार के विकास कार्यों की जानकारी दी तथा प्रदेश महामंत्री कुंदन परिहार ने कार्यकर्ता विकास, संभाल और अपेक्षाए पर जानकारी दी।जिलाध्यक्ष गिरीश जोशी ने सभी अतिथियों को शॉल व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम का संचालन इंद्र लुंठी ने किया।

महा प्रशिक्षण अभियान में प्रदेश महामंत्री कुंदन परिहार, जिलाध्यक्ष गिरीश जोशी, प्रभारी गोविन्द पिलखवाल, वर्गाधिकारी निर्मल मेहरा, विधायक बिशन चुफाल, फकीर टम्टा, दर्जा राज्य मंत्री गणेश भंडारी, अशोक नबियाल, धन सिंह धामी,वीरेंद्र वल्दिया, बसंत जोशी, भुवन जोशी, महेंद्र बुदियाल, हरीश गुंजयाल, ब्लॉक प्रमुख मंजूला बुदियाल, मेयर कल्पना देवलाल, जितेंद्र प्रसाद, दीपिका बोहरा, कमला चुफाल सहित जिले, मंडल व मोर्चे के अपेक्षित कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# हाईकोर्ट में मनाया नो व्हीकल डे

## मुख्य न्यायाधीश समेत सभी जज पैदल पहुंचे कोर्ट

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** ईंधन संरक्षण और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के विशेष मकसद से उत्तराखंड हाईकोर्ट में शुक्रवार को नो व्हीकल डे मनाया गया। इस दौरान मुख्य न्यायाधीश मनोज कुमार गुप्ता सहित सभी न्यायाधीश पैदल चलकर हाईकोर्ट पहुंचे। बता दें मुख्य न्यायाधीश के आह्वान पर उच्च न्यायालय के अधिकारी, कर्मचारी एवं उत्तराखंड हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के सदस्य भी पैदल न्यायालय पहुंचे और पेट्रोल/डीजल की बचत के संदेश में सहभागी बने। मुख्य न्यायाधीश मनोज कुमार गुप्ता ने कहा कि ईंधन संरक्षण समय की आवश्यकता है और न्यायपालिका भी इस अभियान में सहभागी बन रही है। उन्होंने कहा कि पेट्रोल और डीजल की बचत के



लिए सभी को छोटे-छोटे प्रयास करने चाहिए। उन्होंने यह भी बताया कि पर्वतीय क्षेत्रों भवाली समेत हल्द्वानी एवं अन्य दूरस्थ स्थानों से आने वाले अधिवक्ताओं और वादकारियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए न्यायालय की कार्यवाही वर्चुअल माध्यम से भी संचालित की जा रही है। इससे अनावश्यक यात्रा कम होगी और ईंधन की बचत के साथ लोगों को सुविधा भी मिलेगी। शुक्रवार को नो व्हीकल डे को मनाते हुए वरिष्ठ न्यायधीश न्यायमूर्ति मनोज तिवारी, रविंद्र मैथानी, राकेश थपलियाल, पंकज पुरोहित, आशीष नैथानी, आलोक कुमार मेहरा, सुभाष उपाध्याय, सिदार्थ साह, महाधिवक्ता एसएन बाबुलकर, रजिस्ट्रार जनरल योगेश कुमार गुप्ता, प्रदीप कुमार मणि व हर्ष यादव समेत अधिवक्ता एवं समस्त कर्मचारी अपने-अपने वाहनों छोड़कर पैदल उच्च न्यायलय पहुंचे।

छोटे से बदलाव से न केवल ईंधन की बचत होगी, बल्कि पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी जन-जन तक पहुंचेगा।

**मनोज कुमार गुप्ता, मुख्य न्यायधीश**

एक दिन नहीं बल्की रोज पैदल या साईकिल का प्रयोग किया जाना चाहिए। कोशिश की जाए कि इर्धन का कम उपयोग किया जाए।

**राकेश थपलियाल, वरिष्ठ न्यायधीश**

## बहुउद्देशीय विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर की कामयाबी को लेकर मंथन



**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल द्वारा रविवार 17 मई को जिले के राजकीय इण्टर कालेज ल्वेशाल में प्रात: 11 बजे से बहुउद्देशीय विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया जा रहा है जिसमें सामान्य कानूनी जानकारी एवं विभिन्न सरक. ारी विभागों द्वारा सरकार की ओर से संचालित अनेकों निशुल्क जन कल्याणकारी योजनाओं के संबन्ध में आम जनता को जागरूक किया जायेगा। मामले को लेकर जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल प्रशांत जोशी की अध्यक्षता में शुक्रवार को राजकीय इंटर कालेज ल्वेशाल में समस्त विभागों व प्रशासनिक अधिकारियों की सामूहिक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें रविवार को होने वाले बहुददेशय शिविर को सफल बनाने हेतु निर्देश दिए गए तथा संबंधित अधिकारियों व विभागों को यह भी दिशा निर्देश दिए गए कि आम जनता को विभागों की योजनाओं का लाभ भी इस शिविर के माध्यम से मिल सके। बैठक में उप जिलाधिकारी नवाजिश खलिक, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पारूल थपलियाल, प्रधानाचार्य महेश चंद्र पंत व समस्त विभागों के अधिकारी व प्रतिनिधि रहे।

## एक नजर

### कुविवि के आईटीईपी का निरीक्षण किया

**नैनीताल।** भाजपा जिला कार्यकारणी के सदस्य डा. भुवन चंद्र आर्य द्वारा शुक्रवार को शिक्षा विभाग (आईटीईपी) कुमाऊँ विश्वविद्यालय नैनीताल का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने उत्तराखंड सरकार से शिक्षा विभाग (आईटीईपी) कुमाऊँ विश्वविद्यालय नैनीताल को स्ववितपोषित व्यवस्था से समाप्त कर वित्तपोषित व्यवस्था लागू किए जाने हेतु निवेदन करने को कहा। उन्होंने कहा कि शिक्षा विभाग (आईटीईपी) कुमाऊँ विश्व. विद्यालय नैनीताल शिक्षकों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए मैं राज्य सरकार से आग्रह करता हूँ कि शिक्षा विभाग में चल रही स्ववित्तपोषित व्यवस्था को समाप्त कर उसे पूर्ण रूप से वित्तपोषित व्यवस्था में परिवर्तित किया जाए। कहा कि वर्तमान स्ववितपोषित व्यवस्था के कारण विद्यार्थियों पर लगातार बढ़ती फीस का बोझ पड़ रहा है। आर्थिक रूप से कमजोर एवं ग्रामीण क्षेत्रों के अनेक छात्र-छात्राएं उच्च शिक्षा प्राप्त करने से वंचित हो रहे हैं। शिक्षा का उद्देश्य हर बच्चे तक समान अवसर पहुँचाना है न कि शिक्षा को आर्थिक स्थिति पर निर्भर बनाना। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष डा. अशोक उप्रेती समेत विनीता विश्वकर्मा, लक्ष्मण सिंह, डा. पुष्पा अधिकारी, वर्षा पंत, डा. हेमा मेहरा, तेज प्रकाश जोशी, डा. सरोज शर्मा, आकांक्षा शैली, दीपिका भट्ट, डा. शाहिद हुसैन, डा. भूपेन्द्र सिंह, हरीश कुमार व सुमन समेत संस्थान के छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

### सत्यापन अभियान में 20 लोगों पर कार्रवाई

**नैनीताल।** शहर में बाहरी व्यक्तियों के सत्यापन को लेकर कोतवाली पुलिस ने व्यापक अभियान चलाया। अभियान के दौरान होटल, रेस्टोरेंट तथा दुकानों व अन्य प्रतिष्ठानों में कार्यरत कर्मचारियों का सत्यापन जांचा गया। पुलिस की कार्रवाई से व्यापारिक प्रतिष्ठानों में हड़कंप मचा रहा। मल्लीताल अभियान के दौरान कई होटल, रेस्टोरेंट व दुकानों में ऐसे कर्मचारी मिले जिनका पुलिस सत्यापन नहीं कराया गया था। इस पर पुलिस ने संबंधित प्रतिष्ठान संचालकों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 20 लोगों के चालान किए साथ ही उन्हें जल्द कर्मचारियों का सत्यापन कराने के निर्देश दिए गए। एसएसआई दिनेश जोशी ने बताया कि शहर में सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने और संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने के उद्देश्य से सत्यापन अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि होटल, रेस्टोरेंट, दुकानों और किराये पर रहने वाले लोगों का सत्यापन अनिवार्य है। नियमों का पालन नहीं करने वालों के खिलाफ आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी।

### राजस्व रिकार्ड के निरीक्षण की अनुमति

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने जोन्स एस्टेट भीमताल के भूमि रिकार्ड की जांच की मांग को लेकर दायर जनहित याचिका की सुनवाई करते हुए याचिकाकर्ता पीटर स्मेटाचेक को जोन्स एस्टेट के राजस्व रिकार्ड के निरीक्षण की अनुमति दी है। मुख्य न्यायाधीश मनोज कुमार गुप्ता और न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खंडपीठ में पीटर स्मेटाचेक ने जनहित याचिका दायर कर क्षेत्र के भूमि अभिलेखों की पारदर्शिता को लेकर सवाल उठाए गए थे। मुख्य विवाद इस क्षेत्र के वन भूमि होने अथवा राजस्व भूमि होने को लेकर है। अदालत ने याचिकाकर्ता को यह स्वतंत्रता दी है कि वह इन अभिलेखों के निरीक्षण के लिए जिला मजिस्ट्रेट के समक्ष आवेदन प्रस्तुत करें। सुनवाई के दौरान स्थायी अधिवक्ता के वक्तव्य को संज्ञान में लेते हुए कोर्ट ने स्पष्ट किया कि यदि ऐसा आवेदन किया जाता है तो राजस्व अधिकारी यह सुनिश्चित करेंगे कि रिकार्ड निरीक्षण के लिए याचिकाकर्ता को अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराए जाएं। कोर्ट ने याचिकाकर्ता को यह भी छूट दी है कि वह संबंधित विवरणों को एक सारणीबद्ध चार्ट के रूप में रिकार्ड पर ला सकें।

### प्राइवेट स्कूटी सीज

**नैनीताल।** पर्यटन सीजन में यातायात नियमों के उल्लंघन और अवैध रूप से निजी वाहनों को किराये पर चलाने वालों के खिलाफ पुलिस ने सख्ती शुरू कर दी है। मल्लीताल क्षेत्र में चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस ने एक बिना नंबर प्लेट की स्कूटी को पकड़ते हुए सीज की कार्रवाई की। जानकारी के अनुसार मल्लीताल में वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस ने बिना नंबर प्लेट की एक स्कूटी को रोककर पूछताछ की। जांच में पता चला कि स्कूटी तल्लीताल निवासी अहसान अली खान की है जिसे पर्यटकों को किराये पर दिया गया था। पुलिस ने इसे नियमों का उल्लंघन मानते हुए तत्काल कार्रवाई की। एसआई मो. यूनुस ने बताया कि प्राइवेट स्कूटी को अवैध रूप से किराये पर चलाने के मामले में तल्लीताल निवासी अहसान अली खान के खिलाफ कार्रवाई की।

# कमियों में सुधार के निर्देश, उत्कृष्ट कार्यो के लिए सम्मान

## पुलिस कप्तान डा. मंजूनाथ टीसी ने किया नैनीताल पुलिस लाइन का वार्षिक निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** जिले के पुलिस कप्तान डा. मंजूनाथ टीसी द्वारा शुक्रवार को पुलिस लाइन नैनीताल का वार्षिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने पुलिस कल्याण, अनुशासन और संसाधनों के रखरखाव का बारीकी से जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जहां कप्तान ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिसकर्मियों को पुरस्कृत किया गया वहीं दूसरी ओर कमियों पर तत्काल सुधार के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान एसएसपी ने कहा कि पुलिस परिवार के बच्चों की सुविधा को प्राथमिकता दी जायेगी। कहा कि स्कूल जाने वाले बच्चों के नाश्ते व अन्य जरूरतों को देखते हुए



राशन शॉप खुलने का समय सुबह 7 बजे से घटाकर 6.30 बजे कर दिया गया है। पहाड़ी उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए कैंटीन में स्थानीय उत्पादों जैसे मडवा, झींगोरा और लाल चावल की उपलब्धता बढ़ाने के निर्देश दिए गए। सभी खाद्य पदार्थो की एक्सपायरी डेट और गुणवत्ता की सघन जांच की गई। पुलिस परिवारों की सुविधा के लिए एसएसपी ने एक महत्वपूर्ण नवाचार की घोषणा की। जनपद के समस्त सरकारी पुलिस आवासों में अब हफ्ते में एक बार मोबाइल सीपीसी कैंटीन जाएगी ताकि कर्मचारियों के परिजनों को दूर न जाना पड़े। कप्तान ने परिवहन शाखा में सर्च लाइट न होने पर नारा. जगी जताई। पुलिस कप्तान ने शस्त्रागार का निरीक्षण कर एंटी रायट उपकरणों की टेस्टिंग की तथा सुरक्षा व्यवस्था को चाक चौबंद रखने हेतु एसएसपी ने शस्त्रागार का बारीकी से निरीक्षण किया। आर्म्स, युनिशन की जांच सभी आधिकारिक शस्त्रों और गोला बारूद की क्रियाशीलता को जांचा गया। फायरिंग टेस्ट दंगा नियंत्रण उपकरणों की कार्यक्षमता परखने के लिए उनका फायरिंग टेस्ट भी किया गया। एसएसपी ने आर्मरर को निर्देश दिए कि सभी शस्त्रों की नियमित सफाई और समय-समय पर तकनीकी जांच सुनिश्चित की जाए ताकि आपात स्थिति में वे पूरी तरह तैयार रहें। बेहतरीन वाहन मेंटेनेंस के लिए वाहन चालक का. रणजीत कंबोज चालक क्षेत्राधिकारी रामनगर, हे.कां. जीवन लाल चालक क्षेत्राधिकारी नैनीताल, कां. सचिन शर्मा चालक एसएचओ रामनगर को सममानित किया वहीं प्रशिक्षणाधीन मुख्य आरक्षी ना.पु. पुष्पेंद्र सिंह रावत के प्रशिक्षण रजिस्टर का अवलोकन करने पर लेखन कार्य तथा रखरखाव की विशेष रूप से प्रशंसा की गई। इसके उपरांत पुलिस लाइन नैनीताल में एसएसपी ने पुलिस कार्मिकों का आदेश कक्ष भी लिया। निरीक्षण के दौरान एसपी नैनीताल डा. जगदीश चंद्र, एसपी हल्द्वानी मनोज कत्याल, सीओ हल्द्वानी अमित कुमार, सीओ रामनगर सुमित पांडे, सीओ भवाली रविकांत सेमवाल, प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन हरकेश सिंह, राजकुमार बिष्ट निरीक्षक पुलिस दूर संचार नैनीताल, प्रधान लिपिक आंकिक, आशुलिपिक, वाचक सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# गीतांजलि परिसर निर्माण की उम्मीदों को लगे पंख

## देहरादून में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मिले शान्तिनिकेतन ट्रस्ट के सदस्य

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** शान्तिनिकेतन ट्रस्ट फॉर हिमालया के सदस्यों ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री आवास में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से शिष्टाचार भेंट कर जनपद नैनीताल के रामगढ़ स्थित ऐतिहासिक टैगोर टॉप में विश्वभारती विश्वविद्यालय के सैटेलाइट परिसर गीतांजलि के निर्माण कार्य को शीघ्र प्रारंभ किए जाने का अनुरोध किया। इस दौरान ट्रस्ट के सदस्यों ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि गुरुदेव रबिंद्र नाथ टेगोर के स्वप्न शांति निक. ेतन की भावना को देवभूमि उत्तराखंड की धरती पर साकार करने हेतु राज्य सरकार द्वारा लगभग 45 एकड़ भूमि



विश्वभारती विश्वविद्यालय को प्रदान की गई थी तथा इस महत्वाकांक्षी परियोजना का भूमि पूजन भी मुख्यमंत्री के करकमलों द्वारा किया गया था। प्रतिनिधिमंडल ने अवगत कराया कि केंद्र सरकार से अपेक्षित आर्थिक सहायता प्राप्त न होने के कारण अब तक गीतांजलि सैटेलाइट परिसर का निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हो सका है जिससे स्थानीय जनता एवं प्रदेशवासियों की अपेक्षाएं अधूरी बनी हुई हैं।

ट्रस्ट सदस्यों ने मुख्यमंत्री से अनुरोध किया कि राज्य सरकार प्रारंभिक चरण में कुछ आर्थिक अनुदान प्रदान करे जिससे टैगोर टॉप में योग एवं ध्यान केंद्र की स्थापना की जा सके। उन्होंने कहा कि यह केंद्र योग, ध्यान तथा मानसिक स्वास्थ्य व अध्यात्म एवं शोध के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के साथ-साथ उत्तराखंड को वैश्विक आध्यात्मिक पर्यटन मानचित्र पर नई पहचान दिलाने में सहायक सिद्ध होगा। शिष्टमंडल ने कहा कि रामगढ़ का प्राकृतिक एवं आध्यात्मिक वातावरण देश-विदेश से आने वाले पर्यटकों, शोधार्थियों और साधकों के लिए प्रेरणास्रोत बन सकता है। मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता से सुनते हुए विषय पर सकारात्मक विचार करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर प्रतिनिधिमंडल में शान्ति निकेतन ट्रस्ट फॉर हिमालया के सदस्य व उत्तराखंड सरकार में दर्जा राज्य मंत्री नवीन वर्मा समेत भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष देवेंद्र सिंह ढेला, शिक्षाविद् प्रो. अतुल जोशी समेत कमल के पांडेय, देवेंद्र सिंह बिष्ट तथा विष्णु सक्सेना उपस्थित रहे। इससे पूर्व प्रतिनिधिमंडल ने सीएम धामी का पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया।

# ब्राडवे होटल पर 16 हज़ार जुर्माना

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल द्वारा महिला की शिकायत को गंभीरता पूर्वक लेते हुए त्वरित कार्यवाही करते हुए अधिका. रियों की टीम को मौके पर भेजा तथा समस्या का समाधान किया साथ ही होटल का 16 हजार रुपये का चालान किया। बता दें कि शिकायतकर्ता टण्डन परिवार एवं डण्डरियाल परिवार आदि के द्वारा जिलाधिकारी नैनीताल को शिकायत करते हुए अवगत कराया कि नैनीताल जिला मुख्यालय के मल्लीताल क्षेत्र में स्थित ब्राडवे होटल की टंकियों से लगातार पानी ओवरफ्लो होने के कारण उनके घर पर पानी और सीलन बढ़ती जा रही है। पानी ओवरफ्लो होता रहता। शिकायत में संबंधित द्वारा इसके अलावा यह भी अवगत कराया कि ब्रॉडवे होटल एवं नीलम राज



होटल द्वारा रास्ते में गन्दगी भी की जा रही है। प्राप्त शिकायत का त्वरित संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल द्वारा कार्यवाही करते हुए राजस्व विभाग, जल संस्थान तथा पर्यटन विभाग व नगर पालिका परिषद नैनीताल टीम गठित की गई उक्त टीम द्वारा शुक्रवार को मौके पर जाकर संयुक्त निरीक्षण किया गया। इस दौरान शिकायतकर्ता द्वारा की गयी शिकायत की पुष्टि हुई। मौके पर पाया गया कि होटल ब्राडवे द्वारा स्थापित छत की टंकी से लगातार अनावश्यक पानी का बहाव हो रहा है, जिस क्रम में जल संस्थान द्वारा मौके पर ही संबन्धित होटल का जल संयोजन विच्छेपित किया गया और पानी के दुरुपयोग पर 5 हजार रुपये का चालान किया एवं पर्यटन विभाग द्वारा रुपये 10 हजार रुपए का अर्थदण्ड लगाया गया। इसके अतिरिक्त नगर पालिका द्वारा होटल से हो रही गंदगी पर 1 हजार रुपए का अर्थदण्ड लगाया गया। निरीक्षण के दौरान तहसीलदार नैनीताल अक्षय भट्ट सहित जल संस्थान के सहायक अभियंता, नगर पालिका के सफाई निरीक्षण एवं पर्यटन विभाग के प्रति. निधि उपस्थित रहे।

### ईद मिलादुन्नबी कमेटी के चुनाव कल

**नैनीताल।** नैनीताल में रविवार 17 मई को ईद मिलादुन्नबी कमेटी होने जा रहे चुनाव की शुक्रवार को सभी तैयारी पूरी कर ली गई हैं। मुख्य चुनाव अधिकारी सैयद काशिफ जाफरी ने बताया की अध्यक्ष पद पर दो कैंडिडेट सैयद समीर अली और अबदुल कयूम के बीच में मुकाबला है वहीं उपाध्यक्ष पद पर मोहममद कासिम, मोहमद शादाब और मोहमद ताहिर के बीच में मुकाबला है जबकि महासचिव पद पर नाजिम बकश और परवेज आलम के बीच में मुक. ाबला है वहीं सचिव पद पर रशीद अहमद अमन और अब्दुल वाहिद के बीच में टक्कर है और कोषाध्यक्ष पद पर सलीम अहमद और मोहममद साबिर उर्फ गुड्डू भाई के बीच में सीधा मुकाबला है। इसी के साथ ही मतदाता सूची भी कैंडिडेट्स को मुहैया करा दी गई है।

## सरकार को अयोग्य प्रतिनिधियों को हटाने का अधिकार: हाई कोर्ट

**नैनीताल।** उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने ऊधमसिंह नगर जिले के विकासखंड बाजपुर के ग्राम हलालपुर की ग्राम प्रधान को निर्धारित योग्यता से कम आयु होने पर उनके पद से हटाने की मांग वाली जनहित याचिका पर महत्वपूर्ण आदेश दिया है। मुख्य न्यायाधीश मनोज कुमार गुप्ता और न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खंडपीठ ने मामले की सुनवाई करते हुए स्पष्ट किया कि राज्य सरकार के पास कानूनन उन निर्वाचित प्रतिनिधियों को पद से हटाने की शक्ति है जो निर्धारित योग्यताएं पूरी नहीं करते हैं। याचिकाकर्ता अंकित राणा ने रिट ऑफ कुओ वारंटो (अधिकार पृच्छा) के माध्यम से ग्राम प्रधान को पद से हटाने की प्रार्थना की थी। याचिका में आरोप लगाया गया था कि चुनाव के समय संबंधित ग्राम प्रधान की आयु 21 वर्ष से कम थी जो कि पंचायती राज अधिनियम के तहत एक अनिवार्य योग्यता है। याचिकाकर्ता के वकील ने दलील दी कि उत्तराखंड पंचायती राज अधिनियम 2026 की धारा 138(1) के तहत अयोग्य पाए जाने पर निर्वाचित प्रतिनिधि को पद से हटाया जाना चाहिए। सुनवाई के दौरान न्यायालय ने मामले को लंबित रखने के बजाय इसे निस्तारित कर दिया। अदालत ने याचिकाकर्ता को यह छूट दी है कि वह इस संबंध में राज्य सरकार के समक्ष अपना पक्ष प्रस्तुत करें। हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को निर्देशित किया है कि यदि याचिकाकर्ता द्वारा ऐसा कोई प्रत्यावेदन दिया जाता है तो सरकार संबंधित ग्राम प्रधान को अपना पक्ष रखने का उचित अवसर देते हुए कानून के अनुसार शीघ्र निर्णय ले।

# भारतीय ज्ञान परंपरा विश्व मानवता के लिए प्रेरणा

## नैनीताल के डीएसबी परिसर में हुआ संगोष्ठी का आयोजन, विशेषज्ञों का व्याख्यान

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** विजिटिंग प्रोफेसर निद. ेशालय एवं संस्कृत विभाग डीएसबी परिसर कुमाऊँ विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में भारतीय ज्ञान परंपरा और शैवदर्शन विषय पर गरिमामयी, ज्ञानवर्धक एवं प्रभावशाली संगोष्ठी का भव्य आयोजन हुआ।

संगोष्ठी का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं मंगलाचरण के साथ हुआ। तत्पश्चात् विजिटिंग प्रोफेसर निद. ेशालय की ओर से डा. हेम चन्द्र जोशी ने निदेशक प्रो. ललित तिवारी के निर्देशानुसार संगोष्ठी की रूपरेखा एवं उद्देश्य पर संक्षिप्त प्रकाश डालते हुए सभी अतिथियों, विद्वजनों एवं



प्रतिभागियों का हार्दिक अभिनन्दन एवं स्वागत किया। इसके उपरान्त संस्कृत विभागाध्यक्ष प्रो. लज्जा भट्ट ने स्वागत उद्बोधन प्रस्तुत करते हुए कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा संपूर्ण विश्व मानवता के लिए सदैव प्रेरणा, नैतिकता एवं मार्गदर्शन का अक्षय स्रोत रही है। उन्होंने संस्कृत साहित्य को भारतीय संस्कृति की आत्मा निरूपित करते हुए उसके संरक्षण, संवर्धन एवं समकालीन प्रासंगिकता पर विशेष बल दिया। संगोष्ठी के मुख्य अतिथि प्रो. एचसीएस बिष्ट (विभागाध्यक्ष जन्तु विज्ञान विभाग) तथा विशिष्ट अतिथि प्रो. आशीष तिवारी (विभागाध्यक्ष वानिकी विभाग) उपस्थित रहे। संगोष्ठी के मुख्य वक्ता के रूप में डा. राजमंगल यादव (जो वर्तमान में संस्कृत विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय में एसोसिएट प्रोफेसर के पद पर कार्यरत हैं, ने अपने ओजस्वी एवं विचारोजक व्याख्यान में भारतीय ज्ञान परंपरा की दार्शनिक गंभीरता, सांस्कृतिक व्यापकता एवं शैवदर्शन की आध्यात्मिक चेतना पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भारतीय दर्शन केवल सैद्धान्तिक चिन्तन मात्र नहीं अपितु जीवन को संतुलितए संयमित, नैतिक एवं मूल्यनिष्ठ बनाने वाली एक सशक्त जीवनदृष्टि है। संगोष्ठी के समापन अवसर पर डा. प्रदीप कुमार संस्कृत विभाग ने विजिटिंग प्रोफेसर निद. ेशालय एवं सभी अतिथियों, विद्वज्जनों शोधार्थियों एवं छात्र छात्राओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम की सफलता हेतु सभी के सहयोग की सराहना की। इस अवसर पर संस्कृत विभाग की डा. नीता आर्या, डा. सुषमा जोशी, प्रो. रीना सिंह, प्रो. लता पांडे, प्रो. अनीत पांडे, प्रो. दीपक पालीवाल, डा. गगन, डा. मनोज बाफिला, डा. नवीन पाण्डे, डा. हर्ष, भावना राणा, जगदीश दुर्गापाल व कुन्दन सहित विश्वविद्यालय के अनेक प्राध्यापकगण, शोधार्थी एवं छात्र-छात्राएं गरिमामयी रूप से उपस्थित रहे।

# लोकायुक्त की नियुक्ति पर हाई कोर्ट में सुनवाई

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** उत्तराखंड उच्च न्यायालय में गौलापार निवासी रवि शंकर जोशी द्वारा लोकायुक्त की नियुक्ति की मांग को लेकर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई हुई। मामले की सुनवाई करते हुए मुख्य न्यायधीश मनोज कुमार गुप्ता और न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खंडपीठ ने शुक्रवार को मामले की सुनवाई पूर्व के आदेश के आधार पर सुबह 11 बजे की। कोर्ट ने सरकार से पूछा कि आदेश होने पर मामले में कया प्रगति रिपोर्ट पेश गयी जिस पर महाधिवक्ता ने कहा कि लोकायुक्त की नियुक्ति प्रक्रिया में कार्यवाही चल रही है लेकिन कार्यवाही धीमी गति से चल रही है। इसलिए उन्हें और मौका दिया जाए जिस पर कोर्ट ने सरकार से कहा कि आधे घण्टे में कोर्ट को अवगत कराएं कि आखिरकर कोर्ट के आदेश का अनुपालन क्यों नही हो रहा? इस पर

### सरकार का जवाब-जून में होगी सर्च कमेटी की बैठक

कोर्ट ने सरकार को आधे घंटे का समय देते हुए कहा कि लोकायुक्त की नियुक्ति करने वाली कमेटी की अगली बैठक कब होगी जिसपर उसके बाद की हुई सुनवाई पर सरकार ने स्थिति से अवगत कराते हुए कहा कि उसकी नियुक्ति के लिए सर्च कमेटी की पहली बैठक जून पहले सप्ताह में होने वाली है। कोर्ट ने सरकार का पक्ष सुनते हुए अगली सुनवाई हेतु 16 जून की तिथि नियत की है, तब तक कोर्ट ने सर्च कमेटी द्वारा लिए गए निर्णयों से अवगत कराने को कहा है। अब कोर्ट मामले की अगली सुनवाई 16 जून को करेगी। पिछली तिथि को कोर्ट ने सरकार से कहा था कि 3 अप्रैल को जो सर्च कमेटी की बैठक होनी थी। बैठक में लिए गए निर्णय को शपथपत्र के माध्यम से कोर्ट में पेश करें लेकिन 3 अप्रैल को सर्च कमेटी का कोरम पूर्ण नही होने के कारण उसकी बैठक नहीं हो पाई। जिसपर कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई चार सप्ताह बाद की तिथि नियत की गई थी। इससे पहले की तिथि पर हुई सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की तरफ से लोकायुक्त की नियुक्ति करने के लिए कोर्ट से छः माह का समय मांगा गया था लेकिन कोर्ट ने तीन माह का समय देते हुए लोकायुक्त को नियुक्त करने को कहा था। एक वर्ष बीत जाने के बात भी अभी तक लोकायुक्त की नियुक्ति नही हो पाई। आज तक सर्च कमेटी की बैठक नही हो पाई। जबकि इनकी नियुक्ति करने के लिए वर्ष 2021 में जनहित याचिका दायर की गई थी। सुनवाई पर कोर्ट ने कहा था कि एक वर्ष पहले भी सरकार की तरफ से लोकायुक्त की नियुक्ति के लिए समय मांगा गया था। अभी तक लोकायुक्त की नियुक्ति नहीं हो पाई। अब और समय मांगा जा रहा है। मामले के अनुसार जनहित याचिका में कहा गया है कि राज्य सरकार ने अभी तक लोकायुक्त की नियुक्ति नहीं की। जबकि संस्थान के नाम पर वार्षिक 2 से 3 करोड़ रुपए खर्च हो रहा है। जनहित याचिका में कहा गया है कि कर्नाटक में व मध्य प्रदेश में लोकायुक्त द्वारा भ्रष्टाचार के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जा रही है परंतु उत्तराखंड में तमाम घोटाले हो रहे हैं। हर एक छोटे से छोटा मामला उच्च न्यायालय में लाना पड़ रहा है। जनहित याचिका में यह भी कहा गया है कि वर्तमान में राज्य की सभी जांच एजेंसी सरकार के अधीन है, जिसका पूरा नियंत्रण राज्य के राजनैतिक नेतृत्व के हाथों में है। वर्तमान में उत्तराखंड राज्य में कोई भी ऐसी जांच एजेंसी नही है जिसके पास यह अधिकार हो की वह बिना शासन की पूर्वानुमति केए किसी भी राजपत्रित अधिकारियों के विरुद्ध भ्रष्टाचार का मुकदमा पंजीकृत कर सके। स्वतंत्र और निष्पक्ष जांच के नाम पर प्रचारित किया जाने वाला विजिलेंस विभाग भी राज्य पुलिस का ही हिस्सा है जिसका संपूर्ण नियंत्रण पुलिस मुख्यालय, सतर्कता विभाग या सीएम कार्यालय के पास ही रहता है। एक पूरी तरह से पारदर्शी स्वतंत्र और निष्पक्ष जांच व्यवस्था राज्य के नागरिकों के लिए कितनी महत्वपूर्ण है। इसलिए रिक्त पड़े लोकायुक्त की नियुक्ति शीघ्र की जाय। जिससे कि राज्य में हो रहे करप्शन पर रोक लग सके। उनके मामलों की सुनवाई लोकायुक्त के वहां होगी और न्यायालयों का कार्यभार में कमी आएगी। जबकि यह पद वर्ष 2013 से खाली पड़ा है।

# ग्राफिक एरा में 'जिज्ञासा' कार्यशाला

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**भीमताल।** ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी भीमताल परिसर में शुक्रवार को जिज्ञासा -2026 विषय पर इनोवेशन एंड इट्स इमर्जिंग ऑपर्च्युनिटीज कार्यशाला का आयोजन किया गया। बता दें इस कार्यशाला का संयुक्त रूप से आयोजन विश्वविद्यालय के आईपीआर सेल एवं सेंटर फॉर इंडियन नॉलेज सिस्टम (आईकेएस) द्वारा कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग विभाग के सहयोग से किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विशिष्ट अतिथियों एवं विशेषज्ञों के स्वागत के साथ हुआ। इस अवसर पर ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी देहरादून परिसर से डीन रिसर्च डा. टीकम सिंह, राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद समन्वयक डा. सुशीला दहिया, सेंटर फॉर इंडियन नॉलेज सिस्टम के प्रमुख डा. अरुण राठौड़ तथा कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग विभागाध्यक्ष डा. अनुपम सिंह उपस्थित रहे। कार्यशाला के दौरान डा. टीकम सिंह एवं डा. अनुपम सिंह ने आंतरिक मूल्यांकन रूब्रिस एवं संशोधित मूल्यांकन नीति के निर्माण पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने दक्षता आधारित मूल्यांकन प्रणाली को मजबूत बनाने तथा पीयर लर्निंग को बढ़ावा देने तथा पारदर्शी एवं परिणामोन्मुख शैक्षणिक मूल्यांकन पद्धतियों को अपनाने पर जोर दिया साथ ही नवाचार, विश्लेषणात्मक सोच एवं शोध गतिविधियों के माध्यम से शोध उन्मुख शैक्षणिक संस्कृति विकसित करने की




आवश्यकता पर भी प्रकाश डाला। डा. सुशीला दहिया ने दस्तावेजीकरण एवं गुणवत्ता मानकों पर महत्वपूर्ण जानक. ारी साझा की। कार्यक्रम में डा. अरुण राठौड़ ने नवाचार एवं बौद्धिक संपदा अधिकार विषय पर रोचक एवं संवादात्मक सत्र प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के अंत में भीमताल परिसर के निदेशक ने सभी विशेषज्ञों का आभार व्यक्त किया तथा संकाय सदस्यों को आगामी पेटेंट राइटिंग हैंड्स ऑन सत्र का अधिकतम लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि यह सत्र प्रतिभागियों को पेटेंट ड्राफ्टिंग, नवाचार दस्तावेजीकरण एवं बौद्धिक संपदा फाइलिंग की व्यावहा. रिक जानकारी प्रदान करेगा। कार्यशाला का समापन प्रतिभागियों की सक्रिय सहभागिता एवं ज्ञानवर्धक अनुभवों के साथ हुआ।

# CSK ने LSG को 188 रन का टारगेट दिया

■ कार्तिक का अर्धशतक, शिवम आखिरी ओवर में 4 बाउंड्री लगाई, डेब्यू कर रहे आकाश सिंह को मिले 3 विकेट



**लखनऊ, वार्ता।** आईपीएल में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) ने लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) को 188 रन का टारगेट दिया है। लखनऊ ने इकाना स्टेडियम में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। चेन्नई ने 20 ओवर में 5 विकेट खोकर 187 रन बनाए। चेन्नई की शुरुआत अच्छी नहीं रही और पावरप्ले में ही दो बड़े विकेट गिर गए, लेकिन इसके बाद कार्तिक शर्मा और डेवाल्ड ब्रेविस ने पारी को संभाला।

कार्तिक ने 42 गेंदों में 71 रन की शानदार पारी खेली, जिसमें 6 चौके और 5 छक्के शामिल रहे। वहीं ब्रेविस ने 16 गेंदों में 25 रन बनाए। दोनों के बीच चौथे विकेट के लिए 70 रन की साझेदारी हुई। आखिर में शिवम दुबे ने तेज बल्लेबाजी करते हुए 16 गेंदों में नाबाद 32 रन बनाए, जबकि प्रशांत वीर ने 13 रन का योगदान दिया। लखनऊ की ओर से डेब्यू कर रहे आकाश सिंह सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने 4 ओवर में 26 रन देकर 3 विकेट लिए। मोहम्मद शमी और शहबाज अहमद को 1-1 विकेट मिला। चेन्नई की पारी के आखिरी ओवर में शिवम दुबे ने विस्फोटक बल्लेबाजी करते हुए चेन्नई को मजबूत स्कोर तक पहुंचा दिया। प्रिंस के ओवर में कुल 23 रन आए। ओवर की शुरुआत में प्रशांत ने दो रन लेकर स्ट्राइक रोटेट की। इसके बाद दुबे ने ताबड़तोड़ अंदाज में मैच का रुख बदल दिया। उन्होंने पहले डीप स्क्वायर लेग पर लंबा छक्का जड़ा, फिर सीधा मैदान के बीचोंबीच जोरदार चौका लगाया। अगली गेंद पर डडूबे ने बैकवर्ड पाइंट के ऊपर से शानदार चौका निकाला और आखिरी गेंद पर पुल शाट खेलकर गेंद को मिडविकेट स्टैंड्स में पहुंचा दिया। डडूबे 16 गेंदों में 32 रन बनाकर नाबाद लौटे। उनकी इस तेज पारी की बदौलत चेन्नई ने आखिरी ओवर में बड़ा उछाल लेते हुए 20 ओवर में 5 विकेट पर 187 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। शहबाज ने आखिरकार कार्तिक की शानदार पारी का अंत कर दिया। 15.6 ओवर में शाहबाज की फुल लेंथ गेंद पर कार्तिक ने लान्ग आन के ऊपर बड़ा शाट खेलने की कोशिश की, लेकिन गेंद को सही ऊंचाई नहीं दे सके। डीप में मौजूद मार्करम ने आगे की ओर दौड़ते हुए शानदार कैच लपका। कार्तिक 42 गेंदों में 71 रन बनाकर आउट हुए। उनकी पारी में 6 चौके और 5 छक्के शामिल रहे।

शमी ने चेन्नई को बड़ा झटका देते हुए सेट बल्लेबाज ब्रेविस को पवेलियन भेज दिया। 14.4 ओवर में शमी ने शानदार शार्ट गेंद फेंकी, जिस पर ब्रेविस पुल शाट खेलने की कोशिश में पूरी तरह फंस गए। गेंद बल्ले के ऊपरी हिस्से से लगकर शार्ट फाइन लेग की ओर हवा में चली गई। वहां मौजूद आकाश सिंह ने आसान कैच लपक लिया। ब्रेविस 16 गेंदों में 25 रन बनाकर आउट हुए, जिसमें दो छक्के शामिल रहे।

ब्रेविस और कार्तिक के बीच 70 रन की साझेदारी हुई। 14.2 ओवर में कार्तिक शर्मा ने शानदार अंदाज में अपना अर्धशतक पूरा किया। शमी की फुल लेंथ और थोड़ी चौड़ी गेंद पर कार्तिक ने कवर के ऊपर से इनसाइड-आउट शाट खेलते हुए जोरदार छक्का जड़ दिया। गेंद सीधे स्टैंड्स में जाकर गिरी। यह कार्तिक का इस सीजन का दूसरा अर्धशतक है और चेन्नई के लिए बेहद अहम पारी साबित हो रही है। फि"टी पूरी करने के बाद कार्तिक ने खास अंदाज में जश्न मनाया। कार्तिक और ब्रेविस ने चेन्नई की पारी को संभालते हुए तेज रन बटोरे। प्रिंस यादव के इस ओवर में कुल 16 रन आए। ओवर की शुरुआत सिंगल्स के साथ हुई, लेकिन इसके बाद कार्तिक शर्मा ने आक्रमण तेज कर दिया। प्रिंस की लगातार दो शार्ट गेंदों पर कार्तिक ने दमदार पुल शाट खेलते हुए दो शानदार छक्के जड़ दिए।

# कुलदीप और रिचर्ड ग्लीसन सीएसके और आरसीबी में शामिल




**नई दिल्ली, वार्ता।** खलील अहमद और नुवान तुाारा की जगह कुलदीप यादव और रिचर्ड ग्लीसन को शामिल किया गया है। चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने खलील अहमद और नुवान तुाारा की जगह नए खिलाड़ी चुने हैं, जो चोटों की वजह से बाकी सीजन से बाहर हो गए हैं। कुलदीप यादव 30 लाख रुपये में सीएसके में शामिल होंगे, जबकि रिचर्ड ग्लीसन 1-6 करोड़ रुपये की फीस पर आरसीबी में शामिल होंगे। एक मीडियम पेसर, कुलदीप ने 2021 में राजस्थान रॉयल्स के लिए आईपीएल में डेब्यू किया और फेंचाइजी के लिए तीन गेम खेले। इंग्लिश फास्ट बॉलर ग्लीसन ने अपने देश के लिए छह टी-20 गेम खेले हैं, जिसमें उन्होंने नौ विकेट लिए हैं। उन्होंने लीग के 2024 और 2025 एडिशन में सीएसके और मुंबई इंडियंस (एमआई) को रिप्रेजेंट किया।

खेल विशेष

## पोलार्ड पर मैच फीस का 15 फीसदी जुर्माना

**धर्मशाला, वार्ता।** मुंबई इंडियंस के बैटिंग कोच कीरोन पोलार्ड पर आईपीएल के प्लेयर्स और टीम ऑफिशियल्स के लिए कोड ऑफ कंडक्ट के लेवल 1 को तोड़ने के लिए उनकी मैच फीस का 15 घीसदी जुर्माना लगाया गया है और एक डिमेरिट पॉइंट भी मिला है। पोलार्ड को आईपीएल के कोड ऑफ कंडक्ट के आर्टिकल 2-3 को तोड़ने का दोाी पाया गया, जो मैच के दौरान सुनाई देने वाली गाली-गलौज से जुड़ा है। यह घटना दूसरी इनिग्स के 19वें ओवर में हुई जब पोलार्ड ने चौथे अंपायर के लिए गाली-गलौज वाली भााा का इस्तेमाल किया। पोलार्ड ने गलती मान ली और मैच रेफरी, पंकज धर्माणी द्वारा लगाई गई सजा को मान लिया।

## पाकिस्तान की महिला टीम ने जिम्बाब्वे को 67 रनों से हराया

**कराची, वार्ता।** पाकिस्तान की महिला टीम युवा बल्लेबाज इमान फातिमा (नाबाद 79) रनों की अर्धशतकीय पारी की बदौलत जिम्बाब्वे को दूसरे टी-20 मुक.ाबले में 67 रनों से हरा दिया। इस जीत के साथ पाकिस्तान ने तीन मैचों की सीरीज में 2-0 से अजेय बढ़त बना ली। पाकिस्तान ने गुरुवार रात टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए चार विकेट पर 170 रनों का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाया। फातिमा जिम्बाब्वे दौरे पर पहली बार खेल रही थीं और दाएं हाथ की इस बल्लेबाज ने सिर्फ 43 गेंदों पर नाबाद 79 रन की करियर की सबसे अच्छी पारी खेली। जिससे उन्हें गुरुवार को प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला। उनके अलावा मुनीबा अली ने (36) और नतालिया परवेज ने नाबाद (24) रनों का योगदान दिया। इसके जवाब में जिम्बाब्वे की टीम निर्धारित 20 ओवरों में आठ विकेट पर 103 रन हीं बना सकी और मुकाबला 67 रनों से हार गई।

## पाकिस्तान पर धीमे ओवर गति के लिए मैच फीस का 40 प्रतिशत जुर्माना

**दुबई, वार्ता।** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने पाकिस्तान पर बंगलादेश के खिलाफ मीरपुर में पहले टेस्ट में धीमी ओवर-गति के लिए मैच फीस का 40 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है और आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के आठ अंक काटे गए हैं। आईसीसी एलीट पैनल ऑफ मैच रेफरी के जेफ क्रो ने यह जुर्माना तब लगाया जब पाकिस्तान को निर्धारित समय सीमा से आठ ओवर कम फेंकने का दोषी पाया गया। आईसीसी कोड ऑफ कंडक्ट फॉर प्लेयर्स एंड प्लेयर सपोर्ट स्टाफ के आर्टिकल 2-22 के अनुसार, जो न्यूनतम ओवर-गति अपराधों से संबंधित है, खिलाड़ियों पर उनकी टीम द्वारा तय समय में हर ओवर कम फेंकने पर उनकी मैच फीस का पांच प्रतिशत जुर्माना लगाया जाता है।

# ब्राजील ने कार्लो एंसेलोटी का अनुबंध 2030 तक बढ़ाया

**रियो डी जेनेरियो, वार्ता।** ब्राजील फुटबॉल कन्फेडरेशन (सीबीएफ) ने राष्ट्रीय टीम प्रबंधक कार्लो एंसेलोटी के कार्यकाल में चार साल का विस्तार, अगले विश्वकप 2030 तक कर दिया है।

66 साल के एंसेलोटी पिछले मई में इस साल के विश्व कप तक के लिए डील पर ब्राजील की टीम के साथ जुडे थे, जो अगले महीने अमेरिका, मैक्सिको और कनाडा की मेजबानी में शुरू हो रहा है। गुरुवार को सीबीएफ की वेबसाइट पर एक बयान में एंसेलोटी ने कहा कि पिछले एक साल से, हम ब्राजील की राट्रीष्य टीम को विश्व फुटबॉल में फिर से शीर्ा पर लाने के लिए काम कर रहे हैं। लेकिन कन्फेडरेशन और मैं और चाहते हैं। इस पर और काम किया जाए।

हमें यह बताते हुए बहुत खुशी हो रही है कि हम अगले चार साल तक साथ रहेंगे। हम विश्व कप 2030 तक साथ मिलकर आगे बढ़ेंगे। मैं कन्फेडरेशन को उसके भरोसे के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं।

ब्राजील, इतने अच्छे स्वागत और इतने प्यार के लिए धन्यवाद। एंसोलोटी ने अपनी नियुक्ति के बाद से पांच जीत, दो ड्रॉ और तीन हार देखी हैं। सीबीएफ के अध्यक्ष समीर जौद ने बताया कि रियल मैड्रिड के पूर्व मैनेजर के साथ लंबे समय के सौदे के लिए बातचीत चल रही है।

# GT की नजरें प्लेऑफ व KKR की जीत पर




**कोलकाता, वार्ता।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के पूर्व स्टार शुभमन गिल शनिवार को ईडन गार्डन्स में वापसी कर रहे हैं। इंडियन प्रीमियर लीग के 60वें मैच में केकेआर का सामना इन-फॉर्म गुजरात टाइटन्स से होगा, जो इमोशन, प्रेशर और प्लेऑफ के असर से भरा होगा। केकेआर के लिए, इक्वेशन सीधा है लेकिन मुश्किल है,

जीतो या अपनी प्लेऑफ की उम्मीदों को खत्म होते देखो। इस बीच, गुजरात टाइटन्स एक शानदार बदलाव के बाद क्वालिफकिेशन के कगार पर है, जिसने उन्हें लगातार पांच जीत के साथ टेबल के टॉप हाफ में पहुंचाया है। मैच स्वाभाविक रूप से गिल के इर्द-गिर्द घूम रहा है, जिन्हें कभी केकेआर का लंबे समय तक चेहरा माना जाता था, लेकिन उनके इस कदम ने उन्हें गुजरात टाइटन्स का कैप्टन और बैटिंग पिलर बना दिया। इस सीजन की शुरुआत में, गिल ने अपनी पुरानी टीम के खिलाफ 86 रन की शानदार पारी खेली थी, जिससे जीटी ने 181 रन का पीछा करते हुए पांच विकेट से जीत हासिल की थी। उस नतीजे ने कोलकाता के खिलाफ गुजरात का अपरा.जेय रथ तीन मैचों तक बढ़ा दिया। अब, गिल उस मैदान पर लौट रहे हैं जहां उन्हें कभी अटूट सपोर्ट मिला था, और शायद केकेआर के कैंपेन को पूरी तरह खत्म करने की जम्मिेदारी भी उन पर है। जीटी कोलक.ाता में टूर्नामेंट की सबसे बैलेंस्ड टीमों में से एक दिख रही है। उनकी बैटिंग गिल और साई सुदर्शन की कंसिस्टेंसी के आस-पास घूमती रही है, जो इस सीजन के सबसे अच्छे परफॉर्मर में से एक बनकर उभरे हैं। सुदर्शन पहले ही एक सेंचुरी और पांच हाफ-सेंचुरी के साथ 500 रन का आंकड़ा पार कर चुके हैं, जबकि गिल ने लीग में सबसे भरोसेमंद टॉप-ऑर्डर बैट्समैन में से एक के तौर पर अपनी रेप्युटेशन बनाए रखी है। तीसरे नम्बर पर जोस बटलर की मौजूदगी ने गुजरात के टॉप ऑर्डर को और मजबूत किया है, जिससे टाइटन्स को पावरप्ले और मिडिल ओवर दोनों में हावी होने की काबिलियत मिली है। जब उनका मिडिल ऑर्डर पूरी तरह से नहीं चला है, तब भी गुजरात के बॉलिंग अटैक ने जबरदस्त एफिशिएंसी से इसकी भरपाई की है। साउथ अफ्रीकी पेसर कगिसो रबाडा ने 21 विकेट लेकर अटैक को लीड किया है, जबकि ऑलराउंडर जेसन होल्डर ने जरूरी ब्रेकथ्रू दिए हैं और प्रेशर सिचुएशन में कंट्रोल बनाए रखा है। गुजरात के बॉलर्स ने पिछले चार मैचों में 39 विकेट लिए हैं, जिससे पता चलता है कि उनकी जीत का सिलसिला किस तरह से चला है। हालांकि, केकेआर ने सीजन की शुरुआत में लगभग बाहर होने के बाद वापसी के संकेत दिए हैं। राजस्थान रॉयल्स, लखनऊ सुपर जायंट्स, सनराइजर्स हैदराबाद और दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ लगातार चार जीत ने कैंप के अंदर भरोसा जगाया।

# शास्त्री ने टी-20 कप्तानी के लिए संजू सैमसन का समर्थन किया




**दुबई, वार्ता।** भारत के पूर्व कोच रवि शास्त्री का मानना है कि इन-फॉर्म बैटर संजू सैमसन भारत की टी-20 कप्तानी के लिए एक उम्मीदवार के तौर पर उभरे हैं। सूर्यकुमार यादव ने दो महीने पहले भारत को घरेलू मैदान पर आईसीसी पुरुा टी-20 वर्ल्ड कप का खिताब दिलाया था, जहां सैमसन को प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट चुना गया था।

आईसीसी रिव्यू पर शास्त्री ने कहा, भारत, अगले (टी-20) वर्ल्ड कप (2028 में) में, एक नए कप्तान की तलाश कर सकता है, यह इस बात पर निर्भर करता है कि सूर्य अगले कुछ सालों में कैसा प्रदर्शन करते हैं। लेकिन संजू सैमसन ने खुद को लीडरशिप रोल के लिए तैयार किया है क्योंकि उन्होंने पहले राजस्थान (रॉयल्स) के लिए ऐसा किया है। और वह टीम में टॉप ऑर्डर में एक पक्का खिलाड़ी हैं, बहुत खतरनाक। इसलिए मुझे लगता है कि यह अगले दो या तीन सालों में संजू से कुछ और देखने को मिलेगा। सैमसन ने आईपीएल में राजस्थान रॉयल्स को पांच सीजन तक लीड किया था,

जिसमें 2022 भी शामिल है, जब वे रनर-अप रहे थे। इंटरनेशनल क्रिकेट में, सैमसन अपनी जदिगी के सबसे अच्छे फॉर्म में हैं, 31 साल के इस खिलाड़ी ने भारत के टी-20 वर्ल्ड कप जीतने के दौरान लगातार तीन हाफ-सेंचुरी बनाईं।

# हम दबाव को झेल नहीं पा रहे हैं: हैडिन



**धर्मशाला, वार्ता।** पंजाब किग्ंस के सहायक कोच ब्रैड हैडिन ने कहा कि हमें रास्ता निक.ालना होगा, टीम हर विभाग में संघाा कर रही और हम दबाव नहीं झेल पा रहे है। ब्रैड हैडिन ने पंजाब किग्ंस की लगातार पांचवीं हार के बाद हर सवाल के जवाब में यही बात दोहराई।

आईपीएल 2026 में गुरूवार को उन्हें पहले ही बाहर हो चुकी मुंबई इंडियंस ने छह विकेट से हराया। इस हार के बाद पंजाब अंक तालिका में चौथे स्थान पर है। अच्छी बात यह है कि टूर्नामेंट की शुरुआत में मिली जीतों की वजह से वह अभी भी प्लेऑफ की दौड़ में बनी हुई है और उनका भविय अभी भी उनके अपने हाथ में है। मैच के बाद संवाददाता सम्मेलन में हैडिन ने कहा, हाल की हारों में हम दबाव नहीं संभाल पाए हैं। पूरा टूर्नामेंट ही दबाव से भरा होता है और जिस दौर में हम हैं, यहीं आईपीएल क्रिकेट की असली परीक्षा है।

आपको बड़े मौकों को संभालना आना चाहिए, दबाव झेलने आना चाहिए। उन्होंने कहा कि अब जरूरी है कि हम अच्छी वापसी करें। आज के मैच से हमें कुछ अच्छे संकेत मिले हैं। ड्रेसिग रूम में हार का दर्द है। हमें आज की अच्छी चीजो को साथ लेकर आगे बढ़ना होगा। तैयारी में उन बातों को शामिल करना होगा और देखना होगा कि कहां सुधार की जरूरत है। हमें इस मुश्किल दौर से निकलने का रास्ता ढूंढना होगा। हैडिन ने कहा कि हाल की हारों में हम दबाव नहीं संभाल पाए। जब सबसे अधिक जरुरत थी, तब हम अपना सर्वश्रेठ क्रिकेट नहीं खेल पाए और यह निराशाजनक है। लेकिन एक बात स्पट है कि हमें इससे बाहर निकलने का रास्ता ढूंढना होगा। इसमें कोई छुपाने वाली बात नहीं है कि हमें बेहतर खेलना होगा। लीग चरण में अब हमारे पास सिर्फ दो मैच बचे हैं और अब किसी और बात की गुंजाइश नहीं है। अब हमें अपने बाकी दोनों मैच जीतने ही होंगे। बात इतनी सीधी है।आप टूर्नामेंट के इस दौर में खेलना चाहते हैं। आप चाहते हैं कि इस समय आपका सबसे अच्छा क्रिकेट सामने आए और अब हमें वही रास्ता निकालना होगा। अगले कुछ मैचों में हमें अपना सर्वश्रेठ खेल दिखाना होगा ताकि फाइनल खेलने का मौका मिल सके। अब पंजाब किग्ंस का अगला मुकाबला धर्मशाला में दिन के मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) से है।

# पंजाब किग्ंस को जीतना चाहिए था: सुनील गावस्कर



**धर्मशाला, वार्ता।** पूर्व भारतीय कप्तान सुनील गावस्कर का कहना है कि पंजाब किग्ंस को मुंबई इंडियंस के खिलाफ कल का मैच हर हाल में जीतना चाहिए था। पंजाब किग्ंस को आईपीएल 2026 में लगातार पांचवीं हार का सामना करना पड़ा,

जब वे मुंबई इंडियंस से एक हाई-स्कोरिग मैच में 6 विकेट से हार गए। स्टार स्पोर्ट्स के 'अमूल क्रिकेट लाइव' पर बात करते हुए, जियो स्टार के एक्सपर्ट संजय बांगर और सुनील गावस्कर ने पंजाब किग्ंस के प्रदर्शन, उनकी बॉलिंग स्ट्रैटेजी और उन एरिया का विश्लोण किया जिन पर वे ध्यान दे सकते हैं। गावस्कर ने पंजाब किग्ंस के बॉलिंग बदलावों पर बात की और कहा, यह एक ऐसा गेम था जिसे पंजाब किग्ंस को आखिरी तीन ओवर में 53 रन बनाकर 200 के पार जाने के बाद जीतना चाहिए था। उस समय, उनके पास मोमेंटम था और वे कंट्रोल में दिख रहे थे। लेकिन उनकी बॉलिंग चिंता का विाय बनी हुई है। श्रेयस अय्यर की नाकामी से भी नुकसान हुआ क्योंकि जब वह रन बनाते हैं, तो पंजाब को 20-30 रन अतिरिक्त मिल जाते हैं और अंत में यही अंतर साबित हुआ। बार्टलेट महंगे रहे और मुझे हैरानी हुई कि उन्हें मददगार पिच पर नई बॉल नहीं दी गई। अजमतुल्लाह उमरजई बल्ले और गेंद दोनों से शानदार थे, और शायद पंजाब को उन्हें सपोर्ट करते रहना चाहिए, साथ ही बैटिंग डेप्थ के लिए मार्कस स्टोइनिस पर भी विचार करना चाहिए। संजय बांगर ने एमआई के खिलाफ पंजाब की बॉलिंग स्ट्रैटेजी का विश्लोण किया, और तिलक वर्मा की पारी की तारीफ की। उन्होंने कहा, श्रेयस अय्यर ने इस गेम में सिर्फ पांच बॉलर्स का इस्तेमाल किया, और हमेशा एक पॉइंट ऐसा आने वाला था जब बैट्समैन बार्टलेट को टारगेट करेंगे। चहल और अर्शदीप ने तब तक बहुत अच्छी बॉलिंग की थी। एक तरह से, पंजाब किग्ंस ने अपना ही फायदा गंवा दिया। अगर आप सिर्फ रोहित शर्मा और रदरफोर्ड की पारी को मिलकर देंखे तो उन्होंने 47 गेंदों में 45 रन बनाए, तो इसका मतलब था कि मुंबई इंडियंस को बाकी 12 ओवर्स में अभी भी लगभग 150 रन चाहिए थे। इसलिए, दूसरे बैट्समैन की कम स्ट्राइक-रेट इनिग्स के बावजूद मुंबई इंडियंस को रेस में बनाए रखने के लिए तिलक वर्मा की यह एक जबरदस्त कोशिश थी। कुल मिलाकर, यह एक शानदार फनिशि था। टेबल-टॉपर्स आरस.ीबी के खिलाफ पंजाब के अगले मैच पर उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि पंजाब किग्ंस के पास हरप्रीत बराड़ को इस्तेमाल करने का मौका होगा क्योंकि वह हमेशा एक क्वालिटी परफॉर्मर रहे हैं, खासकर आरसीबी के खिलाफ। मैं खुद आरसीबी का हिस्सा रहा हूं, मुझे पता है कि उन्होंने पिछले कुछ सालों में उनके कई बैट्समैन को परेशान किया है।

# पीवी सिंधु कड़े संघर्ष में हारी

## सात्विक-चिराग सेमीफाइनल में पहुंचे

**बैंकॉक, वार्ता।** पूर्व और मौजूदा वर्ल्ड चैंपियन के बीच हुए मुकाबले में, भारत की पीवी सिंधु शुक्रवार को यहां थाईलैंड ओपन 2026 बैडमिंटन के महिला सिगल्स क्वार्टर फाइनल में जापान की अकाने यामागुची से कड़े संघर्ष में हार गईं।

2019 की बैडमिंटन वर्ल्ड चैंपियन और महिला सिगल्स रैंकिंग में मौजूदा नम्बर 12 पर काबिज सिंधु ने पहला गेम जीता और मैच के दूसरे मिड-गेम इंटरवल में चार पॉइंट की बढ़त के बाद सेमीफाइनल में जगह बनाने की ओर बढ़ती दिखीं। हालांकि, दुनिया की नम्बर 3 और मौजूदा वर्ल्ड चैंपियन यामागुची ने अपने ट्रेडमार्क फाइटबैक से मैच का रुख पलट दिया और 61 मिनट में 19-21, 21-18, 21-15 से जीत हासिल की। हार के बावजूद, भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी ने अपने हेड-टू-हेड रिकॉर्ड में 15-13 की मामूली बढ़त बनाए रखी है। यामागुची पर उनकी सबसे यादगार जीत टोक्यो 2020 ओलंपिक्स के क्वार्टर-फाइनल में मिली थी। हालांकि, शुक्रवार के नतीजे ने जापानी स्टार से उनकी पिछली पांच मुलाकातों में चौथी हार को चिन्हित किया। इससे पहले उनका सबसे हालिया मुकाबला जनवरी में मलेशिया ओपन में हुआ था, जहां यामागुची के चोट के कारण रिटायर होने के बाद सिंधु आगे बढ़ी थीं। इससे पहले दिन में, टॉप सीड सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने जापान के छठे सीड ताकुमी नोमुरा और युइची शिमोगामी को 41 मिनट में 21-12, 21-13 से हराकर बीडब्ल्यूएफ सुपर 500 टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी शनिवार को सेमीफाइनल में मलेशिया के गोह से फेई और नूर इजुद्दीन से भिड़ेंगे। चिराग और सात्विक दो बार के थाईलैंड ओपन चैंपियन हैं, जिन्होंने क्रमश: 2019 और 2024 में पुरुाों के डबल्स खिताब जीते हैं। सातवीं वरीयता प्राप्त लक्ष्य सेन, दिन में बाद में पुरुाों के सिगल्स क्वार्टर फाइनल में घरेलू पसंदीदा कुनलावुत विटिडसार्न - पूर्व विश्व चैंपियन और पेरिस 2024 रजत पदक विजेता - से भिड़ेंगे।

# ट्रक ने बाइक में मारी टक्कर, दो युवको की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** झबरेड़ा इकबालपुर मार्ग ग्राम साबतवाली गांव के गेट के पास गुरुवार शाम लगभग 7 बजे बाइक व टाटा 407 ट्रक की टक्कर होने से बाइक सवार दो युवको की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस द्वारा दोनों मृतक युवकों के शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए रुड़की सिविल अस्पताल में भेज दिये गये है।

ग्राम बेहेडेकी सैदाबाद निवासी 22 वर्षीय गौरव पुत्र रोशन व 21 वर्षीय रितिक पुत्र माधव बाइक से कस्बा झबरेड़ा से अपने घर जा रहे थे ।झबरेड़ा इकबालपुर मार्ग ग्राम साबतवाली गेट के पास सामने से आ रहे टाटा 407 ट्रक की टक्कर बाईक से हो गई। ट्रक की टक्कर लगते ही बाइक सवार दोनों युवक सड़क पर गिर गए तथा मौके पर ही दोनों की मौत हो गई ।थाना प्रभारी निरीक्षक विजय सिंह का कहना है कि सड़क दुर्घटना का पता लगते ही पुलिस मौके पर पहुंची तथा दोनों मृतकों के शव का पंचनामा कर उनके शव को पोस्टमार्टम के लिए रुड़की सिविल अस्पताल में भेज दिया गया है ।मृतको के परिजनों को सूचना दे दी गई है। सूचना मिलते ही मृतकोंके परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने टाटा 407 ट्रक को कब्जे में ले लिया है।

# वाणिज्य शिक्षिका सोनिया को उत्तराखंड विद्यालय परिषद ने किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** केवल कन्या पाठशाला इंटर कॉलेज, मंगलौर की वाणिज्य की शिक्षिका सोनिया कौशिक को उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद, रामनगर द्वारा दिनांक 15 मई को परिषद मुख्यालय सभागार में आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद द्वारा छात्र-छात्राओं के बोर्ड परीक्षाओं में विषय में शत प्रतिशत अंक प्राप्त करने पर विषय के शिक्षक-शिक्षिका को परिषद द्वारा सम्मानित किया जाता है। इसी क्रम में आज आयोजित कार्यक्रम में केवल कन्या पाठशाला इंटर कॉलेज, मंगलौर की छात्रा वैष्णवी द्वारा एकाउंटेंसी विषय में 100 अंक प्राप्त करने पर विषय की अध्यापिका सोनिया कौशिक को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सोनिया कौशिक ने कहा कि केवल कन्या पाठशाला इंटर कॉलेज मंगलौर की छात्राएं सदा पढ़ाई के साथ खेलकूद में भी अग्रणी रहती है इसका श्रेय विद्यालय प्रबंधक डॉक्टर रविंदर कपूर एवं प्रधानाचार्य डॉक्टर दीपिका सैनी की निरंतर प्रेरणा एवं श्रम को जाता है। उनकी प्रेरणा से ही कॉलेज की सभी अध्यापिकाएं अपनी छात्राओं पर पूरी मेहनत करती हैं और उसका असर कॉलेज की पढ़ाई, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं खेलकूद के परिणाम में दिखाई देता है। कॉलेज की सभी छात्राएं एवं उनके परिजन भी कॉलेज प्रबंधन, प्रधानाचार्य, शिक्षिकाओं, विद्यालय के स्टाफ की मेहनत से प्रेरित होकर उनके साथ पूरा परिश्रम करते हैं जो छात्राओ के उत्तम परिणाम में दिखाई देता है। मुझे आज गौरव महसूस हो रहा है की मैं केवल कन्या पाठशाला इंटर कॉलेज जैसे संस्थान का भाग हूँ। मैं वैष्णवी, उनकी माता मोनिका शर्मा एवं पिता योगेंद्र कुमार शर्मा को शुभकामनाएं देती हूँ और अन्य छात्र-छात्राओं को वैष्णवी से प्रेरणा लेनी चाहिए।



# अवैध देशी शराब के साथ एक नशा तस्कर दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** ऑपरेशन प्रहार के तहत हरिद्वार पुलिस की नशा तस्करों पर ताबडतोडकार्यवाही लगातार जारी है। इसी के तहत 50 अदद टैट्रा पैक माल्टा मसालेदार देशी शराब के साथ 01 आरोपित को धर दबोचा गया है।

जानकारी के अनुसार पुलिस मुख्यालय उत्तराखण्ड द्वारा चलाये जा रहे ऑपरेशन प्रहार अभियान के तहत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार के दिशा निर्देश के क्रम में पर्यवेक्षण में एंव प्रभारी निरीक्षक भगवानपुर हरिद्वार के कुशल नेत्तृव में मादक पदार्थ (अवैध शराब/स्मैक/चरस/गांजा/आदि) तस्करों के विरुद्ध चलाये जा रहे। अभियान के दौरान कोतवाली भगवानपुर पुलिस द्वारा तबडतोड कार्यवाही करते हुये दिनांक 14/05/2026 को दौराने चौंकिग अनिल कुमार पुत्र बालकरामपाल निवासी ग्राम इस्वापुर थाना कन्नौज जनपद कन्नौज उ0प्र0 हाल निवासी बन्दा खेडी थाना गंगनहर जनपद हरिद्वार को शमशान घाट के पास ग्राम सरठेडी से 50 अदद टैट्रा पैक माल्टा मसालेदार देशी शराब के साथ पकडा गया। आरोपित के विरूद्ध थाना हाजा पर आबकारी अधिनियम अभियोग पंजीकृत किया गया।

# रणसुरा कांड : अंडरग्राउंड चल रहा मास्टर माइंड गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** लक्सर कोतवाली पुलिस ने रणसुरा कांड में अंडरग्राउंड चले रहे मास्टर माइंड को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

जानकारी के अनुसार आरोपी ने अनीस पर अपने साथियों संग मिलकर वारदात को अंजाम दिया था जिसमें साथ ही धार धारदार हथियारों से फायरिंग, बंधक बनाने व फोन छीनने का भी प्रयास किया गया था। वारदात में शामिल अन्य आरोपियों की धरपकड के लिए पुलिस के प्रयास जारी हैं। गुफरान पुत्र मुर्सलीम निवासी रणसूरा थाना लक्सर जनपद हरिद्वार ने थाने पर तहरीर दी कि अनीस आदि ने एक राय होकर लाठी डंडे व धारधार हथियार लेकर षडयन्त्र रच वादी के चाचा शौकीन व चचेरे भाई शमशाद के साथ मारपीट की तथा धारधार हथियारों से गम्भीर चोट पहुंचा, जान से मारने की नियत से फायर कर बंधक बना फोन छीने। शिकायत के आधार पर कोतवाली लक्सर पर तत्काल अभियोग पंजीकृत किया गया।

निरंतर प्रयासों के पश्चात दिनांक 24.05.2026 को पुलिस टीम द्वारा घटना का मुख्य आरोपी अनीश को लक्सर क्षेत्र से गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की। अनीश घटना कारित करने के बाद से ही अपना घर छोड़ लगातार फरार चल रहा था। पकड़ा गया आरोपी-अनीश पुत्र सईद निवासी ग्राम रणसुरा थाना कोतवाली लक्सर जनपद हरिद्वार है।

# रोटरी क्लब ने स्कूली बच्चों के लिए लगाया दंत जांच शिविर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रूडकी।** रोटरी क्लब रुड़की सेंट्रल ने सामाजिक सेवा और स्वास्थ्य जागरूकता अभियान के तहत विकासखंड के दो विद्यालयों में सेवा कार्यों का आयोजन किया। क्लब द्वारा गोद लिए गए राजकीय प्राथमिक विद्यालय, बेलड़ा-ण्ण् में जहाँ बच्चों के लिए दंत जांच शिविर लगाया गया, वहीं राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय बाजूहेड़ी में बुनियादी सुविधाओं का विस्तार किया गया।

स्वच्छता और स्वास्थ्य पर जोर-शुक्रवार को आयोजित शिविर में सिटी डेंटल क्लीनिक के प्रसिद्ध दंत चिकित्सक डॉ. सोनाली धाई और डॉ. विशाल ने विद्यार्थियों के दांतों की विस्तृत जांच की। चिकित्सकों ने बच्चों को सही तरीके से ब्रश करने के तरीके सिखाए और दंत स्वच्छता के महत्व पर प्रकाश डाला। इस दौरान बच्चों को डेंटल किट भी वितरित की गई। शिक्षा के लिए अनुकूल वातावरण-स्वास्थ्य शिविर के बाद क्लब ने बाजूहेड़ी विद्यालय में आधारभूत संरचना विकास परियोजना के तहत कक्षाओं में पंखे और खिड़कियाँ लगवाने का कार्य संपन्न किया। क्लब के पदाधिकारियों ने बताया कि इसका उद्देश्य भीषण गर्मी में बच्चों को पढ़ाई के लिए अनुकूल और आरामदायक वातावरण प्रदान करना है। क्लब के अध्यक्ष रो. आदर्श कपानिया और सचिव रो. देवेश भीमसारिया ने संयुक्त रूप से कहा कि बच्चों का स्वास्थ्य और उनकी शिक्षा क्लब की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने भविष्य में भी इस प्रकार के जनकल्याणकारी कार्यों को जारी रखने का संकल्प दोहराया।



वहीं दूसरी ओर इस कार्यक्रम के सफल आयोजन में डॉ. साक्षी भीमसारिया, डॉ. प्रणीति पोसवाल, रो. रजत अग्रवाल, रो. अचल मित्तल, और कोषाध्यक्ष रो. दीपक शर्मा का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर बेलड़ा-II की अध्यापिका सरिता, अंजू भंडारी, अंजू देवी, बबीता रानी, लक्ष्मी, सुनील कुमार नेगी तथा बाजूहेड़ी स्कूल से श्रीमती रश्मी शर्मा, पंकज त्यागी, संगीता वर्मा, सुषमा रानी और रचना त्यागी सहित कई रोटरी सदस्य उपस्थित रहे।

# पुलिस ने मालखाने में रखे पुराने माल का किया निस्तारण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** कोतवाली भगवानपुर पुलिस द्वारा मालखाने में रखे पुराने माल का निस्तारण किया। पुलिस ने वर्ष 2018 से 2025 तक के 162 जार बिसरा व पीएम से प्राप्त 34 पुलिंदों का नियमानुसार निस्तारण किया।

जानकारी के अनुसार कोतवाली भगवानपुर पुलिस द्वारा मालखाने में लंबे समय से रखे पोस्टमार्टम संबंधी माल का नियमानुसार निस्तारण किया गया। इस दौरान वर्ष 2018 से वर्ष 2025 तक के पोस्टमार्टम से प्राप्त कुल 162 जार बिसरा एवं 34 पुलिंदों सहित कुल 74 मालों का निस्तारण किया गया। कार्यवाही उपजिलाधिकारी भगवानपुर, क्षेत्राधिकारी मंगलौर, चिकित्सा अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भगवानपुर, सहायक अभियोजन अधिकारी उपखण्ड रुड़की, प्रभारी निरीक्षक भगवानपुर एवं मालखाना मोहर्रिर की उपस्थिति में संपन्न हुई। निस्तारण की प्रक्रिया के तहत निर्धारित मानकों के अनुसार उचित गहराई का गड्ढा खोदकर अम्लीय छिड़काव एवं नमक डालकर सुरक्षित तरीके से माल नष्ट किया गया।

## दो फरार वारण्टी दबोचे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** एसएसपी हरिद्वार के निर्देश पर वारन्टियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में खानपुर पुलिस ने 02 वारंटियों को उनके घरों में छापेमारी कर हिरासत पुलिस लिया। न्यायालय समक्ष पेश किया जा रहा है। पकड़े गए वारंटियों का विवरण-नाथीराम पुत्र धनीराम निवासी ग्राम मोहनावाला थाना खानपुर दण्ड वाद संख्या 29/2025 अन्तर्गत धारा 60 आबकारी अधिनियम चालानी थाना खानपुर न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट सिविल जज(जू0डी0) लक्सर व वारंटी विनोद कुमार पुत्र रामसहाय निवासी ग्राम लक्सरी थाना कोतवाली लक्सर वाद संख्या 163/2025 कोमल बनाम विनोद कुमार अन्तर्गत धारा 144(3)ठछै 125(3) बतचब सम्बन्धित मा0 न्यायालय प्रथम अतिरिक्त( प्रधान न्यायाधीश रुड़की है।

# महाराणा प्रताप ने हमेशा सभी धर्मों का किया सम्मान : समीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** समाजवादी पार्टी के प्रदेश महासचिव ने एक वायरल वीडियो जिस मैं कुछ लोग महाराणा प्रताप की प्रतिमा के पास खड़े होकर वीडियो बना रहे है और उस वीडियो मैं आपत्तिजनक गाना लगाये हुए है जिस पर समीर आलम ने कहा की जिनकी प्रतिमा के पास ये लोग खड़े है वो महान महाराणा प्रताप उन्होंने हमेशा सभी धर्मो का सम्मान किया है इन लोगो को उनके इतिहास के बारे में जरा सी भी जानकारी नही है ऐसे लोग वीर योद्धा महाराणा प्रताप के नाम को भी खराब कर रहे है क्यूंकि इनको ये तक जानकारी नही है महाराणा प्रताप ने हमेशा मुगलों के खिलाफ युद्ध लड़े है नाकी भारत के मुसलमानों के खिलाफ आगे बोलते हुए समीर आलम ने कहा की महाराणा प्रताप ने हमेशा मुस्लिमों पर पूरा भरोसा किया जिसका उदाहरण इस बात से लगाया जा सकता है उनकी सेना में कई मुस्लिम कमांडर और भी बहुत से महत्वपूर्ण पदों पर थे महाराणा प्रताप ने धर्म के आधार पर कभी कोई भेदभाव नहीं किया महाराणा प्रताप तो भारत के मुस्लिमो पर पूरा भरोसा करते थे उनके भरोसे का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है हल्दीघाटी का वो 1876 का ऐतिहासिक युद्ध जिस्में वीर महाराणा प्रताप ने अपने के मुस्लिम वफादार मुख्य सेनापति हकीम खघन सूरी के नेतृत्व में अपने सेना युद्ध के लिए भेजी जिसमें हकीम खघन सूरी ने महाराणा प्रताप के भरोसे को रखते हुए और अपनी मातृभूमि कि रक्षा करते हुए युद्ध के मैदान में अपने प्राण न्योछावर कर दिए कैसे हम भूल सकते है। महापुरुषों के नाम पर अपने आप को अपने आप को चमकाना है और कुछ नहीं यह घटिया मानसिकता के लोग है जो अपने ही भारत को कमजोर करना चाहते है।



# पुलिस ने श्रमिकों की समस्याओं को लेकर फैक्ट्री के जीएम व एचआर के साथ की मीटिंग

**भगवानपुर।** कोतवाली भगवानपुर पुलिस द्वारा भगवानपुर क्षेत्र अंतर्गत स्थित कम्पनी व फैक्ट्रीयो पर नियुक्त श्रमिको की समस्या के समाधान के लिये फैक्ट्री के जीएम व एचआर के साथ मिटिग की गई।

जानकारी के अनुसार कोतवाली भगवानपुर द्वारा भगवानपुर क्षेत्र की सभी कम्पनीयो /फ्रैक्ट्रीयो के जीएम व एचआर की कम्पनी पर नियुक्त श्रमिको के वलफेयर व समस्यो के सम्बन्ध मे अम्बुजा कम्पनी के गैस्ट हाऊस मे मिटिग ली गई। जिसमें सभी उपस्थित श्रमिकों की समस्याओं का समय से निराकरण करने हेतू आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। तथा अवगत कराया की वर्तमान समय मे जगह ख्रजगह श्रमिको द्वारा अपनी मांगो को लेकर उग्र विरोध प्रदर्शन किये जा रहे है जिसके लिये अलग से कमेठी बैठकर श्रमिको की समय से समस्या का समाधान करे तथा उतराखण्ड सरकार द्वारा जारी न्यूनतम वेतनमान का लाभ सभी श्रमिको को समय-समय पर दिया जाये। श्रमिको की समस्या को सुनकर उनकी समस्या का समाधान समय पर किया जाये तथा अपनी कम्पनी पर नियुक्त श्रमिको का सत्यापन समय-समय पर करवाये।

# युवक ने पुलिस से लगाई ब्याज खोर से सुरक्षा की गुहार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** कलियर निवासी एक व्यक्ति ने रुड़की के एक व्यक्ति पर आरोप लगाते हुए पुलिस से सुरक्षा और न्याय की गुहार लगाई है। पीड़ित अफसार अली ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि रुड़की निवासी एक व्यक्ति से चार साल पहले उसने अपनी जरूरत के लिए 4 लाख रुपये चेक के जरिए लिए थे। इसके बाद आरोपी ने चक्रवर्ती ब्याज लगाकर शोषण शुरू कर दिया। अफसार का दावा है कि वह अब तक कुल 30 लाख रुपये चुका चुके हैं, जिसके लिए उन्हें अपना पुश्तैनी मकान तक बेचना पड़ा। आज स्थिति यह है कि पीड़ित अपने बच्चों के साथ किराए के कमरे में रहने को विवश है। अब वह 25 लाख रुपये की अवैध पेनल्टी मांग रहा है। उसके भाइयों द्वारा सुरक्षा के तौर पर दिए गए चेक का दुरुपयोग कर उन्हें झूठे मुकदमों में फंसाकर जेल भेजने की धमकी दे रहा है। पीड़ित का कहना है कि आरोपी असामाजिक तत्वों के साथ घर आकर गाली-गलौज और मानसिक उत्पीड़न करता है, जिससे तंग आकर वह आत्मघाती कदम उठाने जैसा महसूस कर रहे हैं।कोतवाली प्रभारी कमल मोहन भंडारी का कहना है कि तहरीर के आधार पर जांच की जा रही हैं।

# जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल कर थप्पड़ जड़े

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** चचेरे भाई के साथ गाली-गलौज का विरोध करने पर आरोपी सलीम ने बहादरपुर डेरा निवासी धर्मवीर को जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल करते हुए थप्पड़ जड़ दिए। आसपास के लोगों के आने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देकर चला गया। पुलिस ने आरोपी सलीम के खिलाफ एससी-एसटी एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली है। कोतवाली क्षेत्र के बहादरपुर डेरा गांव निवासी धर्मवीर ने तहरीर में बताया कि 25 अप्रैल को रात करीब आठ बजे वह अपने घर में मौजूद थे। घर के बाहर शोर सुनकर वह बाहर निकले तो यहां आरोपी सलीम उनका चचेरे भाई गाली-गलौज कर रहा था। उन्होंने मामला शांत कराने का प्रयास किया तो आरोपी ने उनके साथ जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल करते हुए उन्हें थप्पड़ जड़ दिए। आसपास के लोग मौके पर आए तो आरोपी जान से मारने की धमकी देकर चला गया। धर्मवीर ने पुलिस से कार्रवाई की मांग की। कोतवाली प्रभारी प्रवीण सिंह कोश्यारी ने बताया कि तहरीर के आधार पर एससी-एसटी एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। मामले की जांच की जा रही है।

# कैबिनेट मंत्री बत्रा ने बांटे राहत कोष के चेक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रूडकी।** कैबिनेट मंत्री प्रदीप बत्रा ने अपने सेवा केंद्र पर आयोजित जन सुनवाई कार्यक्रम में क्षेत्रवासियों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं और संबंधित अधिकारियों को त्वरित एवं प्रभावी समाधान के निर्देश दिए। जन सुनवाई में बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों ने सड़क, पेयजल, बिजली, पेंशन, स्वास्थ्य एवं अन्य जनहित से जुड़े मुद्दे मंत्री के समक्ष रखे।

कैबिनेट मंत्री प्रदीप बत्रा ने कहा कि जनता की सेवा और उनकी समस्याओं का समाधान सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने आश्वासन दिया कि प्रत्येक नागरिक की समस्या का समाधान पूरी संवेदनशीलता और पारदर्शिता के साथ किया जाएगा।



उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जन समस्याओं के निस्तारण में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए तथा आमजन को सरकारी योजनाओं का लाभ समय पर उपलब्ध कराया जाए।जन सुनवाई के दौरान उपस्थित लोगों ने मंत्री बत्रा की कार्यशैली की सराहना करते हुए कहा कि सेवा केंद्र आमजन के लिए भरोसे का केंद्र बनता जा रहा है, जहां उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना और समाधान किया जाता है

## पुलिस ने चलाया वाहन चैकिंग अभियान

# संदिग्ध पाए गए 13 वाहनों को किया जब्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** वाहन चोरी की घटनाओं पर लगाम लगाने के लिए भगवानपुर पुलिस आज खेलपुर गांव पहुंची। अभियान के दौरान 200 से अधिक वाहन चैक करते हुए संदिग्ध पाए गए 13 वाहनों को जब्त कर लिया है।

जानकारी के अनुसार पिछले कुछ समय से संदिग्ध व बिना नंबर वाहनों के बारे में मिल रही शिकायतों पर पुलिस ने चेकिंग अभियान चलाकर वाहन चोरी की घटनाओं पर लगाम लगाने व बिना वाहन मालिक की जानकारी/आवश्यक कागजात लिए वाहनों की खरीददारी करने वालों पर लगाम लगाने के संबंध में एसएसपी नवनीत सिंह द्वारा दिए गए दिशा-निर्देशों पर कार्यवाही करते हुए कोतवाली भगवानपुर पुलिस ने आज दिनांक 15.05.2026 को टीम बनाकर ग्राम खेलपुर में गली-मौहल्लों के आने-जाने वाले रास्तों पर वाहनों का सत्यापन/चैकिंग अभियान चलाया गया। आज प्रात: चलाए गए अभियान में पुलिस ने करीब 200 से अधिक वाहनों एवं उनके कागजात को चौक किया तथा मालिकाना हक तस्दीक ना होने/ वाहनों पर नंबर प्लेट न होने पर 13 वाहनों को मौके पर जप्त किया गया जिनके संबंध में विस्तारपुर्वक तस्दीक की जा रही है। पुलिस द्वारा सभी ग्रामीणों को स्पष्ट रुप से ये संदेश दिया गया कि अभियान किसी को भी परेशान करने के लिए नहीं बल्की गांव के माहौल को अपराधमुक्त बनाने का है। आमजन से ये अपील भी की गई कि सभी कागजात की सही पड़ताल के बाद ही सेकेंड हैंड वाहन खरीदें व अपने वाहनों को बिना नंबर प्लेट/ अधुरे कागजात के साथ न चलाएं।



# ब्रिगेडियर प्रभात ने 84 उत्तराखंड वाहिनी राष्ट्रीय कैडेट कोर का किया वार्षिक निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रूडकी।** एनसीसी ग्रुप मुख्यालय, रुड़की के ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर प्रभात भंडारी द्वारा 84 उत्तराखंड वाहिनी राष्ट्रीय कैडेट कोर, रूड़की का वार्षिक निरीक्षण किया गया। वार्षिक निरीक्षण के दौरान 84 उत्तराखंड वाहिनी एनसीसी के कार्यवाहक कमान अधिकारी ले कर्नल अमन कुमार सिंह द्वारा अतिथि महोदय की अगवानी की गई।

वार्षिक निरीक्षण के दौरान ग्रुप कमांडर द्वारा वाहिनी के समस्त अनुभागों में अभिलेखों की जांच की गई व प्रशिक्षण गतिविधियों, प्रशिक्षण योजनाएं, उपलब्धियां एवं छात्रवृत्ति, कैंप संचालन तथा शिक्षण संस्थानों से संबंधित जानकारियां एवं गतिविधियों पर विस्तार से जानकारी प्राप्त की कई । ब्रिगेडियर भंडारी द्वारा विगत वर्ष में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कैडेट्स जिसमे सर्जेंट अम्बिका थपलियाल, सार्जेंट आशीष उपाध्याय, कैडेट नैना देवी, कैडेट कृतिका जोशी, कैडेट अवनी सिंह, कैडेट वंशिका व कैडेट गुंजन चौहान आदि से एनसीसी में चल रही योजनाएं व भविष्य में होने वाले क्रियाकलापो पर जानकारी प्राप्त की गई। आज वाहिनी निरीक्षण के अवसर पर कैप्टन अश्वनी कुमार, ले विक्रांत कुमार, सेकंड ऑफिसर अनुज पांडेय, सेकंड ऑफिसर नीलिमा छेत्री, केयरटेकर (डॉ) छवि सिंह, सूबेदार मेजर अमर सिंह, सूबेदार पंकज पाल, सूबेदार राजेश, सूबेदार सुभाष चंद्रा, नायाब सूबेदार सुनील बिष्ट, बीएचएम केशवानंद, हवलदार पूरन सिंह नेगी, राजेन्द्र सिंह, जगत सिंह भंडारी, सुरजीत, नरेश चंद्रा, हीरा सिंह, वरि प्र अधि कु लता कंबोज, मुख्य सहायक प्रमोद जोशी, प्रशिक्षण अधीक्षक रवि कपूर, डीईओ संदीप, धर्म सिंह, मीनाक्षी, वाहन चालक विमल पंवार, रोहित डिमरी, अनुज गिरी, सुनील भाई, राजवीर, सुभाष, लोकेंद्र, विवेक, रविंदर आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे ।



# पेट्रोल-डीजल में बढ़ोत्तरी

जैसीकि आशंका थी तेल विपणन कंपनियों ने शुक्रवार को पेट्रोल और डीजल की कीमतों में तीन-तीन रुपये की बढ़ोतरी कर दी है। इनके साथ ही राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली और आसपास के शहरों में गैस की आपूर्ति करने वाली इंद्रप्रस्थ गैस लि. ने सीएनजी के दाम दो रुपये प्रति किलो बढ़ाने की घोषणा की है। अब दिल्ली में एक किलो सीएनजी 79.09 रुपये में मिलेगा। कांग्रेस ने पेट्रोल, डीजल और सीएनजी के दाम बढ़ाए जाने को लेकर पीएम मोदी पर तीखा हमला बोला और आरोप लगाया कि चुनाव खत्म होते ही उनकी सरकार ने जनता से वसूली शुरू कर दी है। अपने आधिकारिक सोशल मीडिया पेज पर कांग्रेस ने लिखा है कि महंगाई मैन मोदी ने आज फिर जनता पर हंटर चलाया। पेट्रोल-डीजल तीन-तीन रुपये महंगा कर दिया गया वहीं सीएनजी के दाम भी दो रुपये बढ़ा दिए गए। कांग्रेस ने इसको मोदी की वसूली शुरू करने की बात कही है और कहा है कि कांग्रेस को पहले से ही पता था कि चुनाव खत्म होने के बाद सरकार जनता के साथ यही सलूक करने जा रही है। कांग्रेस का मानना है कि सरकार महंगाई नियंत्रित करने में विफल है और आम जनता पर बोझ बढ़ाया जा रहा है। इसमें कोई दोराय नहीं कि जब डीजल व पेट्रोल के दाम बढ़ाए जाते हैं, तो उसी के अनुपात में महंगाई में भी इजाफा होता है। जाहिर है ऐसे में इस बात से इन्कार नहीं किया जा सकता कि महंगाई की मार से पहले ही जूझ रही जनता को राहत मिलने के बजाए और मुश्किलों की ओर धकेला जा रहा है। हालांकि सरकार कह सकती है कि यह सब इसलिए करना पड़ रहा है, क्योंकि पश्चिम एशिया में संकट के कारण देश के भीतर ऊर्जा की आपूर्ति सुचारू रूप से चलाने के लिए दिक्कत आ रही है और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पेट्रोल डीजल के दाम बढ़ रहे हैं। हालांकि इसकी आशंका पहले से ही थी। लोग ही यह मानकर चल रहे थे कि चुनाव के कारण ही अभी सरकार खामोश है, जैसे ही चुनाव समाप्त होंगे, वैसे ही गैस तेल के दामों में बढ़ोतरी देखने में आएगी। चार मई को पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव के परिणाम आने के बाद से ही सरकार ने व्यापारिक गैस सिलेंडरों पर एक हजार रुपये का दाम बढ़ाकर साफ संकेत दे दिया था कि यह सिलसिला रुकने वाला नहीं है, क्योंकि व्यापारिक गैस सिलेंडरों पर ही नहीं छोटे गैस सिलेंडरों पर भी ढाई सौ से अधिक रुपये बढ़ाए गए थे। इस बात से भी कोई इन्कार नहीं कर सकता कि प. एशिया में इस समय बड़ा संकट है और होर्मुज स्ट्रेट के बंद होने से यह संकट और गहरा हो गया है। इसको खुलवाने की अब तक तमाम कोशिशें नाकाम साबित होती दिखाई दे रही हैं, क्योंकि अमेरिका और ईरान के बीच भले ही इस समय भी युद्ध विराम जारी हो, लेकिन इसके टूटने पर बराबर तलवार लटक रही है। इससे यह भी संकेत मिलता है कि आने वाला समय और भी मुश्किलभरा हो सकता है।

## मोदी की अपील से ज्वेलरी क्षेत्र पर संकट



पीएम मोदी की ओर से सोने के गहने नहीं खरीदने की अपील तथा सरकार के सोने और चांदी पर आयात शुल्क छह प्रतिशत से बढ़ाकर 15 प्रतिशत करने से ज्वेलरी क्षेत्र पर गंभीर संकट आ गया है, इससे 3.5 करोड़ से अधिक सुनारों, स्वर्णकारों, दुकानदारों, व्यापारियों, कारीगरों और कामगारों की आजीविका प्रभावित होने वाली है, देश में स्वर्ण आभूषण सांस्कृतिक, सामाजिक और धार्मिक परंपराओं का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं और करोड़ों महिलाओं के लिए आर्थिक सुरक्षा का माध्यम भी हैं, यह देश में 90 प्रतिशत से अधिक ज्वेलरी कारोबार एमएसएमई क्षेत्र से जुड़ा है, जिससे करोड़ों लोगों की रोजी-रोटी चलती है, सोने के गहने नहीं खरीदने की सलाह और आयात शुल्क में बढ़ोतरी से ज्वेलरी कारोबार पर दोहरी मार पड़ेगी तथा इससे तस्करी बढ़ने की आशंका भी है। **-रणदीप सिंह सुरजेवाला, कांग्रेस महासचिव**

# नदी नहीं, अपनी संस्कृति और आने वाली पीढ़ियों को बचा रहे हैं श्रमवीर



**प्रो. आर.के. जैन**

**जब समाज स्वयं प्रकृति के संरक्षण का संकल्प उठा लेता है, तब जनशक्ति परिवर्तन का सबसे बड़ा माध्यम बन जाती है। ग्राम सेवा समिति भोपाल के नेतृत्व में चल रहे इस अभियान में अनेक सामाजिक और शैक्षणिक संस्थाओं की प्रेरक सहभागिता दिखाई दे रही है। बेतवा बिरादरी विदिशा, नमन सेवा समिति बैतूल, युवा फाउंडेशन भोपाल, गांधी भवन, सप्रे संग्रहालय, एनजीओ पाठशाला, स्कूल ऑफ प्लानिंग एंड आर्किटेक्चर तथा मैनिट सहित अनेक संस्थाएं सक्रिय रूप से श्रमदान कर रही हैं। यह सहभागिता सिद्ध करती है कि पर्यावरण संरक्षण केवल शासन का दायित्व नहीं, बल्कि पूरे समाज का सामूहिक धर्म है। यहां औपचारिकता नहीं, बल्कि मिट्टी और नदी के प्रति आत्मीय समर्पण दिखाई देता है। यही भावना इस अभियान को जनभागीदारी से जनआंदोलन में परिवर्तित कर चुकी है। जब वृद्ध हाथों का अनुभव और युवाओं का उत्साह एक साथ मिट्टी से जुड़ता है, तब परिवर्तन इतिहास बन जाता है।**

अनादि काल से जनजीवन, संस्कृति और सभ्यता को जीवनरस प्रदान करने वाली वेत्रवती आज पुनर्जागरण की दिव्य चेतना बनकर पुनः जाग उठी है। मध्यप्रदेश के रायसेन जिले के झिरी (कुम्हारा) गांव में स्थित पावन उद्गम क्षेत्र में 10 मई 2026 से आरम्भ श्रमदान सप्ताह-2026 केवल स्वच्छता या संरक्षण का अभियान नहीं, बल्कि मृतप्राय होती प्रकृति में नवजीवन संचारित करने का विराट लोकयज्ञ बन चुका है।

उपेक्षा, अतिक्रमण, मलबा संचयन और परिवर्तित ऋतुचक्र के प्रहारों से आहत इस तपोभूमि को पुनर्जीवित करने हेतु जनसामान्य प्रखर धूप में भी फावड़ा, टोकरी और अटूट संकल्प के साथ निरंतर श्रमरत है। यह प्रेरक दृश्य उद्घोष कर रहा है कि जब सामूहिक चेतना जागृत होती है, तब सूखी धाराएं भी पुनः अमृतधारा बनकर प्रवाहित होने लगती हैं। यह महाअभियान केवल जलसंरक्षण का प्रयास नहीं, बल्कि भावी पीढ़ियों के सुरक्षित अस्तित्व, प्रकृति-संतुलन और जीवनमूल्यों के संरक्षण का सुदृढ़ आधार निर्मित कर रहा है। सूखी पड़ती जीवनधारा को पुनर्जीवित करने का जो संकल्प गत वर्ष जागा, वही आज इस महाअभियान की सबसे बड़ी शक्ति है। स्थानीय नागरिकों, पर्यावरण साधकों और सामाजिक संगठनों के श्रम से उद्गम क्षेत्र में 55 लघु चेक डैम/अवरोधक बांध निर्मित किए गए। आरम्भ में यह कार्य असंभव प्रतीत होता था, किंतु सामूहिक संकल्प ने इसे संभव कर दिखाया। इन अवरोध बांधों के कारण बेतवा उद्गम लगभग छह माह तक जलमय रहा तथा जलधारा अविरल बहती रही। यह सफलता केवल निर्माणकार्य की उपलब्धि नहीं, बल्कि जागृत समाज की उत्तरदाई चेतना का प्रमाण थी। इसी प्रेरणा ने इस वर्ष के श्रमदान सप्ताह को और व्यापक बना दिया है। लोगों ने अनुभव किया कि निष्ठापूर्ण प्रयासों के आगे प्रकृति भी अपना आशीर्वाद देती है। यही विश्वास प्रतिदिन सैकड़ों श्रमसेवियों को उद्गम स्थल तक खींच ला रहा है।

जब समाज स्वयं प्रकृति के संरक्षण का संकल्प उठा लेता है, तब जनशक्ति परिवर्तन का सबसे बड़ा माध्यम बन जाती है। ग्राम सेवा समिति भोपाल के नेतृत्व में चल रहे इस अभियान में अनेक सामाजिक और शैक्षणिक संस्थाओं की प्रेरक सहभागिता दिखाई दे रही है। बेतवा बिरादरी विदिशा, नमन सेवा समिति बैतूल, युवा फाउंडेशन भोपाल, गांधी भवन, सप्रे संग्रहालय, एनजीओ पाठशाला, स्कूल ऑफ प्लानिंग एंड आर्किटेक्चर तथा मैनिट सहित अनेक संस्थाएं सक्रिय रूप से श्रमदान कर रही हैं। यह सहभागिता सिद्ध करती है कि पर्यावरण संरक्षण केवल शासन का दायित्व नहीं, बल्कि पूरे समाज का सामूहिक धर्म है। यहां औपचारिकता नहीं, बल्कि मिट्टी और नदी के प्रति आत्मीय समर्पण दिखाई देता है। यही भावना इस अभियान को जनभागीदारी से जनआंदोलन में परिवर्तित कर चुकी है। जब वृद्ध हाथों का अनुभव और युवाओं का उत्साह एक साथ मिट्टी से जुड़ता है, तब परिवर्तन इतिहास बन जाता है। इस महाअभियान में युवाओं के साथ सत्तर, पचहत्तर और अस्सी वर्ष की आयु पार कर चुके वरिष्ठजन भी अदम्य ऊर्जा से श्रमदान कर रहे हैं। प्रचंड गर्मी और कठिन श्रम के बीच उनका समर्पण युवा पीढ़ी के लिए जीवंत प्रेरणा बन गया है। सेवानिवृत्त वरिष्ठ वन अधिकारी आजाद सिंह डबास, कौशलेंद्र सिंह सहित अनेक अनुभवी पर्यावरण साधकों की उपस्थिति ने अभियान को दिशा और निरंतरता प्रदान की है। उन्होंने सिद्ध कर दिया कि प्रकृति के प्रति दायित्व की कोई आयु-सीमा नहीं होती। पीढ़ियों के इस संगम ने यह संदेश भी दिया है कि जब अनुभव और युवा शक्ति साथ खड़े होते हैं, तब जनसंकल्प अजेय बन जाता है। जब कोई व्यक्ति अपना अनुभव समाज और प्रकृति के पुनर्जागरण को समर्पित कर देता है, तब अभियान जनआस्था बन जाता है। डॉ. आर. के पालीवाल इस महाअभियान की वही प्रेरक शक्ति हैं। मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ के पूर्व प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त रहे डॉ. पालीवाल ने प्रशासनिक जीवन के पश्चात प्रकृति संरक्षण को अपना जीवनसंकल्प बना लिया। उनका श्रम, नेतृत्व और समर्पण अभियान को नई ऊंचाइयों तक पहुंचा रहा है। वे केवल आह्वान नहीं करते, बल्कि स्वयं फावड़ा उठाकर श्रमदान करते हैं। उनका मानना है कि नदियों की रक्षा केवल पर्यावरण नहीं, बल्कि मानव सभ्यता की रक्षा है। उनके नेतृत्व में यह प्रयास श्रमदान से आगे बढ़कर पर्यावरणीय जनचेतना का आंदोलन बन चुका है। उनका जीवन संदेश देता है कि सेवानिवृत्ति अंत नहीं, बल्कि लोकसेवा का नया अध्याय है।

तपती धूप और कठिन परिस्थितियां भी श्रमसेवियों के उत्साह को डिगा नहीं सकीं। लगभग एक दर्जन समर्पित कार्यकर्ता प्रतिदिन सुबह आठ बजे से निरंतर श्रम में जुटे रहे। गत वर्ष निर्मित 55 अवरोध बांधों की मरम्मत के साथ 30 से अधिक नए अवरोध बांध भी तैयार किए जा चुके हैं। अभियान की सबसे बड़ी उपलब्धि उस सर्वोच्च पार्वती कुंड का पुनर्जीवन है, जो वर्षों से आठ फीट मलबे में दबा पड़ा था। आज उसी कुंड में एक फीट से अधिक निर्मल जल संचित है, जो वन्य जीवों के लिए जीवनस्रोत बन रहा है। ए उपलब्धियां श्रमसेवियों के समर्पण की सशक्त गवाही हैं और सिद्ध करती हैं कि सामूहिक श्रम से असंभव परिवर्तन भी संभव हो जाते हैं। बेतवा उद्गम से उठी यह चेतना अब जनजागरण की व्यापक धारा बन चुकी है। स्थानीय सीमाओं से निकलकर यह अभियान दूर-दूर तक लोगों को प्रकृति संरक्षण के लिए प्रेरित कर रहा है। यह केवल समस्याओं का वर्णन नहीं, बल्कि समाधान का सशक्त उदाहरण प्रस्तुत कर रहा है। जो लोग प्रकृति को मात्र उपभोग का साधन मानते थे, उनके लिए यह अभियान स्पष्ट संदेश है कि प्रकृति की रक्षा केवल शब्दों से नहीं, बल्कि श्रम, समय और संवेदना के समर्पण से होती है। जलसंरक्षण के यह प्रयास भविष्य के गहराते जलसंकट के विरुद्ध मजबूत आधार बन सकते हैं।

सूखती नदियां केवल जल का संकट नहीं, बल्कि भविष्य के अस्तित्व का चेतावनी संकेत हैं। बेतवा उद्गम पर चल रहा यह श्रमदान सप्ताह किसी एक नदी के पुनर्जीवन तक सीमित नहीं, बल्कि प्रकृति के प्रति राष्ट्रीय उत्तरदायित्व का सशक्त आह्वान है। समय अब केवल नारों और शब्दों का नहीं, बल्कि धरती के लिए श्रम और समर्पण का है। एक फावड़ा, कुछ पल का श्रम और संरक्षण का संकल्पकृयही सुरक्षित भविष्य की वास्तविक पूंजी है। बेतवा पुनर्जीवन का यह महाअभियान सिद्ध कर रहा है कि जब समाज प्रकृति के पक्ष में खड़ा होता है, तब सूखी धरती भी पुनः जीवन से भर उठती है।

# साल दर साल घातक होता डेंगू का प्रकोप

> जब वायरस शरीर की प्रतिरोधक क्षमता पर हमला करता है तो यह रक्त में प्लेटलेट्स की संख्या को कम कर देता है, जिससे शरीर के अंदर रक्तस्राव शुरू हो सकता है। यदि समय रहते उचित इलाज न मिले तो रक्तचाप गिरने लगता है और किडनी, लीवर, फेफड़े जैसे महत्वपूर्ण अंगों का कार्य रुक सकता है, जिससे रोगी की मृत्यु तक हो सकती है। डेंगू के कई मरीजों में अब यह देखा गया है कि बीमारी तेजी से शरीर के आंतरिक अंगों को प्रभावित करती है।



**योगेश कुमार गोयल**

डेंगू के बढ़ते खतरों को देखते हुए लोगों में जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा प्रतिवर्ष 16 मई को 'राष्ट्रीय डेंगू दिवस' मनाया जाता है। डेंगू एक ऐसी बीमारी है, जो अब केवल किसी एक क्षेत्र या मौसम तक सीमित नहीं रही बल्कि साल-दर-साल अपने प्रसार को व्यापक बनाती जा रही है। यह वैश्विक स्वास्थ्य संकट का रूप ले चुका है, जो किसी भी देश की स्वास्थ्य व्यवस्था को चुनौती देने की क्षमता रखता है। डेंगू का प्रकोप केवल इसके द्वारा फैलने वाले संक्रमण के कारण नहीं बल्कि इसके स्वरूपों में आ रहे बदलाव और मच्छरों की बढ़ती प्रतिरोधक क्षमता के कारण भी अधिक खतरनाक होता जा रहा है। भारत में डेंगू का असर काफी व्यापक है और समय के साथ इसके मामलों में तेजी से वृद्धि हुई है। इसका मुख्य कारण यह है कि शहरीकरण, जनसंख्या वृद्धि और पर्यावरणीय बदलावों ने एडीज मच्छरों के लिए अनुकूल परिस्थितियां उत्पन्न कर दी हैं। साफ पानी की छोटी-छोटी जमा हुई जगहों में ए मच्छर पनपते हैं और तेजी से प्रजनन करते हैं। यही कारण है कि मानसून आने से पहले ही सरकार द्वारा डेंगू के प्रति जागरूकता अभियान चलाए जाते हैं ताकि लोग समय रहते सतर्क हो जाएं। हाल के वर्षों में वैज्ञानिकों ने पाया है कि डेंगू वायरस अब पहले से अधिक जटिल हो गया है। वायरस के बदलते स्वरूपों ने टीका विकसित करने की दिशा में नई चुनौतियां खड़ी कर दी हैं क्योंकि जो टीके पुराने वायरस स्ट्रेनों के आधार पर विकसित किए गए थे, वे अब नए स्वरूपों पर प्रभावी नहीं हैं। मौसम परिवर्तन और जलवायु परिवर्तन भी डेंगू के प्रसार में बड़ी भूमिका निभा रहे हैं। जैसे-जैसे तापमान बढ़ता है और वर्षा अधिक होती है, वैसे-वैसे मच्छरों को प्रजनन के लिए अनुकूल वातावरण मिलता है। एंटीबायोटिक दवाओं के अत्यधिक उपयोग के कारण मच्छरों ने अपनी प्रतिरोधक क्षमता बढ़ा ली है और अब वे पहले से अधिक जटिल बन चुके हैं। डेंगू के गंभीर मामलों में रोगी की स्थिति तेजी से बिगड़ सकती है।

जब वायरस शरीर की प्रतिरोधक क्षमता पर हमला करता है तो यह रक्त में प्लेटलेट्स की संख्या को कम कर देता है, जिससे शरीर के अंदर रक्तस्राव शुरू हो सकता है। यदि समय रहते उचित इलाज न मिले तो रक्तचाप गिरने लगता है और किडनी, लीवर, फेफड़े जैसे महत्वपूर्ण अंगों का कार्य रुक सकता है, जिससे रोगी की मृत्यु तक हो सकती है। डेंगू के कई मरीजों में अब यह देखा गया है कि बीमारी तेजी से शरीर के आंतरिक अंगों को प्रभावित करती है। पहले जहां डेंगू के गंभीर लक्षण 15-20 दिनों के भीतर सामने आते थे, वहीं अब यह केवल एक सप्ताह में ही किडनी, लीवर और आंतों को नुकसान पहुंचाने लगता है। कई बार यह संक्रमण इतना गंभीर हो जाता है कि अंगों की कार्यप्रणाली रुक जाती है और रोगी की जान पर बन आती है। कुछ मामलों में तो डेंगू और मलेरिया एक साथ होने के कारण स्थिति और भी गंभीर हो जाती है। दोनों बीमारियों के लक्षण मिल जाने से मस्तिष्क, किडनी और फेफड़ों तक पर असर पड़ सकता है। डेंगू एक वायरल संक्रमण है, जो विशेष प्रकार के मच्छर, विशेषकर एडीज एजिप्टी द्वारा फैलता है। यह मच्छर सामान्यतः दिन के समय काटता है और साफ पानी में पनपता है। डेंगू संक्रमण के प्रारंभिक लक्षणों में तेज बुखार, सिरदर्द, मांसपेशियों और जोड़ों में दर्द, त्वचा पर चकत्ते, कमजोरी, उल्टी, और भूख न लगना शामिल होते हैं। हालांकि समय के साथ इन लक्षणों में भी बदलाव देखा गया है। अब कई मरीज ऐसे भी सामने आते हैं, जिनमें बुखार या सिरदर्द जैसे पारंपरिक लक्षण नहीं दिखते और केवल कमजोरी या प्लेटलेट्स की कमी से उनकी पहचान होती है। यह बदलाव डेंगू वायरस के नए स्ट्रेनों और स्वरूपों की वजह से हो रहे हैं, जो लगातार अपने स्वरूपों को बदलकर खुद को अधिक प्रभावी और खतरनाक बना रहे हैं। डेंगू से बचाव के लिए स्वच्छता बनाए रखना बेहद जरूरी है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# दरगाह-ए-आलिया नजफ-ए-हिन्द आज भी है एकता की मिसाल


दरगाह-ए-आलिया नजफ-ए-हिन्द जोगीपुरा भारत की अहम दरगाहों में से एक है। इसकी अहमियत तब ओर भी बढ़ जाती है, जब इसे नजफ-ए-हिन्द के खिताब से नवाजा जाए। इसमें जरा भी शक नहीं है कि इस जगह मुश्किल कुशा हजरत अली के कदम आए हैं। इसी वजह से इस जगह से न सिर्फ लोगों की मन्नतें और मुरादें पूरी होती हैं, बल्कि ऐसे-ऐसे काम बने हैं, जो मुमकिन नहीं थे।

## जोगीपुरा कैसे पहुंचे

जोगीपुरा उत्तर प्रदेश के जिला बिजनौर के नजीबाबाद में स्थित है। नजीबाबाद रेलवे स्टेशन से जोगीपुरा दरगाह की दूरी मात्र 12 किमी है। जोगीपुरा एक छोटा सा गांव है। सड़क के किनारे लोग बसे हुए हैं। इस गांव से एक मील की दूरी पर रायपुर सादात है। बादशाह शाहजहां के दीवान सैयद सलाउद्दीन इसी गांव के रहने वाले थे। सैयद राजू उन्हीं के बेटे थे, जिनके जमाने में जोगीपुरा में चमत्कार (मौअज्जा) हुआ। आज से लगभग 400 साल पहले यह बाग जंगलों से घिरा था। दरगाह के उत्तर में आज भी पहाड़ नजर आता है।

## करिश्मा क्यों हुआ

इस बाग और जंगल की किस्मत उस समय चमकी जब इस भारत की जमीन पर हजरत अली अपने चाहने वाले से मिलने के लिए आए। इतना ही नहीं, बल्कि उन्होंने यह भी कहा कि यह जगह हमें पसंद आ गई है। यहां रोजा बनाओ, जो नहीं जानते, वे जान लें कि हजरत अली आखिरी पैगम्बर हजरत मुहम्मद मुस्तफा (स.अ.) के वली उत्तराधिकारी, शियो के इमाम, सुन्नियों के चौथे खलीफा, रसूल की बेटी जनाबे फातिमा ज़हरा के शोहर का नाम है। इराक के शहर नजफ में हजरत अली की कब्र है। हजरत अली भारत के जोगीपुरा में कैसे और क्यों आए। यह सवाल उठा रहा हूं, ताकि लोगों को इस जगह का महत्व पता चल सके। हजरत अली हर उस व्यक्ति की मदद के लिए आए, जो उन्हें पुकारता है। भले ही वह किसी भी धर्म का हो। अब फिर सवाल उठता है कि हजरत अली को किसकी मदद के लिए आना पड़ा। सन 1657 की बात है अपने बाप शाहजहां को कैद करने के बाद औरंगजेब ने अपने को बादशाह घोषित कर दिया, अपने पिता शाहजहां के वफादार कर्मचारियों और सिपाहियों को ढूंढ-ढूंढकर कत्ल करवा रहा था, उन्हीं में एक सैयद राजू भी थे, सैयद राजू को डर था कि औरंगजेब उन्हें नहीं छोड़ेगा वह उन्हें तलाश कर जरूर कत्ल करवाएगा, चूंकि सैयद राजू हजरत अली की शक्ति और ताकत जानते थे। इसलिए वह अपने गांव जोगीपुरा के पास के जंगल में आ गए। कोई देख न सके इसलिए वह पेड़ पर बैठ जाते और 'या अली अदरिकिनी' यानि या अली मदद करो पढ़ते रहे। अंधेरा हो जाता, जो छिपकर अपने घर आ जाते और वहां भी हजरत अली से मदद मांगते रहते। काफी दिन बीत गए थे, लेकिन उनके दिल से यह डर नहीं निकल पाया था कि औरंगजेब उनका कत्ल नहीं कराएगा वह रोजाना सवेरे इसी जंगल में आ जाते और दिल से पुकारते। नमाज में औरंगजेब के शर से बचाने की दुआएं मांगते। 'नादे अली' पढ़ा करते। सैयद राजू ने यह तय कर लिया था कि हजरत अली ही उन्हें औरंगजेब के हाथों कत्ल होने से बचा सकते हैं। इसलिए वह सोते-जागते हर दम हजरत अली को पुकारते ही रहे। एक दिन सैयद राजू की तबियत कुछ खराब हुई। वह इस हालत में नहीं थे कि जंगल में जा सकें। इसलिए उन्होंने अपने पहरेदारों को लगा दिया कि कहीं से भी कोई आए, फौरन सूचना दें, ताकि जान बचाई जा सके। हर आदमी सतर्क और चौकन्ना था। उस दिन गांव का एक बूढ़ा ब्राह्मण इसी जगह से घास काट रहा था, जिस जगह आज हजरत अली को रोजा है। घास काटते-काटते इस ब्राह्मण के कानों में घोड़े की आवाज सुनाई दी। ब्राह्मण चौंका इधर-उधर देखने लगा। उसे लगा कि आज कोई मुसीबत सिर पर आ गई है। उसने इरादा किया कि चल कर किसी तरह सैयद राजू को खतरे की सूचना दी जाए। अभी वह अपनी जगह से उठा ही था कि दो घुड़सवार उसके सामने आ गए उन्हें देखकर ब्राह्मण की हालत खराब हो गई। घुड़सवारों ने उसकी तरफ इशारा करके कहा कि मेरे सरदार तुम्हें बुला रहे हैं। घुड़सवार ब्राह्मण को सरदार के पास ले गए। सरदार ने ब्राह्मण से सवाल किया कि तुम मांगने की क्या सोच रहे हो। यह सवाल सुनकर ब्राह्मण सकपका रह गया और बहाना बनाना चाहा, मगर सरदार ने ब्राह्मण से कहा कि डरो नहीं औरंगजेब का लश्कर नहीं है। हम सैयद राजू की मदद करने वाले हैं। घराबाओ नहीं फौरन जाओ और सैयद राजू से कहो कि जिसको तुम रात-दिन पुकारते हो, वह आज आए हैं। यह भी कह देना कि यह जगह हमें पसंद आई है तुम यहां हमारे नाम से एक रोजा बनाना। बूढ़े ब्राह्मण ने सरदार के हुक्म को सुनकर इतना कहा कि मेरी आंखों में रोशनी कम है, इसलिए मैं सैयद राजू के पास जल्दी नहीं पहुंच सकता। सरकार ने कहा कि तुम आंख बंद करो और थोड़ी देर में आंखें खोली, तो रोशनी सही हो चुकी थी। यह देख ब्राह्मण सैयद राजू को बुलाने के लिए उनके मकान की तरफ भागा और सारा हाल सैयद राजू को बताया। सैयद राजू यह सुनकर समझ गए कि कौन आया है। हजरत अली का नाम लेते हुए वह जंगल की तरफ भागे। उन्हें भागते देखकर उनके चाहने वाले भी उनके पीछे भागने लगे। सैयद राजू ने लोगों को मना किया पर लोग नहीं माने। आखिर सैयद राजू अब उस जगह पहुंचे, तो उन्हें वहां कोई नकाबपोश नजर नहीं आया। सैयद राजू को उस जगह घोड़े की टाप के निशान और घोड़े के मुंह से निकला झाग दिखा ई दियां वह इस जगह बैठकर बहुत देर तक रोए। घोड़े की टाप के निशान को सुरक्षित कर लिया। चौकी के इर्द-गिर्द रोजा बनवाया गया।



### कौन थे सैयद राजू

**सैयद राजू जोगीपुरा के रईस सलाउद्दीन के बेटे थे, उनके इंतकाल के बाद बादशाह ने उनके पुत्र सैयद राजू को उनकी जगह नियुक्त कर लिया था।**

### मजलिस का आगाज


**हर साल की तरह इस साल भी चार दिवसीय मजलिस 21 मई से शुरू होकर 24 मई 2026 तक चलेगी, जिसमें देश-विदेश से लाखों जायरीन आएंगे, दरगाह के प्रशासक मौलाना शबाब नकवी ने बताया कि चार दिवसीय मजलिसों से पूर्व जायरीनों के लिए सभी इंतेजाम पूरे कर लिए जाएंगे।**

## रोजे की तामीर

जंगल में रोजे का निर्माण करना आसान काम नहीं था, लेकिन यह काम हजरत अली की मदद से बड़ी आसानी से हो गया। रोजे के निर्माण का काम कब शुरू हुआ। इस बारे में कोई तारीख नहीं मिलती। इस जगह पर और खुदाई की गई, तो पानी का चश्मा निकला। इस पानी से मरीजों को शिफा मिलती है। इस चश्मे का पानी हल्का मीठा है।

**(लेखक शाह टाइम्स के सीनियर जर्नलिस्ट हैं)**

सुझाव के लिए व्हाट्सएप नंबर- 9837776610
email - ziaabbaszaidist gmail.com



जिया अब्बास ज़ैदी



जम्मू-कश्मीर। वैश्विक कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों के बीच पेट्रोल और डीजल की कीमतों में चार साल से अधिक समय में पहली बार 3 रुपये लीटर की बढ़ोतरी के बाद पेट्रोल पंप पर यात्री।

## रूस-भारत रूसी पेट्रोलियम पदार्थों की आपूर्ति बढ़ाने को प्रतिबद्ध: लावरोव

**नई दिल्ली।** रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने शुक्रवार को कहा कि रूसी पेट्रोलियम पदार्थों की आपूर्ति बढ़ाने के लिए रूस और भारत पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। लावरोव ने ब्रिक्स देशों की बैठक के बाद अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट पर वीडियो साझा करते हुए बताया कि दोनों देश पेट्रोलियम पदार्थों, उर्वरकों की आपूर्ति बढ़ाने और शांतिपूर्ण परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र में सहयोग को बढ़ावा देने के इच्छुक हैं। इसके साथ ही, भारत में परमाणु ऊर्जा संयंत्र के अतिरिक्त ब्लॉकों के निर्माण और व्यापार-निवेश सहयोग पर भी विस्तृत चर्चा हुई है। रूसी विदेश मंत्री ने कहा कि दोनों देशों के बीच सैन्य और तकनीकी सहयोग हमेशा की तरह उच्च स्तर पर है।

# मिसाइल भंडार के घटने से अमेरिका चिंतित

## भारी मात्रा में क्रूज मिसाइलों एवं हाइपसोनिक मिसाइलों के निर्माण को पहल शुरू की



■ अधिकारी इस कार्यक्रम को पांच वर्षों में लगभग 12000 मिसाइलों की आपूर्ति के लिए अतिरिक्त धन की मांग कर रहे हैं

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने कई संघर्षों में हथियारों के भारी इस्तेमाल के बाद गंभीर रूप से घट रहे मिसाइल भंडार को फिर से भरने के लिए व्यापक पहल की शुरुआत की है जिसके तहत 10000 से अधिक सस्ते क्रूज मिसाइलों और लगभग 12000 सस्ते हाइप. रसोनिक हथियार हासिल करने के प्रयासों की घोषणा की गई है। इस योजना की घोषणा ऐसे समय में की गई है, जब यूक्रेन और इजरायल को बड़े पैमाने पर सैन्य सहायता देने के साथ-साथ 2025 और 2026 में ईरान में प्रत्यक्ष सैन्य अभियान चलाने के बाद अमे. रिकी सैन्य आपूर्ति बहुत कम हो गई है।

युद्ध विभाग के अनुसार, 'लो-कॉस्ट कंटेनराइज्ड मिसाइल्स' (एलसीसीएम) नामक एक नए कार्यक्रम के तहत एंडुरिल इंडस्ट्रीज, लेइडॉस, कोएस्पायर और ज़ोन 5 टेक्नोलॉजीज के साथ रूपरेखा समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए हैं। युद्ध विभाग ने हालांकि इस बारे में बहुत कम तकनीकी विवरण दिए हैं कि 'कंटेनराइज्ड' मिसाइलों का वास्तव में क्या अर्थ है, लेकिन एंडुरिल द्वारा जारी सूचना के अनुसार इन मिसाइलों को शिपिंग कंटेनरों जैसे दिखने वाले बक्सों से लॉन्च करते हुए दिखाया गया है। इस सूचना ने व्यापक ध्यान आकर्षित किया है क्योंकि ऐसी प्रणालियों को सैद्धांतिक रूप से नागरिक मालवाहक जहाजों पर छिपाया जा सकता है या पारंपरिक सैन्य बुनियादी ढांचे के बिना तेजी से तैनात किया जा सकता है। चारों कंपनियों के जून की शुरुआत में परीक्षण मिसाइलों की डिलीवरी शुरू करने की उम्मीद है। एंडुरिल ने कहा कि उसका इरादा अपनी बाराकुडा-500एम क्रूज मिसाइल की आपूर्ति करने का है। लेइडॉस ने पुष्टि की है कि वह कार्यक्रम के लिए अपने एजीएम-190ए स्मॉल क्रूज मिसाइल डिजाइन को एक बड़े संस्करण में बदलेगी। कोएस्पायर और ज़ोन 5 पहले से ही अमेरिकी वायु सेना की 'एक्सटेंडेड रेंज अटैक म्यूनिशन' पहल में शामिल थे, जिसे 2024 में रूस के खिलाफ यूक्रेन के युद्ध प्रयासों का समर्थन करने के लिए शुरू किया गया था। एक अलग समझौते में, युद्ध विभाग ने अगले दो वर्षों में कम से कम 500 ब्लैकबियर्ड हाइपरसोनिक मिसाइलों की खरीद के लिए स्टार्टअप कैस्टेलियन के साथ एक सौदे की घोषणा की। अधिकारी इस कार्यक्रम को पांच वर्षों में लगभग 12,000 मिसाइलों की आपूर्ति के लिए अतिरिक्त धन की मांग कर रहे हैं। ब्लैकबियर्ड प्रणाली को एम142 एचआईएमआरएस प्लेटफॉर्म या वर्तमान में विचाराधीन मानवरहित लॉन्चरों से लॉन्च करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। यह कदम अमेरिका के भीतर इस बढ़ती चिंता के बीच उठाया गया है कि आधुनिक युद्ध कितनी तेजी से उन्नत हथियारों को खत्म कर रहा है। अकेले ईरान संघर्ष के दौरान, अमे. रिका ने कथित तौर पर 1000 से अधिक टॉमहॉक क्रूज मिसाइलें, 1100 से अधिक जेएएसएसएम स्टील्थ मिसाइलें और 1200 से अधिक पैट्रियट इंटरसेप्टर दागे। सेंटर फॉर स्ट्रेटेजिक एंड इंटरनेशनल स्टडीज के स्वतंत्र आकलन के अनुसार, अमेरिका ने अब अपने प्रिसिजन अटैक मिसाइल भंडार का लगभग 45 प्रतिशत, अपने पैट्रियट भंडार का लगभग आधा और कुछ थाड इंटरसेप्टर भंडार का 50 से 80 प्रतिशत हिस्सा खत्म कर दिया है।

## संक्षिप्त समाचार

### रूस यूक्रेन ने कैदियों की अदला-बदली की

**मॉस्को/कीव।** रूस और यूक्रेन ने शुक्रवार को कैदियों की अदला-बदली की जिसमें दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के 205-205 युद्धबंदियों को रिहा किया है। रूस के रक्षा मंत्रालय के अनुसार, यूक्रेन से 205 रूसी सैनिकों को वापस लाया गया है, जबकि इसके बदले में यूक्रेनी सशस्त्र बलों के 205 जवानों को रिहा किया गया है। वापस लौटे रूसी सैनिक वर्तमान में बेलारूस में हैं, जहां उन्हें चिकित्सा और अन्य आवश्यक सहायता प्रदान की जा रही है। इसके बाद उन्हें उपचार और पुनर्वास के लिए रूस के रक्षा मंत्रालय द्वारा संचालित चिकित्सा केंद्रों में स्थानांतरित किया जाएगा।

### जापारोजे इलाके के एनर्जोडार पर हुआ बड़ा ड्रोन हमला: मेयर

**सिम्फेरोपोल।** रूस के कब्जे वाले जापोरोजे क्षेत्र के एनर्जोडार शहर में शुक्रवार तड़के एक बड़ा ड्रोन हमला हुआ। एनर्जोडार के मेयर मैक्सिम पुखोव ने जानकारी दी कि रातभर चले इस ड्रोन हमले से पेट्रोल स्टेशन, नागरिक बुनियादी ढांचों और रिहायशी इलाकों और कारों को नुकसान पहुंचा। पुखोव ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि शहर पर एक बड़ा एफपीवी ड्रोन हमला हुआ। दुश्मन ने जानबूझकर आम लोगों को निशाना बनाया। इस हमले में पेट्रोल स्टेशन, नागरिक बुनियादी ढांचों और रिहायशी इलाकों और कारों को नुकसान पहुंचा।

### बाबिल खान लगातार पांचवीं बार अपना जन्मदिन सेट पर मनाएंगे

**मुंबई।** बाबिल खान के लिए शायद सेट पर होना ही सबसे बड़ा जन्मदिन का तोहफा है। 15 मई को अपना जन्मदिन मना रहे बाबिल इस साल लगातार पांचवीं बार अपना जन्मदिन काम करते हुए बिताएंगे। यह उनके कहानी कहने के जुनून, मेहनत और अपने काम के प्रति गहरे लगाव को दर्शाता है। फिलहाल बाबिल मुंबई में अपने अगले प्रोजेक्ट के दूसरे शेड्यूल की शूटिंग कर रहे हैं और वह अपना खास दिन वहीं सेट पर कलाकारों और पूरी टीम के साथ बिताएंगे, जहां उन्हें सबसे जयादा सुकून और खुशी मिलती है।

# अमेरिका ईरान से समृद्ध यूरेनियम प्राप्त कर लेगा: ट्रम्प

## राष्ट्रपति ने कहा: ईरानी परमाणु सुविधाओं पर बमबारी दोहरा सकता है अमेरिका



■ डोनाल्ड ट्रम्प ने दावा किया: चीन नहीं चाहता ईरान परमाणु हथियार हासिल करे

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनांल्ड ट्रम्प ने विश्वास व्यक्त किया कि अमेरिका ईरान से समृद्ध यूरेनियम प्राप्त कर लेगा। गुरुवार को फॉक्स न्यूज से बात करते हुए ट्रम्प ने कहा कि हमने बम गिराए, वे सभी बम गिरे उस स्थल के ऊपर पूरा पहाड़ ढह गया उन्होंने शुरुआत में इसकी जांच की और कहा कि परमाणु 'डस्ट' तक पहुंचना असंभव है, लेकिन फिर भी मैं इसे प्राप्त करना चाहता हूं। मैं इसे हासिल करना चाहता हूं-मुझे इसे प्राप्त करके बेहतर महसूस होगा, और हम इसे प्राप्त करेंगे। ट्रम्प ने आगे कहा कि यूरेनियम तक पहुंच को असंभव बनाने के लिए अमेरिका ईरानी परमाणु सुविधाओं पर बमबारी दो. हरा सकता है। उन्होंने कहा कि मैंने उनसे ख्ईरान से, कहा है कि अगर उन्होंने ख्यूरेनियम निकालने के लिए, वहां सेना भेजी है, तो हम बस उस पर कुछ बम गिरा देंगे, और बात वहीं खत्म हो जाएगी। ट्रम्प ने कहा कि अमेरिका ईरान की उन परमाणु सुविधाओं पर चौबीसों घंटे निगरानी रख रहा है, जिन पर अमेरिकी बमबारी की गई थी। ड ट्रम्प ने कहा कि चीन नहीं चाहता कि ईरान परमाणु हथियार हासिल करे। ट्रम्प ने कहा कि मुझे नहीं लगता कि चीन भी चाहता है कि ईरान के पास परमाणु हथियार हों। उन्होंने यह भी कहा कि चीन ईरान को प्रभावित कर सकता है ताकि वह अमेरिका के साथ समझौता कर ले। ट्रम्प 13 से 15 मई तक चीन की राजकीय यात्रा पर हैं। यह यात्रा नौ वर्षों में किसी अमेरिकी नेता की चीन की पहली यात्रा है। गुरुवार को दोनों नेताओं ने वार्ता की और शुक्रवार को एक कार्य भोज निर्धारित है।

### चीन होर्मुज खोलने में मदद को तैयार: ट्रम्प

■ ईरान ने होर्मुज के लिए नए प्रोटोकाल जारी किए ब्रिक्स से अमेरिका की निंदा की अपील

**तेहरान/वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने गुरुवार को दावा किया कि चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने होर्मुज को खुला रखने में मदद की पेशकश की है। फाक्स न्यूज को दिए इंटरव्यू में ट्रम्प ने कहा कि शी जिनपिंग चाहते हैं कि अमेरिका और ईरान के बीच कोई समझौता हो जाए। ट्रम्प के मुताबिक, शी जिनपिंग ने कहा कि अगर मैं किसी तरह मदद कर सकता हूं, तो मैं मदद करना चाहूंगा। चीन बड़ी मात्रा में ईरानी तेल खरीदता है, इसलिए उसकी भी दिलचस्पी है कि होर्मुज खुला रहे। उन्होंने कहा, जो देश इतना ज्यादा तेल खरीदता है, उसका जाहिरतौर पर ईरान के साथ रिश्ता होता है। चीन चाहता है कि होर्मुज स्ट्रेट खुला रहे। वहीं, ईरान ने होर्मुज से गुजरने वाले जहाजों के लिए नए नियम लागू किए हैं। अब इस रास्ते से गुजरने वाले जहाजों को ईरान की निगरानी और मंजूरी से गुजरना पड़ रहा है।

# भारत में दोनों देशों के बीच संवाद की मांग उठाने का स्वागत: अंद्राबी

■ कहा: शांति, सुरक्षा और साझा समृद्धि को आगे बढ़ाने के लिए रचनात्मक साझेदारी और बात जरूरी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने भारत में दोनों देशों के बीच संवाद की मांग उठाने का स्वागत किया है। पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ताहिर अंद्राबी ने कहा कि शांति, सुरक्षा और साझा समृद्धि को आगे बढ़ाने के लिए रचनात्मक साझेदारी और बातचीत जरूरी हैं।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ताहिर अंद्राबी से साप्ताहिक प्रेस ब्रीफिंग के दौरान भारत के पूर्व सेना प्रमुख जनरल (सेवानिवृत्त) मनोज नरवणे की टिप्पणियों पर प्रतिक्रिया देने के लिए कहा गया था। जनरल नरवणे ने आरएसएस नेता दत्तात्रेय होसबाले के उस बयान का समर्थन किया था कि पाकिस्तान के साथ बातचीत के लिए हमेशा एक खिड़की खुली रहनी चाहिए। ताहिर अंद्राबी ने कहा कि भारत के भीतर से संवाद के लिए आवाजें उठना साफ तौर पर एक सकारात्मक विकास है। हमें उम्मीद है कि भारत की ओर से बातचीत की कोशिश होगी। हम निश्चित रूप से देखेंगे कि क्या भारत में इन आवाजों पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया आती है। हालांकि, अंद्राबी ने दोनों पक्षों के बीच बैक-चैनल संपर्क की पुष्टि या खंडन करने से इन्कार कर दिया। उन्होंने कहा कि ट्रैक टू या बैक चैनल के बारे में-खैर, मैं इसके बारे में नहीं जानता और उन पर टिप्पणी नहीं करना चाहता। अगर मैं टिप्पणी करता, तो कोई बैक चौनल नहीं होता। बैक चैनल या ट्रैक टू, नाम अपने आप में स्पष्ट है। प्रवक्ता ने इस बात पर भी जोर दिया कि पाकिस्तान का मानना है कि रचनात्मक साझेदारी और ईमानदार संवाद शांति, सुरक्षा और सभी के लिए साझा समृद्धि को आगे बढ़ाने के लिए आवश्यक हैं।


## अली अल-जैदी ने इराक के पीएम के रूप में ली शपथ

**बगदाद।** अली अल-जैदी ने इराक के नए प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली है, हालांकि गृह और रक्षा जैसे प्रमुख पदों पर सांसदों के बीच आम सहमति नहीं बन पाने के कारण उन्होंने केवल आंशिक कैबिनेट के साथ शपथ ली है। आधिकारिक इराकी समाचार एजेंसी (आईएनए) के अनुसार, प्रधानमंत्री और संसदीय विश्वास हासिल करने वाले अन्य मंत्रियों ने भी गुरुवार को पद की संवैधानिक शपथ ली और औपचारिक रूप से अपना कार्यभार संभाल लिया। प्रधानमंत्री मीडिया कार्यालय ने कहा कि प्रतिनिधि परिषद ने प्रधानमंत्री अली फालेह अल-जैदी की सरकार और उनके बजटीय कार्यक्रम को विश्वास मत देने के लिए मतदान किया। इराक में सरकार तब विश्वास मत जीतती है जब संसद उसके आधे से एक अधिक मंत्रालयों को मंजूरी दे देती है। अल-जैदी की सरकार में 23 मंत्री शामिल होने चाहिए, लेकिन इसकी रूपरेखा अभी भी अधूरी है क्योंकि प्रमुख राजनीतिक दल कई विभागों पर बात. चीत कर रहे हैं। संसद ने सत्र के दौरान 14 मंत्रियों को मंजूरी दी, लेकिन गृह और रक्षा विभागों सहित कई शेष पदों पर आम सहमति बनाने में विफल रही।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108

# इजरायल-लेबनान के बीच तीसरे दौर की वार्ता खत्म

## अमेरिका बोला: सकारात्मक रही दोनों देशों के बीच बैठक



**वाशिंगटन।** इजरायल और लेबनान के बीच शांति वार्ता का तीसरा दौर पूरा हो गया है। गुरुवार को अमेरिकी विदेश मंत्रालय में तीसरे दौर की बातचीत आठ घंटे से अधिक समय तक चली।

'जेरूसलम पोस्ट' की रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। अमेरिकी विदेश मंत्रालय के एक अधिकारी के मुताबिक, यह बातचीत 'उत्पादक और सकारात्मक' रही। दोनों देशों के प्रतिनिधि आगे की चर्चा के लिए शुक्रवार को फिर मिलेंगे। अधिकारी ने कहा, बात. चीत को आगे भी जारी रखा जाएगा और उम्मीद है कि आने वाले समय में और जानकारी साझा की जाएगी। इन वार्ताओं में अमेरिका की मध्यस्थता का नेतृत्व अमेरिका के इजरायल में राजदूत माइक हकाबी, विदेश मंत्री मार्को रुबियो के सलाहकार माइकल नीडहम और अमेरिका के लेबनान में राजदूत माइकल ईसा ने किया। इजरायल के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व अमेरिका में इजरायली राजदूत येहिएल लीटर ने किया। उनके साथ रणनीति प्रमुख ब्रिगेडियर जनरल अमीचाई लेविन, राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के एक प्रतिनिधि और वाशिंगटन में कार्यरत इजरायली सैन्य प्रतिनिधि भी शामिल थे। लेबनान के प्रतिनिधिमंडल में अमेरिका में लेबनान के पूर्व राजदूत साइमन करम, वर्तमान लेबनानी राजदूत नादा हमादे मौआवद और वाशिंगटन में लेबनान के सैन्य प्रतिनिधि शामिल थे। वार्ता से पहले एक इजरायली अधिकारी ने जेरूसलम पोस्ट को बताया था कि इन बातचीतों का मकसद समझौते के ढांचे पर और गहराई से चर्चा करना है।

## रूस के रियाज़ान में ड्रोन हमले में तीन लोगों की मौत, 12 घायल: गवर्नर

**मॉस्को।** रूस के रियाज़ान में ड्रोन हमले में तीन लोगों की मौत हो गई और बच्चों समेत 12 लोग घायल हो गए। यहां के गवर्नर पावेल मालकोव ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। मालकोव ने टेलीग्राम पर कहा कि कीव सरकार द्वारा किए गए इस आतंकवादी हमले में रियाज़ान की दो बहुमंजिला आवासीय इमारतें क्षतिग्रस्त हो गईं। ड्रोन का मलबा एक औद्योगिक परिसर में भी गिरा। दुर्भाग्य से, इस हमले में तीन लोगों की मौत हो गई और बच्चों समेत 12 लोग घायल हो गए। सभी पीड़ितों को तत्काल आवश्यक सहायता प्रदान की गई।

# भारतीय पर्यटकों के लिए कोई नई पाबंदी लागू नही की

■ नेपाल की बालेन सरकार ने दावों को किया खारिज

**काठमांडो।** नेपाल सरकार ने गुरुवार को साफ किया है कि भारतीय पर्यटकों के लिए कोई नई पाबंदी नहीं लगाई गई है। देश के पर्यटन बोर्ड ने गुरुवार को उन खबरों को पूरी तरह से झूठा और निराधार बताया, जिनमें कहा गया था कि भारतीय नागरिकों को नेपाल में प्रवेश के दौरान विभिन्न प्रतिबंधों और परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

नेपाल पर्यटन बोर्ड द्वारा जारी एक बयान में कहा गया है कि नेपाल और भारत के बीच खुली सीमा व्यवस्था और द्विपक्षीय समझ बरकरार है। दोनों देशों के बीच लंबे समय से चले आ रहे लोगों के आपसी संबंध, सांस्कृतिक संबंध और पर्यटन सहयोग में कोई बदलाव नहीं किया गया है। पर्यटन अधिकारियों ने भारतीय नागरिकों द्वारा नेपाल में प्रवेश के दौरान विभिन्न प्रतिबंधों और परेशानियों का सामना करने की मीडिया रिपोर्टों को सिरे से खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मीडिया के एक वर्ग द्वारा फैलाई जा रही इन खबरों में कोई सच्चाई नहीं है कि भारतीय नागरिकों पर वीजा, 30 दिन की समय सीमा या अन्य किसी भी प्रकार की पाबंदी लगाई गई है। इससे पहले नई दिल्ली स्थित नेपाली दूतावास ने सोशल मीडिया पर एक संदेश में कहा था कि कोई वीजा नहीं, कोई परेशानी नहीं।

देश/विदेश से एम.बी.बी.एस, एवं स्टडी वीजा के लिए सम्पर्क करें
• रशिया • जॉर्जिया • कजाखस्तान • किर्गिज़स्तान • उज्बेकिस्तान • बांग्लादेश • नेपाल • चाईना • ईरान • इजिप्ट • यू.के. • कनाडा • यू.एस.ए. और भी देशों से
Since 2010
M.B.B.S. ABROAD
अन्जुम कलीम (एम.डी.) 8384872313 9457439020
M.B.B.S./M.D.
BDS, BAMS, BUMS, BEMS
Abroad Admission & Counselling For India
•Top Govt. Universities.
•MCI, WHO Approved Universities.
•Indian Hostel & Mess Available.
•Lowest Price Packages.
•Boys/Girls Hostels Are Separates Available.
अपना एम.बी.बी.एस. 25 से 27 लाख में पूरा करें जिसमें ट्यूशन फीस, हॉस्टल फीस, खाना 3 टाईम (वेज/नॉनवेज), वीजा एक्सटेंशन, इंश्योरेंस, मेडिकल, ट्रांसपोर्टेशन, लॉन्ड्री, एफ.एम.जी. ई. कॉचिंग, 15 इंडियन बेस्ट फैकल्टी के द्वारा दी जा रही है
471 बच्चें जनवरी एफ.एम.जी.ई. एक्जाम में पास हुऐ (अन्य कोई खर्चा नहीं)
www.mbbsbijnor.com
ADD : MBBS ABROAD CONSULTANCY, MOIN KA CHAURAHA, CHAHSHIREEN JAMA MASJID, B-21, BIJNOR (U.P)

GLA UNIVERSITY
Recognised by UGC Under Section 2(f) & 12B Status
Accredited with A+ Grade by NAAC
28 Years Educational Excellence
Mathura | Greater Noida
ADMISSION OPEN 2026-27
COURSES OFFERED
B.Tech.
Computer Science & Engineering
AIML
AI and Analytics in collaboration with intel. | NEC
Electronics | Electrical | Mechanical
Civil | Biotechnology
MULTI-DISCIPLINARY EDUCATION
Engineering | Management | Commerce | Economics | Agriculture | Law | Biotechnology | Pharmacy | Education | Science & Humanities
SCHOLARSHIPS UPTO 90% FOR JEE MAIN ACHIEVERS
SCAN FOR REGISTRATION
Mathura Campus: 17km Stone, NH-44, Mathura -Delhi Road, P.O. Chaumuhan, Mathura-281406 (U.P.) India
Gr. Noida Campus: 15 A, Knowledge Park - II, Greater Noida - 201310 (U.P.) INDIA
EMPOWER YOUR GROWTH WITH GLA ONLINE | Find details at: online.gla.ac.in
+91-9027068068 Visit us: www.gla.ac.in